Apart from the steady approachment which they have made into uses formerly reserved for small tools, they are an integral, and in some cases, a fairly expensive, part of the set up of most industries, e.g., Automobiles, Aircraft, and Agricultural Implements. Not only do they confer the obvious benefits of increased control, but Machine Tool factories administer a stimulus to the Engineering industries of the area in which they are located. Invaluable in peace time in maintaining an expanding industry, during war they lend themselves readily to conversion of production to war requirements. The rapid growth of the industry and its present position in western countries implies early recognition of this fact. Many countries especially the U.S.A. are constantly experimenting with new and improved types of machine tools—more elaborate and more expensive.

There is in India evidence of effort to produce machine tools as early as 1890. Manufacture appears to have continued throughout the early years of this century. But manufacturers were few and their products were generally poor in quality. Production was mostly by factory and workshop owners to meet their own requirements. Indeed it may be said that an organised Machine Tool industry did not exist before World War II. Requirements were met mostly by imports.

With the outbreak of war, imports became difficult and the Govt. of India decided to develop the industry. In February, 1941, they passed the Machine Tool Control Order and appointed a Controller to make an inventory of machine tool production, regulate imports, improve the quality of the local product and secure for the armed forces, ordnance factories, and war industries machine tools of the best quality.

Some Suggestions.

The Board recommended that the Industry should be protected upto March, 1950 ; that, subject to certain exceptions, a protective duty of 25% ad valorem should be imposed on all imported machine tools ; that, this rate of duty should remain in force for one year, during which the machine tool controller should collect, as far as possible, information regarding c.i.f. prices of those qualities which were manufactured in India ; that, if during the period of protection any attempts were made by exporting countries to dump their products in the Indian market, a review should be made and the protective duty adjusted accordingly ; that import control on a quantitive basis should continue up to March 31, 1950 ; that, licences for imports should be issued only in respect of machine tools not manufactured in India or not manufactured in sufficient quantity to meet the

full demand within a reasonable period of time; that, for m/c tools not manufactured in India a remission of 15% duty should be made, thus reducing the effective duty to the present level of 10% ad valorem; that, all Govt and quasi-Government purchases should be of Indian made goods as far as possible; that, the Government should create a special fund for the development of the m/c tool industry and make an annual non-lapsable contribution of Rs. 10 lakhs to this fund; and that, an advisory committee consisting of representatives of manufacturers, importers, and main consumers should be set up and maintain a close touch with the various schemes of development and control.

Production.

Machine Tools manufactured in India include bench lathes, cone pulley type lathes, bench drilling machines, vertical pillar type drilling machines, shaping m/cs, slotting machine, planning m/cs, double ended tool grinders, hack sawing m/cs, machine vices, power presses, three jaw and four jaw lathe chucks, and all geared head lathes.

Of the total installed capacity there are few reliable estimates. One report has it that it has been static at Rs. 99,60,000 worth since 1947. The table shows the production for the 10 years since 1942:

Year	Quantity	Value in Rs.	Production viewed as percentage of imports
1942	273	6,07,000	10.65
1943	1,713	63,58,000	118.48
1944	2,170	77,80,000	50.95
1945	3,699	1,11,66,000	61.35
1946	2,120	91,25,000	49.79
1947	1,400	45,87,000	12.47
1948	1,691	54,72,000	1[illegible].20
1949	2,240	47,29,000	11.27
1950	1,120	29,59,060	10.67
1951	2,720	45,45,000	18.10

Demand in 1952 has been encouraging and it is hoped that production in 1952 will be higher than in 1951.

The overall position, however, is not altogether satisfactory. The industry is not yet in a position to manufacture "production and precision types" for which there is a great demand for rehabilition and extension

of essential services. Production is still confined largely to simple and primary types of machine tools and the total output even of these does not meet more than 3% of the total needs.

Sewing Machines.

The Sewing m/c Industry in India is of most recent origin. Jay Engineering Works, Ltd., Calcutta, produced their first "Usha" machine in 1937. The India Sewing Machine Manufacturing Co., Ltd., Lahore, and the Delhi Sewing m/c Co. Ltd., Delhi, began manufacture in 1938. In 1939, Messrs K. C. Mullick & Sons, Ltd., Calcutta, established a factory.

To the Industry in many ways the war was a setback which came when it hardly had time to find its feet.

Production.

There are two types of sewing machines: the Domestic and the Industrial. Domestic machines are used for stic..ing light clothing; and industrial ones for stitching heavy clothing, leather or, hosiery. Manufacture of Industrial machines has only just begun. Almost all requirements of such machines are imported.

The gap between production and demand is large. There is clearly yet scope for inve tment of more capital either in the expan ion of existing units or in the establishment of new. If new ones are to be established, it seems that units for the production of Industrial Sewing Machines would in present circumstances be the most useful.

Conclusion.

In the early years production was small and far from well organised. The war period was one of adaption to current needs, as well as in some cases, of expansion. Since peace returned, opportunities of scientific development to meet the demands of a growing market have come to be appreciated and advantage is being taken of them. A blemish, however, is lack of specialisation. Few small scale manufacturers have been able to afford the luxuries of up-to-date equipment. Fresh capital is hard to obtain.

The man power needs of the industries over the next few years are likely to increase substantially. A stable labour force has to be built up. It seems essential to increase and improve facilities for technical training, otherwise a grave shortage may develop.

It is clear that most industries are working under-capacity and will continue to do so until supplies of certain raw materials and components are regular and adequate.

Iron and steel supplies are basic and requirements tend to be specialised. The reluctance of Indian iron and steel companies to make the necessary production changes unless the orders for special steels are substantial is understandable for otherwise they might throw out of balance the production of other types.

Supplies from abroad are uncertain. Were it possible to forecast even approximately the level of military and stockpiling purchases the situation might be less obscure. Prices continue to be high. That some of the shortages are quantatively small is poor consolation. In the course of expansion new magival shortages may develop, changing sufficiency into scarcity. Thus there are limits to development programmes, though the need for expansion is urgent. Dependence on imports makes the industry's economic position somewhat precarious.

Statistics of production given illustrate development and also reflect the manufacturing difficulties involved.

Quality varies from manufacturer to manufacturer. That there has been improvement, however slow, is indisputable ; but this does not warrant complacency. Some manufacturers seem reluctant to subject their products to official tests while they are earning good profits in a sellers market. This short-sightedness is a bar to progress. Little attention has been paid to research. It is only latterly that the government has offered to help.

Active Support.

The important point about the Planning Commission's targets is that they represent a long-term view calling for active official support as well as exhortation. The fear that in terms of volume, production at the end of the period, far from being inadequate, may be in burdensome surplus does not, judged by the trend of demand, seem justified.

Although the position in some cases is confusing, by and large it seems that development of these industries in the post war period has led to a considerable reduction of imports. In seven brief but eventful years since the war the basic statistical position of many of these industries has altered considerably to India's advantage. Some have now set themselves exprot targets—a welcome development.

The Tariff Board has held inquiries from time to time ; but unfortunately there is little in the later reports to show that adequate action had been taken on the recommendations of the earlier. However, the Government has made notable efforts to instil a sense of security into the industry. Tariff protection, assistance in obtaining raw materials and components, and inspection of quality are cases in point.

In the years to come demand is likely to increase steadily. There exists a large field of potential expansion for small manufacturers, without fears of immediate competition.

Because there are so many conflicting factors any forecast of the future is liable to wide error. All that can be said in present circumstances is that the general situation seems hopeful.

DEUTERIUM

SHRI KSHATRA PATI SINGH

The study of the properties and chemical behaviour of a substance formed as the result of disintegration of radioactive elements led to the conclusion that certain elements existed which showed identical chemical properties and differed only in their atomic weights. For example, lead is formed when the metallic uranium undergoes spontaneously radioactive disintegration. Lead obtained from radioactive sources which contained Uranium found to have atomic weights that varied from 206.08 to 206.34. The atomic weights of lead determined by the Thorium mineral gave the value 207.9. The atomic weight of ordinary lead is 207.21. The two varieties of lead were said to be Isotopes.

The discovery of Isotopes immediately led to the experiments to endeavour to find out whether or not the elements, as known to chemists, consisted in each case of a mixture of Isotopes. To some extent they were successful by divising 'mass-spectrograph.'

The existence of the Isotopes of metals naturally led to the view that Isotopes of other elements might exist. The case of Hydrogen was of particular interest because it has the smallest atomic weights.

H. C. Urey, an American physical-chemist of Columbia University, attempted the isolation of the suspected new form of Hydrogen to which the symbol H^2 was first given to differentiate it from the symbol of ordinary Hydrogen H and from the molecule H_2. The method used was to allow solid Hydrogen to evaporate and to examine the spectrum of the gas from time to time. Certain lines in the spectrum appeared and increased the intensity as the evaporation proceeded. But the method was not successful in obtaining the isotope of H.

Since Hydrogen is present in water, it was thought that the latter must contain the oxide of heavy Hydrogen, which would be an undiscovered form of water. Washburn carried on the experiments on heavy water. It was found that ordinary water H_2O is broken down by electrolysis in the presence of H_2SO^4 more rapidly than in heavy water H_2O. Urey adopted this method. As the water was converted in gasses, the residual water was found to contain more and more heavy water. Finally a sample

of the latter was obtained which was practically 100% and from this heavy water pure heavy Hydrogen was separated. Heavy Hydrogen is present in water, as we know it, to the extent of 1 part in about 6,000 to 8,000 parts of the latter. Urey was awarded in 1934 Nobel Prize in Chemistry for this investigation of heavy Hydrogen.

The isolation of the two forms of Hydrogen is the first example of the complete separation of Isotopes. The method used to separate the two forms of water is based on the difference in chemical properties of these two forms. The view expressed when Isotopes were first discovered—that they possessed identical chemical properties—does not apply to Hydrogen and probably does not apply to other elements. The differences that exist in the case of Hydrogen are, no doubt, relatively great because the relationship between the weights of the two kinds of atom is great—2 to 1.

The atomic weight of heavy Isotope of Hydrogen has been determined and found to be 2.03. It is now called Deuterium to which the symbol D is given. It resembles Hydrogen closely in chemical properties and forms similar compounds with other elements.

Usually form Deuterium Oxide gaseous Deuterium D_2 is obtained by dropping the liquid on Na : $2D_2O+2Na=2NaOD+D_2$. The D_2 molecule, like the H_2 molecule exists in ortho and para forms the equilibrium mix. at room temp. being 2 ortho and 1 para. At low temp. it is almost all ortho. The D_2 content of Hydrogen gas may be found from the thermal conductivity or by mass-spectrograph. In mixtures of H_2 and D_2 and of H_2O and D_2O, exchange reactions of H and D atoms occur and hence owing to the reaction:

$$H_2+D_2 \rightleftharpoons 2HD \text{ and } H_2O+D_2O \rightleftharpoons 2HOD.$$

The molecules HD and HOD are also present.

Every Hydrogen compound could have a corresponding Deuterium compound and many have been prepared. The acid Dcl is formed from the elements and DF by the reaction $D_2+2Agf=2Ag+2DF$. "Heavy-ammonia" ND_3 is formed from D_2O and Mg_3N_2 and combines with many Salts. Deuteromethane CD_4 is obtained and Deuteroacetylene C_2D_2 is obtained from D_2O and CaC_2. The acids DNO_3, D_2SO_4, and D_3PO_4 are formed by dissolving the anhydides in D_2O. Association (e.g. DF) is greater with Deuterium compounds than with the corresponding Hydrogen compounds (e.g. HF). The dissociation pressure of deuterates and deuteramines with salts are somewhat smaller at a given temperature than those

of corresponding hydrates and amines. Other methods of separating Hydrogen and Deuterium are now being studied. One of these is based on diffusion. A chemical method of obtaining Deuterium, which is being studied, is based on the fact that when a metal such as Zn. reacts with a dilute solution of H_2SO_4, Deuterium ions $D+$, present are discharged about 1/5th as rapidly as Hydrogen ions.

The Deuterium atom contains one valence electrons. It is thought that nucleus contains 1 proton and 1 neutron. The neucleus is called Deuteron. The Deuterium nucleus or Deuteron is exactly like an ordinary one except that its atomic weight is doubled so that it would be represented by ${}_1H^2$ instead of ${}_1H^1$. This, like the neutron, looked as if it would make an excellent projection, for, inspite of its positive charge it has twice the kinetic energy mb2/2 of a porton at a given speed. Deuterons were first used to bombard other atoms, i.e., atomic disintegration in the famous cyclotron of Ernest O' Lawernce at Birkeley, California.

As we know the several kinds of projectile, used to hurl at atomic nuclei, a resume of this may be helpful. There are four of them as follows :—

Name	Origin	Charge	Approximate Atomic wts.
1. Alpha particle (helium nucleus)	Radium	+2	4
2. Protons (hydrogen nucleus)	Hydrogen atom	+1	1
3. Neutron	Atomic nuclei	0	1
4. Deuteron	Hydrogen Isotope	+1	2

In general it may be said that the last two are most widely used to-day in view of their intrinsic advantages and of the scarcity of Radium and its radioactive relatives. It has been shown that when Deuterons bombard Lithium atoms; Helium and Beryllium are formed and under the same condition Beryllium yields neutron.

Another Isotope of Hydrogen Tritium of atomic weight 3 has been discovered. It is radioactive emitting B-rays.

सेन्ट्रल हिन्दू कालेज गीत

वर दे, वीणावादिनि वर दे !
प्रिय स्वतंत्र रव अमृत-मंत्र नव भारत में भर दे !
काट अन्ध उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर ;
कलुष-भेद-तम हर प्रकाश भर जगमग जग कर दे !
नव गति, नव लय, ताल छन्द नव,
नवल कण्ठ, नव जलद-मन्द्र रव
नव नभ के नव विहग-वृन्द को नव पर, नव स्वर दे !

*सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के आदर्श

श्रद्धेय डा० भगवानदास

ॐ

कुलपति आचार्य नरेन्द्रदेव जी, अध्यापकवृन्द, प्रिय विद्यार्थीजन, कई दिन हुए, सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के, जिसको अब आर्ट्स कालेज कहते हैं, प्रिंसिपल श्री रमाशंकर त्रिपाठी जी ने मुझ से कहा कि कालेज की स्वर्ण जयंती मनाई जायगी, उसका आरंभ १३ नवंबर को तुम करो, एक व्याख्यान से, इस विषय पर कि इसकी स्थापना किन 'आइडीयल्स', आदर्शों, को सामने रखकर की गई थी। यद्यपि मैं वार्धक्य के कारण बहुत शिथिल हो रहा हूँ, तौ भी त्रिपाठी जी के निर्बंध से आज यहाँ उपस्थित हुआ हूँ।

श्रीमती डाक्टर ऐनी बेसेन्ट के नेतृत्व में जिन भारतीय और अंग्रेज़ व्यक्तियों ने इसकी नीव रक्खी, उनमें से अब अकेला मैं ही रह गया हूँ; इसलिये उपपन्न भी है कि उन आदिम आदर्शों को मैं आपको सुनाऊँ; संस्था के आरम्भ को पचपन वर्ष होते आए, आदर्श प्रायः भूल गए; उनकी स्मृति को पुनः जगाना उचित ही है।

७ जुलाई, १८९८ ई० के दिन, काशी की एक गली में, किराये के मकान में इस संस्था का आरम्भ हुआ। एंट्रेंस और उसके नीचे की एक कक्षा, जिनको अब १० वीं और ९ वीं कहते हैं, स्कूल विभाग में, और फर्स्ट इयर की एक, कालेज विभाग में खोली गईं। १३ मार्च, १८९९, को, स्कूल की दो और कक्षा, ८ वीं और ७ वीं, तथा कालेज की एक, सेकेंड इयर, बढ़ाई गईं। ६ अगस्त, १८९८, को, इलाहाबाद की युनिवर्सिटी से संस्था संबद्ध हुई। ७ मार्च, १८९९, को संकल्प पत्र (मेमोरेंडम् आफ़ ऐसोसियेशन) कलकत्ते में लिखा गया, और उसपर प्रथम श्रीमती ऐनी बेसेंट के, फिर अन्य ६ व्यक्तियों के, हस्ताक्षर हुए; परन्तु विदित हुआ कि उसका रेजिस्ट्रेशन कलकत्ते में नहीं प्रयाग में होना चाहिये। अतः १८ अप्रैल, १८९९, को इंस्पेक्टर-जेनरल आफ़ रेजिस्ट्रेशन, इलाहाबाद ने, उसका रेजिस्ट्रेशन, धर्मत्र-विधि-विधान (चैरिटेबूल एंडाउमेंट्स ऐक्ट) के नियमों के अनुसार किया।

संकल्प-पत्र में दो उद्देश्य लिखे गये, मुख्य रूप से; अन्य भी कुछ, जो इन दो के अवांतर सहकारी थे।

(a) To establish educational institutions, including boarding-houses, which shall combine moral and religious training, in accordance with Hindu Shastras, with secular education; to

*सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्वर्ण जयंती के समारोह के अवसर पर श्रद्धेय डा० भगवान दास का भाषण, ति० १३ नवम्बर, १९५२.

promote the imparting of similar religious and moral training in other educational institutions.

अर्थात् (१) छात्रावासों सहित ऐसी शिक्षा संस्थाओं का स्थापन करना जो लौकिक विषयों की शिक्षा के साथ-साथ, हिंदू शास्त्रों के अनुसार सद्धर्म और सदाचार की शिक्षा दें; (२) देश की अन्य शिक्षा संस्थाओं में ऐसी शिक्षा दिलाने का यत्न करना।

डाक्टर आर्थर रिचर्डसन अवैतनिक प्रिंसिपल हुए। उस समय सरकारी पाठशालाओं और विद्यापीठ में धर्म की शिक्षा नहीं दी जाती थी, और सन् १८९० के आसपास, उनमें फ़ीस भी सहसा बहुत बढ़ा दी गई थी, जिससे अल्पवित्त कुलों के लड़कों का अध्ययन बहुत कठिन हो गया था। इन दोनों त्रुटियों को दूर करने के विचार से इस संस्था का आरम्भ किया गया। श्री उपेन्द्रनाथ वसु, उनके छोटे भाई श्री ज्ञानेन्द्रनाथ वसु, और मेरे बड़े भाई श्री गोविंददास ने श्रीमती बेसेंट को इस कार्य में अग्रसर होने के लिए राज़ी किया।

पहिले यह विचार हुआ कि भारत में बसने वाले सभी धर्मों के अनुयायियों के बालक और युवा इसमें सर्व साधारण शाश्वत धर्म की शिक्षा पावें; अपना अपना विशेष धर्म अपने अपने घरों में सीखें। धर्म भेद से कितने घोर उपद्रव और जन-धन-संहार हुए, तथा सार्वजनिक समृद्धि में कितनी बाधा पुनः पुनः हुई, इतिहास इसका साक्षी है। यूरोप में, प्राटेस्टेंट और रोमन काथोलिक के परस्पर घोर युद्धों से, तीन शतियो में, प्रायः एक करोर मनुष्य मारे गए, सहस्रों जीते जला दिए गए, सहस्रों जीते गाड़ दिये गए, सहस्रों अंग भंग करके मारे गए। आज भी फ़िलिस्तीन आदि देशों में यहूदियों और मुसलमानों के युद्ध हो रहे है। भारत में १२०० वर्ष तक हिन्दुओं और मुसलमानों के संग्राम होते रहे, यहाँ तक कि, पांच वर्ष हुये, भारत के तीन खड हो ही गये, और अब भी यह संग्राम शांत नहीं हुआ है। आयरलैंड के भी दो खंड, उत्तरी और दक्षिणी, रोमन कैथोलिक और प्राटेस्टेंट के धर्म भेद से हुये, तथा दक्षिण भाग का ब्रिटेन से विच्छेद भी हो गया। धर्म-भेद-जनित यह सब दुर्दशा आपकी आँखों के सामने है। इसीसे, पहले, विचार हुआ कि सब धर्मों के लड़कों को वर्तमान भिन्न-भिन्न धर्मो में अनुस्यूत, साधारण शाश्वत धर्म की शिक्षा दी जावे। पर शीघ्र ही विदित हुआ, कि अन्य धर्मों के सज्जन इसके अनुकूल नहीं हैं। अतः निश्चय किया गया कि, हिन्दू नाम से कहलाने वाले धर्म और समाज में, जो सैकड़ों सम्प्रदाय और पंथ, और सहस्रों जाति-उपजाति-उपोपजातियाँ, परस्पर विद्वेषी भर गई हैं (जिन्हीं के कारण हिन्दू समाज छिन्न-भिन्न होकर, 'पर-राजों' के पैरों के नीचे १२०० वर्षों से पड़ा था), उनको यथासंभव, सर्वमान्य सद्धर्मसार सनातन धर्म की शिक्षा देकर धर्माभासों और मूढ़ग्राहों से बचाकर 'कर्मणा-वर्णः' और 'वयसाआश्रमः' के अनुसार, अध्यात्मशास्त्र, साइकालोजी, से विहित, चार मुख्य वर्णों और आश्रमों में, परस्पर-संबद्ध संगृहीत करके 'सच्चे स्वराज्य' के योग्य बनाया जाय। अंग्रेजी शब्दों में, 'to liberalise and rationalise Hindu Dharma and solidarise the Hindu people', अर्थात्, 'हिन्दू धर्म को पुनः उदार, युक्ति-युक्त, बनाया जाय, और हिन्दू समाज में संघता पुनः लाई जाय'।

इस साध्य के साधन के लिये सामग्री, उपयुक्त पुस्तकों के रूप में, अपेक्षित थीं। कालेज के निधि-पालक-मंडल (बोर्ड आफ़ ट्रस्टीज) ने एक समिति नियुक्त की और उसको आदेश किया कि एक ग्रंथ की रचना करो, जिसमें हिन्दू-धर्म का प्राचीन ऋषि-सम्मत रूप दिखाया जाय। श्रीमती बेसेंन्ट प्रधान और मैं मंत्री उस समिति के बनाये गए। सन् १९०१ में श्रीनगर, कश्मीर, में मई, जून, जुलाई, में उक्त ग्रंथ लिखा गया। सौ प्रतियाँ छापकर, उस समय के सांप्रदायिक तथा राजनीतिक हिन्दू नेताओं, तथा विख्यात पंडितों और विद्वानों, के पास भेजी गई, और प्रार्थना की गई कि जो घटाव बढ़ाव आप उचित समझें उसकी सूचना दीजिये। प्रायः बीस सज्जनो ने उत्तर भेजे। आठ अधिवेशनो में बोर्ड ने एक एक शब्द पर विचार किया; ग्रंथ का अंतिम रूप निश्चित हुआ; 'सनातन धर्म, ऐन् ऐड-वांस्ड टेक्स्ट बुक आफ् हिंदू रिलिजन ऐंड एथिक्स' के नाम से छापा गया। उसी के आधार पर, एक बहुत छोटी प्रश्नोत्तरी, 'कैटेकिज्म,' पाठशालाओं की प्राथमिक कक्षाओं के योग्य, और एक 'एलिमेंटरी,' ऊँची कक्षाओं के लिये, लिखी गई; बड़ी पुस्तक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये उपयुक्त है। 'प्रश्नोत्तरी' का अनुवाद ग्यारह-बारह प्रांतीय भाषाओं में हुआ, 'एलिमेंटरी' का भी दो-तीन में। सन् १९०६ तक तीनो की प्रायः १३०००० प्रतियाँ भारत के स्कूल कालेजों में फैल गईं। पंजाब के सब सिक्ख राजा महाराजों ने, तथा कश्मीर, बरोदा, मैसूर, ग्वालियर, बीकानेर, भावनगर, अलवर, त्रावन्कोर आदि के महाराजों ने अपने अपने राज्य की शिक्षा संस्थाओं में इन के उपयोग की आज्ञा दी, कालेज के संरक्षक, 'पेट्रन,' हुए और बहुत बड़ी-बड़ी आर्थिक सहायता प्रति वर्ष देने लगे, जिससे स्कूल, कालेज, तथा बालिका पाठशाला के बड़े-बड़े भवन बन गए। उस समय के निजाम हैदराबाद ने भी, उदार बुद्धि से, अपनी रियासत में, हिंदू लड़कों को यह पुस्तक पढ़ाने की अनुमति दे दी। संस्था का सबसे अधिक उपकार उस समय के काशी नरेश महाराज प्रभुनारायण सिंह ने किया, दो बड़े मकान और बहुत सी भूमि दी, जिनके बिना इस संस्था का आरंभ प्रायः असम्भव होता। काशी विश्वविद्यालय को भी, विविध प्रकार से, बहुत दान और सहायता दी।

इस संस्था के चौदहवें वार्षिकोत्सव में, ७ दिसम्बर, १९१२ को, महाराज प्रभुनारायण सिंह सभापति हुए, ओर उन्होंने जो भाषण किया उसके ये वाक्य सदा स्मरणीय हैं:—

"In order to benefit Hindus at large and to *leaven* the purely material education of the present day with the high ideals of Hindu Religion and Ethics, this noble and venerable lady established this College in this holy city, so that it may bring forth students nursed in worldly lore, but infused with *those high ideals without which man is little better than beast. Education is barren without ethics, and ethics has no standing without religion.* The interests of this college ought to be zealously guarded, more especially as it is going to be the nucleus of the Hindu University". अर्थात्,

"आजकाल जो केवल लौकिक विषयों की शिक्षा दी जाती है, उसके साथ समस्त हिन्दुओं के उपकार के लिये, हिन्दू धर्म के ऊँचे आदर्शों की शिक्षा देने के लिये, इन महानुभाव देवी (श्रीमती बेसेंट) ने काशी की पवित्र नगरी में इस विद्यालय की स्थापना की है, जहाँ सब विद्यार्थी, धर्म के उन तत्वों को सीखें जिनके बिना मनुष्य पशु के तुल्य रह जाता है; बिना सदाचार के विद्या ऊषरवत् है, और सदाचार की नीव एकमात्र सद्धर्म ही है। इसलिए इस विद्यालय की रक्षा और उन्नति के लिये यत्न करना चाहिये, विशेषकर इस हेतु से कि अब इसको विश्वविद्यालय का रूप धारण करना है।"

उसी उत्सव में श्रीमती बेसेंट ने कहा,

"The general feeling was against religious education. It was said there were so many divisions in Hinduism that it would cause disputes among the students. No one had tried so far to establish an institution over which should spread the *spirit* of Hindu religion. There is nothing so irrational as to say that a nation can live without religious education. I appeal to history when I say that the great public schools and colleges of England were founded by religious men".

अर्थात् "जनमत धर्म की शिक्षा के पक्ष में प्रायः नहीं था, लोग समझते थे कि हिन्दू कहलाने वाले धर्म के भीतर इतने अधिक भेद हैं कि भिन्न-भिन्न सम्प्रदाय के विद्यार्थियों में झगड़े होने का भय है। अब तक किसी ने ऐसी संस्था स्थापित करने का उद्योग नहीं किया था जिसमें हिन्दू धर्म का मर्म, उसकी आत्मा, व्याप्त हो। कोई मानव जाति बिना धार्मिक शिक्षा के जीवित रह सकती है, ऐसा समझना सद्बुद्धि और विवेक के विरुद्ध है, बड़ी भूल है। इंगलैंड के सभी बड़े स्कूलों और कालेजों की स्थापना धर्मात्मा व्यक्तियों ही ने की है, इसका साक्षी इतिहास है।"

सन् १९१५ में जब हिन्दू युनिवर्सीटी ऐक्ट पर, केन्द्रीय विधान सभा में वाद-विवाद हो रहा था, श्री मोतीलाल नेहरू जी ने मुस्किराकर पूछा "What is Hinduism? What Hinduism are you going to teach?" ("हिन्दू धर्म क्या है? कौन से हिन्दू धर्म को आप पढ़ावेंगे?" श्री मालवीय जी ने उत्तर दिया, "There is no room for question as to what Hinduism we are *going to teach*. We *have been teaching* Hinduism through these text books." "ऐसे प्रश्न के लिये स्थान ही नहीं है कि क्या पढ़ावेंगे! इन पुस्तकों के द्वारा पढ़ाते रहे हैं!"

इनकी रचना के पहिले 'हिन्दू धर्म क्या है?' इस प्रश्न का उत्तर देना बहुत कठिन था। संस्कृत के किसी धुरंधर विद्वान् पंडित से पूछिये, तब आप को इस कठिनाई का पता लगेगा। कोई एक सर्वमान्य आचार नहीं, विचार नहीं; शिखा-सूत्र कहिये, तो पवित्रतमंमन्य द्विजों के बालकों को भी मुंडन और उपनयन-संस्कार के पहिले नहीं, न सन्यासियों को;

स्त्रियों को तो सर्वथा नहीं। संस्कृत का ज्ञान ? दश सहस्र में एक को स्यात् ही। वेदों में विश्वास ? करोरों ने नाम ही नहीं सुना होगा; तथा भारतीय बौद्ध, जैन, सिख, तांत्रिक, जो सभी हिन्दू माने जाते हैं, वेदों में विश्वास नहीं करते ! ६: आस्तिक और ६: नास्तिक दर्शन प्रसिद्ध हैं, जगत् से भिन्न, जगत् के स्रष्टा, पालनकर्ता, संहर्ता, किसी ईश्वर को, आस्तिक दर्शन भी नहीं मानते; दर्शनों का शिरोमणि, अद्वैत वेदांत तो स्पष्ट ही नहीं मानता। कोई एक मंत्र नहीं, बीसियों गायत्रियां बना ली गई हैं। यहूदी, ईसाई, मुस्लिम धर्म में एक ईश्वर, एक धर्म ग्रंथ, एक धर्म प्रवर्तक में, विश्वास देख पड़ता है। विदेशी यात्री भारत में आकर हिन्दू धर्म का रूप जानना चाहते हैं; उक्त दुर्दशा को देखकर आश्चर्य, तिरस्कार, घृणा से भर जाते हैं। मिस मेयो की "मदर इंडिया" नामक पुस्तक इसका उदाहरण है। हिंदू उससे बहुत क्रुद्ध हुए; परंतु कितनी ही बातें उसने ठीक लिखीं हैं, चाहे उसकी नीयत अच्छी न रही हो, पर विचारवान् सज्जनों को उचित था कि उससे, चिकित्सक के बताए रोग के निदान का काम लेते, और दोषों को हटाने का यत्न करते। उन घोर दोषों का ही फल है कि जहाँ, १४०० वर्ष पहिले, प्रतिशत सौ हिन्दू थे, वहाँ अब पैंसठ वा उससे भी कम रह गए हैं, पच्चीस प्रतिशत से अधिक मुसलमान हो गए हैं, और अब भी होते जाते हैं, तथा दश प्रतिशत से कम ईसाई तथा अन्य धर्मावलंबी हैं। दूसरों पर, इस दुःखद परिणाम के लिये, क्रोध करना नितांत मूर्खता है; अपने दोष पहिचानना और दूर करना चाहिये। हिन्दू धर्म और हिन्दू समाज के इस क्षय को रोकने का एकमात्र उपाय यही है कि, "हिंदू" नहीं, प्रत्युत "सनातन आर्य-मानव-धर्म" का सत्य स्वरूप जनता के सामने रक्खा जाय, और अथक परिश्रम से, उसका प्रचार प्रसार किया जाय।

ऐसा स्वरूप इन पुस्तकों में दिखाया है। उसका प्रचार भी प्रायः दस वर्ष में बहुत हुआ जैसा पहिले कहा। परंतु किसी कारण से, जब से सेंट्रल हिंदू कालेज, हिंदू युनिवर्सिटी को सौंपा गया, तब से इनका उपयोग, स्वयं युनिवर्सिटी में बंद हो गया, पुस्तकों की उपेक्षा हुई; सारे देश में प्रचार सर्वथा बंद हो गया। जैसा एक अन्य भाषण में, श्रीमती बेसेंट ने कहा था, उस वार्षिकोत्सव में जो उक्त सौंपने के बाद हुआ था,

"The object of the C. H. College has been, and the object of the Hindu University will be, to combine all that is best in the cultures of the east and of the west. And it goes without saying that the essence of the culture of the east is religion, or the observance of our ancient Dharma."

"सेंट्रल हिन्दू कालेज का लक्ष्य रहा, और हिन्दू युनिवर्सिटी का लक्ष्य होगा, कि पूर्व और पश्चिम दोनों की सभ्यताओं शिष्टताओं के जो उत्तम अंश हैं उनका सम्मेलन किया जाय, और यह स्पष्ट है कि प्राचीन सभ्यता का हृदय धर्म है।" अभी इसी मास की ति. ६ को मेरे पास 'सेकेंडरी एजुकेशन कमीशन' के सदस्य आये थे। अन्य प्रश्नों के साथ उन्होंने पूछा, कि हिन्दू कालेज की क्या विशेषता थी; मैंने यही कहा, 'हिन्दू धर्म के तात्विक रुप की शिक्षा।' उसके दो दिन पीछे, ति. ४ को, एक अमेरिकन मित्र का पत्र मुझे मिला,

जिससे न्युयोर्क के 'हेरलुड्ट्राइब्युन्' नामक दैनिक के तिं. २७ अक्तूबर के अंक की कतरन थी; वह मैं आपको सुनाता हूँ।

ITHACA, N. Y., Oct. 26—Anabel Taylor Hall. Cornell University's interfaith center and World War II memorial, was dedicated to-day. Its donor, Myron C. Taylor, the president's representative at the Vatican from 1939 to 1950, called upon the religions of the world to unite "under one banner" to resist threats to peace.

"Religion" he said in his presentation address, "is the only force that can bind people together to resist evil influences and actions. Nothing but a common front with religion can save the world from catastrophe."

The English Gothic building, erected at a cost of 2,000,000 dollars is named after Mr. Taylorls wife. The names of 478 Cornell students and alumni who died in World War II are inscribed on a stone tablet in the entrance. The hall contains a chapel seating 150 which has a triangular turn-table on which are mounted two altars, one Christian and one undenominational, and an ark of the covenant to be used in Jewish services. There is an auditorium for large meetings.

अर्थात "आज ता० २६ अक्तूबर को, इथाका नामक नगरमें कार्नेल युनिवर्सिटी में, सर्व-धर्म-केन्द्र और द्वितीय विश्व-युद्ध स्मारक का उत्सर्ग हुआ। उसके दाता श्री माइरन सी टेलर, युनाइटेड़ स्टेट्स के राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रुप से, समग्र रोमन कैथलिक ईसाई सम्प्रदाय के परमधर्माचार्य जगद्गुरु पोप के पास, सन् १९३९ से १९५० ई० तक रहे। उन्होंने उस दिन अपने भाषण में संसार के सर्व धर्म-सम्प्रदायों का आमंत्रण और आवाहन किया, कि सब एक ध्वजा के नीचे एकत्र होकर जगत् की शांति को भंग करने वालों को रोकें। उन्होंने कहा कि धर्म ही वह शक्ति है जो सब मानवों को एक में प्रेम के बंधन में बाँध सकती है, और सब पापाचारों को रोक सकती है। बीस लाख डालर के (जो आज के एक्सचेंज रेट से प्राय: एक कोटि रुपयों के तुल्य हैं) व्यय से यह भवन बनाया गया है और दानी महोदय की पत्नी के नाम से "ऐनाबेल-टेलर हाल" उसका नाम रक्खा गया है। उसके प्रवेश द्वार पर बृहती शिला पर युनिवर्सिटी के उन ४७८ छात्रों के नाम उत्कीर्ण हैं, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। ईसाई, यहूदी, तथा अन्य धर्म सम्प्रदायों के लिये, ईश्वर वंदना के अर्थ, स्थान बनाये हैं। बड़े समागमों के लिये बड़ा हौल बना हुआ है।'

जगत्प्रसिद्ध ग्रंथकार एच० जी० वेल्स ने, जिनके ग्रंथ, "आउट् लाइन आफ़ हिस्टरी" और "शार्ट हिस्टरी आफ दि वर्ल्ड", भारत की शिक्षा संस्थाओं के पाठ्च क्रमों में भी रक्खे गये हैं, एक स्थान पर लिखा है,

"The coming world state will be based upon a common world religion, very much simplified and universalised and better understood." "भविष्य में बनने वाले जगद्राष्ट्र की नीवी, एक विश्व धर्म होगा, जो बहुत सरल, सुबोध, जटिलता रहित और सर्वव्यापी होगा।"

वाइकौंट साम्युएल, प्रेसिडेंट आफ़ दि ब्रिटिश् इंस्टिटयुट् आफ फिलोसोफी में, जिन्होंने यहाँ हिन्दू युनिवर्सिटी में भी व्याख्यान दिया है, सन् १९३८ के जनवरी मास में कलकत्ता और इलाहाबाद के विश्वविद्यालयों में भाषण करते हुए कहा,

"Bernard Shaw has declared that civilisation needs religion, as a matter of life and death. We all recognise that the mind of man in our times is confused. The present generation is beset by anxieties and perils. Our escape, our rescue, from these, depends upon our finding a new synthesis between Philosophy and Science and Religion. The World Fellowship of Faiths is working in this direction. *We must emphasise the points of agreement between the religions, rather than points of difference*".

अर्थात् "बर्नर्ड शा ने कहा है कि सभ्यता के लिये धर्म ही प्राण है, जीवन है, उसका अभाव ही मृत्यु है। हम सब अनुभव कर रहे हैं कि वर्तमान काल में मानव मात्र का मन किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया है।. विविध चिंताओं और भयो से ग्रस्त है। इनसे बचने का उपाय एक ही है, विज्ञान और प्रज्ञान और धर्म का समन्वय। वर्लड् फेलोशिप आफ फेथ्स इसके लिये काम कर रही है। सब धर्मों में जो अंश समान हैं उसी पर हमको ध्यान और बल देना चाहिये; जो भिन्न हैं उन पर नहीं।"

इस सबसे आपको विदित हो गया होगा कि सभी देशों के सभी विचारशील विख्यात विद्वान्, सद्धर्म के विश्वास को, मानव कल्याण के लिये, कितना आवश्यक मानते हैं। न मानने के ही फल दो विश्वयुद्ध हुए, और तीसरे की तैयारी है।

टेक्स्ट बुक्स आफ सनातन धर्म में, केवल एक हिन्दू धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में से समान अंश को निकाल कर एकत्र किया है। सब धर्मों में एक रूप से व्याप्त धर्म सार का प्रदर्शन अन्यत्र 'एसेंशलयुनिटी आफ़् आल् रिलिजन्स्' नामक ग्रंथ में मैंने किया है।

यह बात, हृदय और मस्तिष्क में बैठा लीजिये कि सद्धर्म की शिक्षा बिना सब शिक्षा निष्फल दुष्फल है और सदाचार की नीव सद्धर्म है; देखिये, सभी धर्म कहते हैं—"डू अन्टु

अदर्स ऐज यूवुड् बी डन् बाइ"; 'उन्ने बाख़ुद न पसन्दी, बादीगराँ व पसंद', अफ़ज़लुल् ईमानिउन् तोहिब्बा लिन्नासे मातोहिब्बो लिनफ़्सिका, व तक्रहो लहुम् मातक्रहो लिनफ़सिका', 'श्रूयतां धर्मं सर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यतां, न तत् परस्य कुर्वीत स्याद् अनिष्टं यद् आत्मनः, यद् यद् आत्मनि चेच्छेत तत्परस्यापि चिंतयेत्', (म. भा.) 'आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति यो ऽर्जुन। सुखं वा यदि वा दुःखं, स योगी परमो मतः।' इन सब वाक्यों का अर्थ एक ही है, जो अपने लिये चाहो वह दूसरों के लिये भी चाहो, और जो अपने लिये न चाहो वह दूसरों के लिये भी न चाहो; यही धर्म सार है, धर्म सर्वस्व है। पर क्यों ऐसा करो, इसका संतोषजनक उत्तर, केवल उपनिषदों में कहे वेदांत से मिलता हैं; अर्थात् 'इसलिये कि जो तुम हो वही दूसरा है, जो सुख-दुःख दूसरे को देते हो, वह तत्वतः, अंततः, अपनें ही को देते हो; इसलिये वह लौटकर तुमको अपने कर्म के फलस्वरूप, कभी न कभी अवश्य मिलेगा।' पाश्चात्य-विज्ञान-सम्मत क्रिया-प्रतिक्रिया-न्याय, और कार्य-कारणन्याय, Action and Reaction are opposite and equal, और Law of Cause and Effect, इसी अध्यात्मिक सत्य के आधिभौतिक रुप हैं, उन सबका समाधान वर्णाश्रम-धर्म से ही होता है, अन्यथा नहीं हो सकता।

पहिले कहा कि हिन्दू समाज को 'सच्चे स्वराज' के योग्य बनाना है, तो क्या जो स्वराज हम लोगों को किसी प्रकार मिल गया है वह सच्चा स्वराज नहीं है ? मेरी समझ में वह सच्चे स्वराज से अभी बहुत दूर है। क्रमशः शासक वर्ग और महाजन, अर्थात् पब्लिक, जनसमूह, बहुत ठोकरें खाकर सच्चे स्वराज का रुप पहिचानेंगे, और उसके अनुसार राज्य का प्रबन्ध करने और कराने का यत्न करेंगे। मनु का आदेश है, सर्वभूतेषु चऽात्मानं, सर्वभूतानि चऽात्मनि, समं पश्यन्, आत्मयाजी, स्वाराज्यं अधिगच्छति; नहि अनध्यात्मवित् कश्चित् क्रिया फलं उपाश्रुते'। कृष्ण ने भी कहा है, 'अध्यात्मविद्या विद्यानां, वाहः प्रवद्तां अहं'। अर्थात्, 'जो सब जीवों में एक ही परमात्मा को, और सब जीवों को उसी एक में, विद्यमान जानता है, वही स्वाराज्य को पाता है, जो अध्यात्मविद्या के इस गंभीर तत्व को, तथा मनुष्य की प्रवृत्ति को, स्वभाव को, नहीं जानता, उसकी कोई भी क्रिया सत्फलदायक नहीं होती'।

यह परमात्म-भाव और अध्यात्म-भाव, उपनिषदों में और ऋषिकृत दर्शन-सूत्रों और भाष्यों में भरा है। ये परस्पर विरोध और खंडन नहीं करते, प्रत्युत सभी, भिन्न मार्गों से, एक ही सर्वसम्मत लक्ष्य की ओर ले जाते हैं, और परस्पर मंडन करते हैं।

प्रचलित व्यामोहों को हटाकर प्राचीन आर्ष औपनिषद वेदांत पर प्रतिष्ठित सत्य सनातन धर्म को कैसे पुनः फैलाया जाय और उसके अनुसार सच्चे वर्णाश्रम धर्म का प्रचार कैसे हो ? देखिये। अंग्रेजी शासक, यहाँ से जाते हुए, अपनी भलाइयाँ, अपने गुण, अपने साथ लेते गए, और अपनी बुराइयाँ, अपने दोष, छोड़ गये। उन दोनों की गिनती के लिये पर्याप्त समय नहीं हैं, अन्यत्र किया है। यहाँ इतना कहना पर्याप्त है कि उनके दोषों को हमारी ना-समझ जनता ने, और जनता के चुने हुए अदूरदर्शी शासकों ने, दौड़कर बड़े हर्ष से अपनाया।

यह सब मैं अपनी बुद्धि के बल नहीं कह रहा हूँ; यदि ऐसा करता तो अक्षम्य अपराधी अहंमानी होता। मैं प्राचीन ऋषियों और मनु, राम, और कृष्ण के आदेश-उपदेश के बल पर कह रहा हूँ।

अंग्रेजों की जिन बुराइयों को नए शासकों ने अपनाया, उनमें यहाँ प्रसंग वश सबसे पहिले "सेक्युलर" नीति का नाम लेना पड़ता है, अर्थात् सर्कारी स्कूलों कालेजों में धर्म की शिक्षा का निषेध है। यह किसी से छिपा नहीं है कि समग्र भारत में और विशेष कर उत्तर भारत अर्थात् बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश में विविध प्रकार के दुष्टाचार भ्रष्टाचार व्याप्त हो रहे हैं। कोई दिन नहीं जाता जिसके दैनिकों में हत्या, डकैती, लूट, आग लगाना, रेल गिराना, स्त्रियों की चोरी, स्त्रियों पर बलात्कार, सर्कारी नौकरों का उत्कोच ग्रहण, प्रजापीड़न और स्त्रियों का अपहरण, एवं व्यापारियों की विविध प्रकार की चोर बाज़ारी आदि का समाचार न रहता हो। शासकों की ओर से, इनको रोकने के लिये, कई प्रकार के उपाय किये गये, सब व्यर्थ रहे। 'मरज़ बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की।' उपाय सफल कैसे हों? जो ही एक मात्र ठीक उपाय है, उसकी उपेक्षा किंवा विरोध, अर्थात् धर्म की शिक्षा का निषेध। जो संस्थाएँ, आरम्भ से ही, धर्म शिक्षा को अपने उद्देश्यों में गिना कर स्थापित हुईं, उनमें यह निषेध कैसे हो सकता है, जैसे यह हिंदू युनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी? अतः इनके लिये भारत के नये संविधान में विशेष प्रबंध कर दिया गया है। पर अधिकांश लड़की लड़के म्युनिसिपल बोर्ड, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के स्कूलों में पढ़ते हैं, तथा उन युनिवर्सिटियों में जैसे आगरा, इलाहाबाद, लखनऊ, दिल्ली की और कालेजों में जैसे मेरठ, मुज़फ्फर नगर आदि, अथ च समग्र भारत की ऐसी शिक्षा संस्थाओं में, एवं उन सब संस्थाओं में, जो 'बोर्ड आफ़ स्कूल ऐंड इंटरमीडिएट् एक्ज़ामिनेशन' के और 'डाइरेक्टर आफ़ पब्लिक इंस्ट्रक्शन' के अधीन हैं; एवं 'टीचर्स ट्रेनिङ्ग कालेजों' में; यद्यपि अध्यापकों में धर्म भाव जगाना पहिले चाहिये; क्योंकि यदि उनमें नहीं है तो उनके विद्यार्थियों में कैसे होगा? चारो ओर शिकायत हो रही है कि छात्र बहुत उच्छृंखल, उद्धत, मर्यादाहीन, विनयन-अनुशासन हीन हो गए हैं और होते जाते हैं। क्यों न हों? उनको उपयोगी शिक्षा ही नहीं दी गई। 'मूलं नास्ति, कुतः शाखा'? 'आचार्य' शब्द की पुरानी परिभाषा है, 'आचिनोति च शास्त्रार्थान् धर्म्यान्, आचारयति अपि शिष्यान्, स्वयं चाचरति, तस्माद् आचार्य उच्यते। आचरणेन शिक्षयति, तस्माद् आचार्यः'। जो अपने सदाचार के निदर्शन से शिष्यों को सदाचार सिखावे वही सच्चा आचार्य। Example teaches better than precept. जो सदाचार का केवल उपदेश करता है, स्वयं तदनुरूप आचरण नहीं करता, उसकी बात का विश्वास कोई नहीं करता, प्रत्युत उसके हीन आचरण का ही अनुकरण करता है। आजकाल युनिवर्सिटियों और कालेजों में, तुच्छ स्वार्थों के लिये अध्यापकों में दलबंदियाँ होती हैं, संघर्ष होता है, छात्रों में भी वैसा ही। अभी ६ नवम्बर को उत्तर प्रदेश की विधान परिषत् में, आगरा युनिवर्सिटी सम्बन्धी एक विधेय का प्रस्ताव करते हुए शिक्षा-मंत्री ने कहा, "The universities of Agra and Allahabad and the Board of High School and Intermediate Examination had become hotbeds of caucuses, corruption, nepotism, and shameless loot.

He told how it (Agra University) had been in the clutches of unscrupulous cliques since 1938. He quoted the findings of the Acharya Narendra Deva Committee which was set up at the time. (He said his bill) ended once and for ever, the mischievous system of election in educational institutions, which was responsible for the new class of teacher politicians". अर्थात् 'आगरा और इलाहाबाद के विश्वविद्यालय और हाई स्कूल व इंटरमीडियेट परीक्षा के बोर्ड, गुटबंदियों, दुराचारों, पक्षपातों और निर्लज्ज लूट के केन्द्र हो गये हैं। आचार्य नरेन्द्र देव की कमेटी की रिपोर्ट में से उन्होंने उद्धरण सुनाये, और कहा कि जिस विधेय का मैं प्रस्ताव कर रहा हूँ उससे शिक्षा संस्थाओं में, विविध स्थानों के लिये अब तक जो बहुत हानिकर दोषकर निर्वाचन प्रथा चल रही है वह सदा के लिये बंद हो जायगी, जिस प्रथा से ऐसे अध्यापकों का निर्वाचन होता रहा है पालिटिशन अर्थात् चालबाज होते रहे हैं।' किन्तु इसी निर्वाचन रीति से स्वयं शिक्षा मंत्री तथा अन्य सभी मंत्री और विधान विधाता 'पालिटिशन' सदस्य भी चुने गये हैं, और इनमें भी वैसी ही दलबंदियाँ और संघर्ष होते हैं। तथ्य यह है कि निर्वाचन पद्धति में स्वतः दोष नहीं है। बुद्ध देव के समय से, और उसके भी सहस्त्रों वर्ष पहिले से, पंचायतों के सरपंच, पुर और जनपद के निगम, श्रेणी, ग्राम, और सार्थ आदि के प्रमुख, यहाँ तक कि समय समय पर राजा भी, चुने जाते थे। दोष है निर्वाचकों में, अशिक्षित, कुशिक्षित, स्वार्थांध, सद्धर्म रहित, सद्बुद्धिहीन ही प्रायः होते हैं, अतः उनके निर्वाचित भी वहुधा ऐसे होते हैं। इस हेतु से यह सब दुर्दशा, न केवल शिक्षा संस्थाओं की, अपितु समग्र देश की हो रही है। सभी अध्यापक, किसी भी शास्त्र के पढ़ाने वाले, 'कर्मणा ब्राह्मण' हैं, उनमें ब्राह्मणोचित गुण जो स्मृतियो में, गीता में, इतिहास में, कहे हैं, वे होने चाहियें। आजकाल के शब्दों में missionary spirit धार्मिक बुद्धि, न कि mercenary spirit धनलोभी बुद्धि। इस प्रकार के संघर्ष उस 'स्पिरिट्,' उस भाव, के विपरीत हैं। स्मरण रहे कि अंग्रेजों ने भारत मे तो 'सेक्युलर' नीति वर्ती, किन्तु ब्रिटेन में जितनी भी प्रतिष्ठित और सौ वर्ष से पूर्व की शिक्षा संस्थाएँ हैं, उन सब में 'आंग्लिकन चर्च' के अनुकूल 'स्टेट-रिलिजन' की शिक्षा दी जाती है, अध्यापकों और छात्रों को रविवार के दिन 'चर्च' और 'चापेल' में जाकर, ईश वंदना प्रार्थना और भजन में, सम्मिलित होना पड़ता है; और जो मुख्य-मुख्य स्कूल हैं यथा 'ईटन', 'हॅरो', 'विंचेस्टर' आदि उनके प्रधान, 'प्रिन्सिपल' वा 'हेडमास्टर', 'बिशप' की पदवी के अधिकारी पादरी-ब्राह्मण ही होते है, और 'बिशप' के तुल्य उनका गौरव माना जाता है। भारत में भी अंग्रेजी सर्कार ने, कई कोटि रुपये प्रतिवर्ष के व्यय से एक 'इक्लीजिपारिटकल डिपार्टमेंट' चला रक्खा था, 'सिविलियन' और 'मिलिटरी' अंग्रेजों तथा अन्य ईसाईयों के लिये। सभी अध्यापकों में ऐसा सद्ब्राह्मणोचित 'मिशनरी' भाव होना चाहिये।

'तपो विद्या च विप्रस्य निःश्रेयसकरं पर', 'यस्मिन् तपश्च विद्या च, स एव ब्राह्मणः स्मृतः'। जिसमे तपस्या भी, विद्या भी, दोनों हैं, वही सद्ब्राह्मण है, वही छात्रों को शिक्षा देने का अधिकारी है।

हिन्दू कालेज और हिंदू गर्ल्स स्कल मे प्रायः बारह वर्ष तक ऐसे अध्यापक अध्यापिकाएँ रहीं। डाक्टर रिचर्डसन् का नाम पहिले कहा। इंग्लैंड में, ब्रिस्टल कालेज में, केमिस्ट्री के प्रोफेसर रहे। किसी कारण से, उस काम और स्थान से वैराग्य हुआ; श्रीमती बेसेन्ट के कुछ व्याख्यान सुने; भारत आये। सन् १८९७–९८ में पूना में और उसके आसपास प्लेग महा-मारी का कोप हुआ; रोगियों की सेवा सहायता करने वहाँ गये। जब हिन्दू कालेज की स्थापना हुई, तब श्रीमती बेसेंट के कहने से यहाँ आये; अवैतनिक प्रिंसिपल हुए। कुछ थोड़ी सी सम्पत्ति थी, जिससे प्रायः १००) महीने की आय थी। उसी से अपना निर्वाह करते थे। हम लोगों ने कितना कहा, पर संस्था से एक पैसा भी निजी काम आराम के लिये नहीं लिया। गर्मी बरसात में श्वेत अवसीय (धोती) और कुर्ते, हिन्दुओं के से पहिनते थे। जाड़ों में यहीं के बाजार (आपण) से प्रतिवर्ष एक जोड़ कम्बल, भेड़ के बाल के खरीद लाते थे, एक बिछाते थे एक ओढ़ते थे; जाड़ा बीतने पर किसी को दे डालते थे। उस सौ में से भी कुछ न कुछ बचाकर, वित्तहीन विद्यार्थियों को दे दिया करते थे। वेद की आज्ञा है "यः आवृणोति अवितथेन ब्रह्मणा शिष्यस्य श्रोत्रं, अमृतं संप्रयच्छन्, तं जानीयात् पितरं मातरं च, तं न द्रुह्येत् कतमच्चनास"। शिष्य को जो सनातन अमर तथ्य दिखाता है, उससे कभी द्रोह नहीं करना, उसको माता पिता ही समझना। विद्यार्थी उनको ऐसा ही मानते भी थे पर, छात्रों से इतना स्नेह करते हुये भी, विनयन, 'डिसिप्लिन्' में शिथिलता नहीं आने देते थे। संस्था के दुर्भाग्य से, और प्रायः दिन-रात योग्याशाला, 'लाबोरेटरी,' में काम करते रहने से (क्योंकि अन्य उनको कोई मनबहलाव नहीं था) पक्षाघात, 'पैरालिसिस', हो गया। तीन वर्ष पड़े रहे। जो भी सम्भव था उनकी सेवा शुश्रूषा का प्रबंध कर दिया गया। जून १९१२ में देहान्त हुआ। बहुत पहले लिख दिया था कि शरीर का अंत्य संस्कार अग्नि से हो। गर्मियों का अनध्याय था, अतः संस्था के अध्यापक और छात्र जो काशी से बाहर, दूर दूर के नगरों के रहने वाले थे, अपने अपने घरों को चले गये थे। पर यहाँ नगर में कहला दिया था। शरीर को हिन्दू ही, हम सब, उनकी चारपाई पर रख कर, राजघाट के पुल के नीचे ले गये। सैकड़ो प्रतिष्ठित नागरिक वहाँ एकत्र हुये। मैंने पहिले उनको अग्नि दिया, चिता की परिक्रमा करके, गीता के श्लोक और ईशोपनिषद् के मंत्र पढ़ते हुए,

> ॐ, अग्ने ! नय सुपथा राये अस्मान्, विश्वानि देव ! वयुनानि
> विद्वान्, युयोधि अस्मत् जुहूराणं एनः, भूयिष्ठां ने नमः
> उक्ति विधेम। हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यऽपिहितं मुखं,
> तत्त्वं पूषन् ! अपावृणु, सत्यधर्माय दृष्टये।"

कुछ दिन पीछे कालेज में पंडितों की सभा हुई, महामहोपाध्याय पंडित आदित्य राम भट्टाचार्य जी के सभापतित्व में। काशी के प्रायः सवा सौ गण्य मान्य पंडित आए। उन्होंने डाक्टर रिचर्डसन् के और संस्था के कार्य का आदर किया, दक्षिणा स्वीकार की, आशीर्वाद दिया। काशीनरेश के सभा पंडित आए; सभा के विसर्जन के पश्चात्, उन्होने मुझ से कहा, 'महाराज कहते थे, भगवान् दास ने ऐसा अनुचित काम क्यों किया, अंग्रेज़ के शरीर को अग्नि दिया।' मैंने दूसरे दिन तीन चार श्लोक बनाकर महाराज के पास भेजा; उनमे से केवल पहिला याद है, वह आपको सुना देता हूँ,

"गृध्रं ददाह भगवान् रघुवंशवीरः, कर्मौर्ध्व दैहिकमथास्य चकार मंत्रैः,
जानन् कृतं च, सुकृतं व, परावरज्ञः; कस्याद् भवेम मनुजेऽपि वयं कृतघ्नाः।"

'भगवान् रामचंद्र ने गृध्र जटायु की अंत्येष्टि अग्नि से की। गोदावरी के जल में खड़े होंकर विधिवत् वैदिक मंत्रों से तिलांजलि दी। हम लोग ऐसा भारी उपकार करने वाले मनुष्य की ओर कैसे कृतघ्न हों?' महाराज ने समझा, माना, कहला भेजा, अनुचित नहीं किया उचित किया।

डाक्टर रिचर्डसन् की रुग्णावस्था में, महामहोपाध्याय पं० आदित्य राम जी अवैतनिक वाइस् प्रिंसिपल रहे; तथा उनके पुत्र श्री सत्यव्रत भट्टाचार्य एम. ए., एल. एल. वी. भी वैसे ही, 'इकोनोमिक्स' के प्रोफेसर रहे। तथा श्री इन्द्र नारायण सिंह एम. ए., मिस आरंडेल, उनके पुत्र डाक्टर आरंडेल, श्री पंढरिनाथ काशीनाथ तेलंग, मिस लिलियन एड्गर, मिस पामर, प्रोफ़ेसर जमशेदजी उनवाला, मिस हेरिङ्टन, पं० छेदीलाल जी, मिस विल्सन, प्रोफेसर वुडहाउस, मिसेस लोइड, डाक्टर इकबाल नारायण गुर्टू तथा अन्य सज्जन, शिक्षा विभाग में वा 'आफिस' कोष आदि के कार्यालय में। अब उस मंडली में से केवल गुर्टू जी और श्री ज्ञानेन्दुनाथ वसु जी (जो अब कलकत्ता ही में रहते हैं, और प्रायः मेरे ही इतने वृद्ध हैं) रह गये हैं। तथा मेरे छोटे भाई श्री सीताराम साह जो बहुत वर्षों तक सेंट्रल हिन्दू कालेज की प्रबंधक समिति के असिस्टेंट सेक्रेटरी और बालिका पाठशाला की समिति के सदस्य रहे। प्रोफेसर श्यामा चरण दे जी ने भी इस संस्था की बहुत बड़ी सेवा सहायता की है, और अपना सर्वस्व इसको दान दे दिया है; संस्था के सौभाग्य से अब तक शरीर धारण किये हैं यद्यपि अभी अभी बहुत रुग्ण हो गये थे और बहुत दुर्वल हो रहे हैं; ये कुछ पीछे यहाँ आये, १९१३ में।

प्रोफेसर तेलंग केवल अवैतनिक अध्यापक ही नहीं थे, अपितु अपने पिता, बम्बई हाईकोर्ट के जस्टिस श्री काशीनाथ त्र्यंबक तेलंग का बहुमूल्य संचय, प्रायः छः सहस्र उत्तम पुस्तकों का इस संस्था को उन्हों ने दे दिया। जो सज्जन स्वतः सम्पन्न न होने के कारण, पुरस्कार लेते थे वे भी प्रायः निर्वाह मात्र भर।

ऐसे मिशनरी भाव के ब्राह्मणों की छाया में रहकर जिन्हों ने शिक्षा पाई, उनके ऊपर जहाँ तक मुझे विदित है इस संस्था की छाप आज तक है और जिस-जिस काम में लगे हैं उसमें प्रायः नेक नाम हैं। कई हाईकोर्ट के जज हैं, कई केंद्र में तथा उत्तर प्रदेश में मंत्री हैं, इत्यादि।

संस्था के आरम्भिक आदर्शों के वर्णन में उक्त सज्जनों का कीर्तन आवश्यक अंग है। उन्हीं के सद्भाव और परिश्रम से उन आदर्शों की पूर्ति यथा कथंचित् होती रही, इसलिये कुछ विस्तार से कहा। जब हिन्दू कालेज विश्वविद्यालय में मिल गया, उसके बाद यहाँ भी दलबंदियाँ आरम्भ हुईं। पहिले तो संस्कृत विभाग के अध्यापकों में और सिंडिकेट, सिनेट, कौंसिल, कोर्ट, तथा अन्य अवांतर समितियों मे एक-एक दल के पक्षपातियों समर्थकों में, फिर प्रत्येक विभाग के अध्यापकों में, परस्पर स्पर्धा संघर्ष चला; क्रमशः बढ़ता

गया। एक दो प्रोफेसर पंडित, उनके अनाचार सिद्ध होने पर, हटाये गये; कई स्वयं छोड़कर दूसरे विद्यालयों में चले गए। छात्रों में भी प्रान्तीयता बढ़ी, अनाचार, कुकृत्य, अनुशासन भंग, औद्धत्य, साइनेमा का अत्यंत शौक, तत्संवद्ध सर्वविदित दुराचार भी बढ़े; आपस में मारा मारी की नौवत आई। ऐसे ही कारणों से, भारत के प्रेसिडेंट डाक्टर राजेन्द्रप्रसादजी ने आचार्य नरेन्द्रदेवजी को यहाँ भेजा। जब तक ये लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति रहे वहाँ बहुत कुछ शान्ति थी। कारण, वही त्याग, तपस्या, विद्या, सादी रहन सहन, छात्रों पर स्नेह, छात्रों का हितचिन्तन। इनके यहाँ आने पर लखनऊ के छात्रों ने बहुत दुःख माना, यहाँ के छात्रों को हर्ष हुआ। यहाँ की भी हवा बदल रही है, और आशा है कि दिनों दिन अच्छी होती जायगी।

आप के कुलपति जी मेरे बहुत प्रीति पात्र हैं; मेरे साथ काशी विद्यापीठ में इन्होंने कई वर्ष काम किया है। पर इनमें एक बड़ा दोष है, जिससे मेरी प्रीति कभी-कभी कुछ थोड़ी देर के लिये कम हो जाती है। समाजवाद, साम्यवाद, आदि के झमेले में पड़ गये हैं। इससे यहाँ के अध्यापकों और छात्रों में इन नये प्रकार की दलबंदियों के उठ खड़े होने का भय है; और अन्यथा भी, यहाँ के काम में विघ्न होता है। मैंने इनको कई बार समझाने का यत्न किया कि सत्य वर्णाश्रम धर्म के रूप को स्वयं समझिये और इस संस्था में तथा बाहर भी उसके प्रचार का यत्न कीजिये; उससे और उसी से, जितने भी 'इजम्', 'वाद', हैं, (सोशलिज्म, कम्युनिज्म, मिलिटरिज्म, इम्पीरियलिज्म, प्रोलिटेरियनिज्म, इक्वालिटेरियनिज्म, इंडिविडिचुअलिज्म, डिक्टेटरिज्म, आदि) जो मानवमात्र को घोर भ्रम, विवाद, विरोध, विनाशकारी संग्राम में डाल चुके, और डाल रहे हैं, उन सबका समन्वय सम्वाद केवल एक 'इज्म', extremism, को, आत्यंतिकता को, छोड़ देने से हो जायगा; सब वादों का जो लक्ष्य है, वह न्याययुक्त उचित मात्रा मे सबको मिल जायगा; अर्थात् अधिकांश सुख और अल्पांश दुःख। पर उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया; यहाँ अध्यापकों और अध्यापिकाओं से और इनसे भी पुनः प्रार्थना करता हूँ कि, आप सब लोग इस बात पर गम्भीर विचार करें। कई वर्ष हुए श्री नरेन्द्रदेव जी ने मुझको एक अंग्रेजी पुस्तक पढ़ने को दी; उसकी सूची से विदित हुआ कि समाजवाद 'सोशलिज्म' के बावन भेद उसमें वर्णित हैं। पढ़ने लगा; कठिनाई से आधी पुस्तक पढ़ी; उन भेदों के सूक्ष्म-सूक्ष्म लक्षण समझ में नहीं आते थे; मस्तिष्क चक्कर खाने लगा; पुस्तक मैंने इनको लौटा दी। विपरीत इसके, वर्णाश्रम धर्म में कोई अवांतर भेद नहीं हैं, सीधे सादे सिद्धान्त हैं, और मानव जीवन की सब ग्रंथियों को सुलझा देते हैं, यदि उदार बुद्धि और विवेक से उनसे काम लिया जाय। "उत्तमं जन्मकर्मभ्यां, कर्मणैव तु मध्यमं, जन्मनैव तु मिथ्यैव, वर्णवत्त्वं स्मृतं बुधैः"। "ब्रह्मचारी, गृहस्थश्च, वानप्रस्थो, यतिस्तथा, एते गृहस्थप्रभवाः, चत्वारः पृथग् आश्रमाः। सर्वेषां अपि चैतेषां, वेद-श्रुति-विधानतः, गृहस्थः उच्यते श्रेष्ठः, सः त्रीन् अन्यान् विभर्ति हि। यस्मात् त्रयोऽन्याश्रमिणः, ज्ञानेनऽन्नेन चऽन्वहं, गृहस्थेनैव धार्यंते, तस्माज्ज्येष्ठाश्रमो गृही"। इन मूल वाक्यों की विस्तीर्ण व्याख्या का यहाँ अवसर नहीं, अन्यत्र मैंने की है।

एक और बात भी मैंने श्री नरेन्द्र देव जी से कही है; और उन्होंने ध्यान देने को

कहा भी है; अर्थात् टेक्स्ट बुक्स औफ़् सनातन धर्म का विश्वविद्यालय में, तथा उसके अधीन सब संस्थाओं मे उपयोग। ऐसा हो जाने से भी बहुत काम निकलेगा।

एक अन्य मंत्री ने एक विद्यार्थी सभा में थोड़े दिन हुए, दक्षिण के एक बड़े नगर में कहा था कि विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी ही लक्ष्य नहीं बनाना चाहिये। बहुत ठीक; पर यह भी तो बताइये कि क्या-क्या लक्ष्य बनाने चाहियें, और उनको साधने वाली शिक्षा भी दीजिये। पुरानी कहावत है,

> कला बहत्तर पुरुष की, वामे दो सर्दार,
> एक जीव की जीविका, एक जीव उद्धार।

विदुर नीति में 'अर्थकरी विद्या' की प्रशंसा की है। ऐसी विद्या, 'वोकेशनल ट्रेनिङ', प्रत्येक विद्यार्थी की स्वाभाविक रुचि के अनुसार परमावश्यक है। हिन्दू कालेज की प्रबंध समिति ने इस बारे में ध्यान दिया था। 'स्लाइड' अर्थात् बढ़ई, वर्धकि, का काम, 'क्ले-माडेलिङ' मिट्टी के खिलौने बनाना, 'रिलीफ मैप,' काठ के फलक पर, मिट्टी से भारत वा अन्य देश के, उभरे हुए मान चित्र बनाना, जैसा श्री शिव प्रसाद गुप्त जी के बनवाये भारत माता मंदिर में, भारत का, मर्मर से, बना है। ऐसी शिक्षा से विशेष जीविका की आशा तो क्या हो सकती थी, पर उसका आशय यह था कि हाथों की कारीगरी और परिश्रम का अभ्यास छात्रों को हो जाय। एक संगीताध्यापक भी रक्खे गए थे। अब इस विश्वविद्यालय में प्रायः १२५ भिन्न-भिन्न विषय सिखाये जाते हैं; उद्देश्य सबका यही है कि जीविका की उपयोगी यह सब शिक्षा हों, पर जहाँ तक मुझे पता है अधिकांश छात्रों को शिक्षा समाप्त करने के बाद, किसी प्रकार की नौकरी ही की खोज होती है; कई कारणों से। अच्छा हो यदि यहाँ से शिक्षा पाये छात्रों का रजिस्टर रक्खा जाय और उनको अंतिम शिक्षा यह दी जाय कि जिस व्यापार में लगो, उसकी सूचना रजिस्ट्रार को भेज दो। ऐसे रजिस्टर से, आगे चल कर, उपयोगी बातें निकलेंगी। हिन्दू कालेज में, पहिले ऐसा एक 'ओल्ड बायज रजिस्टर' रक्खा जाता था। जीविकासाधनोचित शिक्षा के लिये तो कैरियर्-मास्टर्स की आवश्यकता है, जैसे ब्रिटेन की सब शिक्षा संस्थाओं में रक्खे जाते हैं। प्राचीन काल में यह कार्य कुलपति और शिक्षक आचार्य करते थे। सब प्रान्तों और राज्यों से सहायता ली गई थी और संस्था सब हिन्दुओं के उपकार के लिये बनी थी, इसलिये आरम्भ से ही यह यत्न किया गया था कि अध्यापक भी सब प्रान्तो से लिये जायं और छात्र भी; और सब छात्र एक साथ छात्रावासों में रहें, और एक साथ निरामिष भोजन करें। इस प्रकार से भी प्रान्तीयता भाव की कमी, और भारतीयता भाव की वृद्धि, की आशा थी। अनुषंगतः हिन्दी भाषा का ज्ञान भी सब प्रान्त के छात्रों को हो जाता था। स्कूल में प्रतिदिन संस्कृत के वा अन्य अध्यापकों के साथ सब छात्र शर्गा हाल में एकत्र होकर ईश्वर वंदना के स्तोत्र के कुछ श्लोकों का गान करते थे, फिर वह अध्यापक, धर्म और सदाचार विषयक छोटा सा प्रवचन करते थे, फिर अपने-अपने वर्गों में जाकर पढ़ते थे। कालेज विभाग में सप्ताह में दो दिन सब छात्र, 'प्रभुनारायण हाल' में पहिले घंटे में एकत्र होते थे, और उनको सनातन धर्म विषयक शिक्षा दी जाती थी, और शंकाओं का समाधान किया ज.ता था; यह कार्य मेरे जिम्मे था। आज-

काल का अंग्रेजी पढ़ने वाला विद्यार्थी 'पोथी में लिखा है, इसलिय मान लो,' इतने से संतुष्ट नहीं होता, उसको वैज्ञानिक हेतुओं से समझाना चाहिये, 'reasons for the law' बताना चाहिये, स्वयं ऋषियों का आदेश है, 'हेतुभिर्धर्ममन्विच्छेत्, न लोकं विरसं चरेत्'। सच बोलो, चोरी मत करो; क्यों ? झूठ बोलने से, चोरी करने से ऐसे-ऐसे दोष, यह यह हानि अपने जीवन में भी, और सामाजिक जीवन में भी, उत्पन्न होती है। श्री मालवीय जी स्वयं कभी-कभी गीता पर भाषण दिया करते थे और कुछ समय तक एक धर्मोपदेशक भी रक्खे गये थे। पर जहाँ तक मुझे विदित हुआ है, छात्रों को उन व्याख्यानो और उपदेशों मे रस कम था। स्कूल विभाग में तो स्यात् ऐसा भी प्रबंध नहीं था, यद्यपि वहाँ अधिक प्रयोजन था; 'यत्नवे भाजने लग्नः संस्कारो नऽन्यथा भवेत्'।

और भी कई बातें हिन्दू कालेज में आरम्भ की गईं। जहाँ तक मुझे विदित है, भारत में 'बाय स्काउटस', 'गर्ल गाइडज,' 'कैडेट कोर' का आरम्भ, श्रीमती बेसेंट के उपदेश से, डाक्टर ऐरंडेल ने और मिस् ऐरंडेल ने, इस संस्था में आज से पैंतालिस वर्ष पहिले किया। दो-दो सौ छात्रों को, एक सा वस्त्र, 'युनिफार्म', पहिना कर सैनिक "ड्रिल" कराई जाती थी। 'नाइट स्कूल' छात्रों द्वारा, आरम्भ किये गये, आस पास के लड़कों को, जो अपने पिता माता के साथ दिन में किसी मिहनत मजदूरी में लगे रहने के कारण, स्कूल में नहीं पढ़ सकते थे, साक्षर बनाने का यत्न किया गया। सन् १९०३ में 'गर्ल्स स्कूल' खोला गया; उस समय काशी में स्यात् दो-तीन अन्य बालिका पाठशाला हों। 'हिन्दू गर्ल्स स्कूल' में, आरम्भ में, २५–३० लड़कियाँ थीं अब प्रायः सात-आठ सौ हैं; दूर-दूर के नगरों से आती हैं; छात्रावास में सैकड़ों रहती हैं, स्कूल से सम्बद्ध अब विमेन्स कौलेज भी विश्वविद्यालय के उपनगर में बन गया है। उसकी देखा देखी बालिकाओं की शिक्षा की चाह नगर में बढ़ी; म्युनिसिपल गर्ल्स स्कूल बहुत हो गये हैं, जिनमें स्यात् कई सहस्त्र कन्या शिक्षा पाती हैं। मुसलमान घरों की भी, जहाँ पर्दा बहुत था।

पं० छेदा लाल जी छात्रावास के अवैतनिक अध्यक्ष थे, उनके प्रबंध से छात्रावासी विद्यार्थियों में, खान-पान में परस्पर अस्पृश्यता का भाव बहुत कुछ दूर हो गया। अब तो अंग्रेजी पढ़ों में काल के प्रवाह से, समग्र देश में बहुत कम हो गया है, और असवर्ण कहलाने वाले विवाद भी सहस्त्रों हो गये और होते जाते हैं; जो स्यात् सदा विवेक पूर्ण नहीं होते। गुण के साथ दोष लगा ही रहता है।

बाल विवाह रोकने के लिये, प्रबंध समिति ने नियम बना दिया था कि विवाहित लड़का स्कूल विभाग से लिया ही न जाय, और कालेज में दूनी फीस दे तो भरती हो। अब तो देश की दशा में इतना परिवर्तन हो गया है, कि कालेज और विश्वविद्यालय छोड़ने के बाद भी कई-कई वर्ष तक, आर्थिक कारणों से, विवाह नहीं होता; तथा कन्याएँ कुमारी ही वृद्ध होने लगी हैं।

एक अन्य मंत्री ने अभी थोड़े दिन हुए, उत्तर प्रदेश के एक नगर में छात्रों की सभा में कहा कि विद्यार्थियों को "पालिटिक्स" में नहीं पड़ना चाहिये। ठीक है; विद्यार्थियों को

राज-शास्त्र का अध्ययन करना, और अपनी कृत्रिम पार्लिमेंट में, नियम संयम से, बिना क्षोभ और क्रोध के, वाद-विवाद का अभ्यास करना चाहिये। याद रहे कि ऐसी कृत्रिम पार्लिमेंट का भी आरम्भ, भारत में, इसी हिन्दू कालेज में, श्रीमती बेसेंट ने कराया, इसी उद्देश्य से कि आगे चलकर, स्वराज की बिधान सभाओं में काम करने के योग्य हों। उन्हींने 'होमरूल' का शब्द महात्मा गांधी से कई वर्ष पहिले, देश को सुनाया, और इसके कारण, कई महीना नीलगिरि पर्वत पर नज़रबंद रक्खी गईं।

वहुत सी बातों में साम्प्रत शासकों की दृष्टि और प्रयत्न अच्छे हैं, और आर्थिक और शैक्षिक उन्नति के लिये बड़ी-बड़ी योजनाएँ भी उन्होंने बनाई हैं। पर कहाँ तक सफल होंगी, इसमें बहुत संदेह होता है। आयोजनों को कार्यान्वित करने वालों के आचरण संदिग्ध होने के कारण अभी थोड़े दिन हुए पंजाब में सवा सौ करोर रुपये के व्यय के अनुमान से भाकरा बंद का आरम्भ हुआ; उसके विषय मे समाचार पत्रों में और स्यात् केन्द्रीय विधान सभा में भी, अपव्यय और चोरियों की शिकायत की गई थी मुझे आक्रोश यही है कि हमारे शासकों और वहुतेरे प्रतिनिधियों की नीति दूरदर्शिनी और संग्राहक, सब गुण दोषों को विचारने वाली, नहीं है। धर्मान्मता, विधिविधाता, को बहुज्ञ बहुश्रुत होना चाहिये।

पौराणिक शिक्षाप्रद कथानक है कि ऋषियों ने सर्व मानव वंश के आदि पितामह मनु से प्रार्थना की, कि मनुष्यों के हितकारी धर्म हमको सिखाइये, क्योंकि, 'सर्व ज्ञानमयो हि सः'; इस विधान से क्या सत्फल होंगे, क्या दुष्फल निकलेंगे, तत्काल में और दूर चलकर भविष्य में, वे इसको पहिचानते थे। आजकाल, इसी देश के नहीं, प्रायः सभी देशों के विधान-कल्पक, 'तदात्वे' को देखते हैं, 'आयत्या' को नहीं; 'आयत्यां च, तदात्वे च' दोनों का अच्छी तरह विचार करलेना चाहिये। 'परिणतिरवधार्या यत्नतः पंडितेन'।

छात्रों को, सक्रिय वास्तविक 'पालिटिक्स से बचने का एक प्रकार अभी कहा; दूसरा इससे भी अच्छा है। यदि शास्ता और शासित राजा और प्रजा मे, शिक्षक और शिष्य में, परस्पर स्नेह, मैत्री, विश्वास, हितैषिता, एक ओर दया दूसरी ओर आदर हो, तो इस प्रकार के संकट उत्पन्न ही न हों जिनमें संघर्ष अनिवार्य हो जाता है। प्राचीन काल में सम्राट् अशोक के समय में, अर्वाचीन काल में रानी दुर्गावती के गोंडवाना राज्य में, रानी अहल्याबाई के इंदोर राज्य में, रानी लक्ष्मीबाई के झाँसी राज्य में, ऐसा ही था। और भी राजा और रानी भारत में निश्चयेन ऐसे हुए होंगे; पर उनका इतिहास लुप्त हो गया है। पुराने हिन्दू कालेज में अध्यापकों अध्येताओं में परस्पर भाव ऐसे ही थे। ऐसों से शिक्षा पाना विद्यार्थी अपना सौभाग्य समझते थे; अब तो स्यात् कितने ही समझते होंगे कि हम फ़ीस देते हैं, अध्यापक वेतन पाते हैं, क्या हम मुफ्त में पढ़ते हैं?

सब का निष्कर्ष यह है कि हिन्दू कालेज की स्थापना का आदर्श कहिये, लक्ष्य, उद्देश्य कहिये, एक मात्र सर्वसंग्राही, यह था कि औपनिषद वेदान्त के सनातन तथ्यों पर प्रतिष्ठित सनातन धर्म, अर्थात् 'कर्मणा वर्णः' और 'वयसा आश्रमः" के अनुसार वर्णाश्रम

धर्म का प्रचार और प्रसार किया जाय, और जीर्ण-शीर्ण हिन्दू धर्म और हिन्दू समाज का जीर्णोद्धार किया जाय। इसी से भारत का सब प्रकार का कल्याण होगा और स्वराज्य सच्चा बनेगा। इसी धर्म का अपनी स्मृति में प्रतिपादन करते हुये आदि धर्मात्माता, आदि प्रजापति, भगवान् मनु ने कहा,

"धर्म एव हतो हंति, धर्मो रक्षति रक्षितः, तस्माद्धर्मो न हंतयो, मा नो धर्मो हतो वधीत्।"

इसी धर्म के पुनः-पुनः संस्थापन के लिये, कृष्ण ने कहा, "संभवामि युगे युगे।" इसी के लिये कौरव पांडवों को जन्योऽन्य विनाश करने से रोकने के लिये वेदव्यास ने कहा, "धर्माद् अर्थश्च, कामश्च, म किमर्थं नं सेव्यते।" इसी के लिये रामचंद्र ने कहा—

"दुःखेनऽयं निर्मितो धर्मसेतुः, यत्नेनैवं रक्षणीयो भवद्भिः;
नत्वा सर्वान् भाविनो भूमिपालान्, भूयो भूयो याचते रामभद्रः।"

इसी के लिये बुद्ध देव ने, जिनको सब हिन्दू विष्णु का अवतार मानते हैं, कहा— "प्रसारय धर्मध्वजं प्रपूरय धर्मशंखं, प्रताड़य धर्मदुंदुभि, धर्मं कुरु, धर्मं कुर, धर्मं कुरु।"

महायान मत

आचार्य नरेन्द्रदेव

जब महाराज अशोक बौद्ध हो गये, तब उनका प्रश्रय पाकर बौद्ध धर्म बहुत फैला। उनका विस्तृत साम्राज्य था। उन्होंने धर्म का प्रचार करने के लिए दूर-दूर उपदेशक भेजे। भारत के बाहर भी उनके भेजे उपदेशक गये थे। उन्होंने अनेक स्तूप और विहार बनवाये। अशोक के कौशाम्बी के लेख से मालूम होता है कि वहां एक भिक्षु संघ था। एक संघ का पता सारनाथ के लेख से चलता है। भाब्र लेख में अशोक कहते हैं कि सब बुद्धवचन सुभाषित हैं, किन्तु मैं कुछ वचनों की विशेष रूप से सिफारिश करता हूँ। उन्हीं के समय में 'खुतन' में भारतीयों का उपनिवेश हुआ। वहां से ही पहले-पहल बौद्धधर्म चीन गया।

अशोक के समय में बौद्धों में मूर्तिपूजा न थी। बुद्ध का प्रतीक रिक्त आसन, चक्र, कमलपुष्प, या चरणपादुका था। स्तूप में बुद्ध का धातुगर्भ रखकर पूजा करते थे। कथा है कि अशोक ने बुद्ध की अस्थियों को प्राचीन स्तूपों से निकाल कर ८४००० स्तूपों में बांट दिया। चैत्य की पूजा भी प्राचीन थी। आरम्भ में बुद्ध यद्यपि अन्य अर्हतों की अपेक्षा श्रेष्ठ समझे जाते थे यद्यपि उनका जन्म, उनके लक्षण, मार-धर्षण, जन्म के पूर्व तुषित लोक में निवास, उनकी मृत्यु, सभी अद्‌भुत थे, तथापि प्राचीन निकायों के अनुसार बुद्ध का निर्वाण अन्य अर्हतों के निर्वाण से भिन्न न था। उनका यह विश्वास न था कि परिनिर्वृत बुद्ध इस लोक में हस्तक्षेप कर सकते हैं। यद्यपि ये बुद्ध के निर्वाण को महाशून्य मानते थे, तथापि उनके लिए बुद्ध उस प्रकार के त्राता नहीं थे, जैसे ईसाइयों के लिए ईसामसीह त्राता हैं। शास्ता ने कहा है कि तुम्हीं अपने लिए दीपक हो, दूसरे का आश्रय मत लो, धर्म ही एकमात्र तुम्हारा दीप, शरण, सहाय हो। बुद्ध का कहना था कि निर्वाण का साक्षात्कार प्रत्येक को स्वयम् करना होता है। उनके लिए वे संघ के गणाचार्य थे, शास्ता थे। वे उनके लिए मैत्री और ज्ञान की मूर्ति थे। उनको बुद्ध की शरण में जाना पड़ता था। बुद्ध की अनुस्मृति एक कर्मस्थान था, किन्तु जब शास्ता का परिनिर्वाण हो गया, तो पूजा का विषय अतीन्द्रिय हो गया। अब प्रश्न यह हुआ कि पूजा से क्या फल होगा?

कर्मवाद के अनुसार बौद्ध यह नहीं मानते थे कि पूजा करने से बुद्ध वरदान देंगे, किन्तु वे यह मानते थे कि बुद्ध का ध्यान करने से चित्त समाहित और विशुद्ध होगा और पूजक अपने को निर्वाण के लिए तैयार करेगा। सिद्धांत यह है कि प्रत्येक अपने किये कर्मों का फल भोगता है। बुद्ध की शिक्षा में प्रसाद (Grace) और प्रार्थना को स्थान नहीं दिया गया है। इसके लिए कोई उचित शब्द भी नहीं है। मिलता-जुलता एक शब्द प्रणिधि, प्रणिधान है, किन्तु उसका अर्थ 'प्रतिज्ञा' है। कभी कभी यह पुण्य विपरिणामना है (सत्य वचन)। किन्तु ईसवी सदी के कुछ पहले से बौद्धों में करुणामय देवों की पूजा

प्रारम्भ हुई, जिनकी प्रतिमा या प्रतीक की वे पूजा करने लगे और जिनसे सुख और मोक्ष की प्राप्ति के लिए वे प्रार्थना करने लगे। ये देव शाक्यमुनि, पूर्वबुद्ध, अनागत बुद्ध मैत्रेय बोधिसत्व हैं। भक्ति का प्रभाव बढ़ने लगा। निर्वाण का स्वरूप भी बदलने लगा। सुखभूमि की प्राप्ति इसका उद्देश्य होने लगा। बुद्ध लोकोत्तर हो गये। यद्यपि पालिनिकाय में बुद्ध को लोकोत्तर कहा है, किन्तु वहां इसका अर्थ केवल इतना है कि बुद्ध पद्मपत्र की तरह लोक से ऊपर हैं। उनका विशेषत्व केवल यही है कि उन्होंने निर्वाण के मार्ग का आविष्कार किया है। बुद्ध को लक्षण और अनुव्यंजनों से युक्त महापुरुष भी कहा है। यह भी इसी अर्थ में है। जैसे नारायण को 'महापुरुष' कहते हैं, जो एक, अद्वितीय, शाश्वत हैं, वैसे पालि आगम के बुद्ध नहीं हैं।

किन्तु कुछ बौद्ध उनको विशेष अर्थ में लोकोत्तर मानने लगे। कुछ अन्धक और उत्तरापथ मानते थे कि भगवान् के उच्चार-प्रस्राव (मल-मूत्र) का गन्ध अन्य गन्धों से विशिष्ट है। कथावत्थु, (१८) के अनुसार भगवान् ने एक शब्द भी नहीं कहा है; आनन्द ने ही उपदेश दिया है। इस मत के बौद्ध लोकोत्तरवादी कहलाते थे। उनके अनुसार निर्वाण का अर्थ बुद्ध-अवस्था का शाश्वतत्व है। गान्धार रीति की जो बुद्ध की मूर्तियां हैं उनमें शाक्यमुनि, पूर्वबुद्ध तथा अन्य बुद्धों को ध्यान की अवस्था में दिखाया है। चरम भविक (अन्तिम जन्म वाला) बोधिसत्व तुषित लोक से बुद्ध होने के लिए अवतीर्ण होता है। वह लोकोत्तर पुरुष है। उसका जन्म अद्भुत है और वह लक्षणों से संयुक्त है। स्थविरों का कहना है कि बोधि के अनन्तर वह लोकोत्तर होते हैं, किन्तु वह लोकानुवर्तन करते हैं। अनेक कल्प हुए कि हमारे शाक्यमुनि ने पूर्वबुद्ध के सम्मुख यह प्रणिधान किया कि मैं बुद्ध हूँगा। उन्होंने अनेक जन्मों मे १० पारमिताओं (पराकाष्ठा को प्राप्त गुण) की साधना की। उन्होंने अन्तिम जन्म में कुमारी माया के गर्भ में मनोमय शरीर धारण किया। उनकी पत्नी भी कुमारी थीं, क्योंकि अन्तिम जन्म में बुद्ध कामराग में अभिनिविष्ट नहीं होते। भूतदया से प्रेरित हो वे मानव जन्म ले लोगों को उपदेश देते हैं। 'वेतुल्लक' कहते हैं कि शाक्यमुनि ने मनुष्य लोक में कभी अवस्थान नहीं किया; वे वास्तव में तुषित लोक में रहते हैं। मनुष्यों और देवताओं ने केवल उनकी छाया देखी है। सद्धर्म पुण्डरीक में (प्रथम शताब्दी) यह वाद सुपल्लवित हुआ है। इस ग्रन्थ में शाक्यमुनि का माहात्म्य वर्णित है। उनका यथार्थ काय संभोगकाय है। ये धर्म-देशना के लिए समय-समय पर लोक में प्रादुर्भूत होते हैं। यह उनका निर्माणकाय है। इसी की स्तूप-पूजा होती है। पांचवीं-छठी शताब्दी में कुछ बौद्ध आदिबुद्ध (आदि कल्पिक बुद्ध) भी मानने लगे, जिनसे अन्य बुद्धों का प्रादुर्भाव हो सकता था। किन्तु यह विचार तीर्थक (Heretic) विचार माना जाता था।

सूत्रालंकार (९।७७) में इसका प्रतिषेध यह कह कर है कि कोई पुरुष आदि से बुद्ध नहीं होता, क्योंकि बुद्धत्व की प्राप्ति के लिए पुण्य और ज्ञानसंभार की आवश्यकता है। धीरे-धीरे बुद्धों की संख्या बढ़ने लगी। पूर्व विश्वास के अनुसार एक काल में एक साथ दो बुद्ध नहीं होते। महायान में एक काल में अनेक बुद्ध हो सकते हैं, किन्तु एक लोक में

अनेक नहीं हो सकते। पहले ७ मानुषी बुद्धों का उल्लेख मिलता है; धीरे-धीरे यह संख्या २४ हो जाती है। इनके अलग-अलग बुद्ध-क्षेत्र हैं, जहां इनका अधिपत्य है। इसी प्रकार का एक बुद्ध-क्षेत्र सुखावती व्यूह है, जहां अमिताभ या (अमितायु) बुद्ध शासन करते हैं। यहां दुःख का लवलेश नहीं है; यह विशुद्धिसत्व से निर्मित है। यहां अमिताभ के भक्त मरणानन्तर निवास करते हैं। सुखावती व्यूह में नामजप, नामघोष, नामसंकीर्तन का बड़ा महात्म्य है। जो सुशील पुरुष सच्चे हृदय से अमिताभ का नाम एक बार भी लेते हैं, वे सुखावती में जन्म लेते हैं। इस निकाय का प्रचार जापान में विशेष रूप से हुआ। यहां के एक मन्दिर में ही यह ग्रन्थ मिला था।

इस प्रकार धीरे-धीरे बुद्धवाद विकसित हुआ। यह बौद्ध शासन में एक नूतन परिवर्तन है। यह लोकोत्तरवाद महासांघिकों में उत्पन्न हुआ। हम महासांघिकों का स्थविरों से पृथक् होना बता चुके हैं। विकसित होते-होते इस निकाय से महायान की उत्पत्ति हुई। बौद्ध संघ दो प्रधान यानों (मार्ग) में विभक्त हो गया—हीनयान और महायान।

हमने देखा कि किस प्रकार महायान में बुद्ध को एक विशेष अर्थ में लोकोत्तर बना दिया। इससे बुद्ध-भक्ति बढ़ने लगी। जब यनानियों ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया, तब बुद्ध की मूर्तियां बनने लगीं। भक्ति के कारण मूर्तिकला में भी उन्नति हुई। प्रसिद्ध रूपकारों ने प्रस्तर में भगवान के कुशल समाहित चित्त, उनकी मैत्री भावना और करुणा, उनके पुण्य और ज्ञान के संभार का उद्ग्रहण करने की सफल चेष्टा की। यह व्यक्त ह कि मूर्तिकला पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। गुप्तकाल इसका समृद्धिकाल है।

महायान की साधना

महायान में उपदेशकों का अदम्य उत्साह और जीवों की अर्थचर्या की अमिट अभिलाषा थी। उनका आदर्श अर्हत् के समान व्यक्तिगत निःश्रेयस् के लाभ का न था। पूर्णावदान में इस नये प्रकार के भिक्षु का चित्र हमको मिलता है। यह कथा पालिनिकाय में भी है (संयुत्त ४।०; मज्झिम ३।२६७)। किन्तु दिव्यावदान में इसका विकसित रूप मिलता है। दिव्यावदान के अनुसार पूर्ण जन्म से ही रूपवान्, गौर, सुवर्णवर्ण का था और वह महापुरुष के कुछ लक्षणों से समन्वागत था। शाक्यमुनि ने उनकी उपसंपदा (भिक्षुभाव) की थी। उन्होने बुद्ध से संक्षिप्त अववाद की देशना (उपदेश) चाही। भगवत् ने देशना के अनन्तर पूछा कि तुम किस जनपद में विहार करोगे? पूर्ण ने कहा, श्रोणापरान्तक में। बुद्ध ने कहा, किन्तु वहां के लोग चण्ड हैं, परुषवाची हैं। यदि वह आक्रोश करें, तुम्हारा अपवाद करें, तो तुम क्या सोचोगे? पूर्ण ने कहा कि मैं सोचूंगा कि वे लोग भद्रक हैं, जो मुझे हाथ से नहीं मारते, केवल परुषवचन कहते हैं। बुद्ध ने फिर कहा, यदि वह हाथ से मारें, तो क्या सोचोगे? पूर्ण ने कहा कि सोचूंगा कि वे लोग भद्रक हैं, जो मुझे हाथ से मारते हैं, दण्ड से नहीं मारते। बुद्ध ने पुनः पूछा, यदि वे दण्ड से मारें? पूर्ण ने कहा, तब मैं सोचूंगा कि वे भद्रपुरुष हैं, जो मेरे प्राण नहीं हर लेते। और यदि वे प्राण हर लें? पूर्ण ने कहा, तब मैं सोचूंगा कि वे भद्रपुरुष हैं, जो तुझे इस पूतिकाय

(दुर्गन्धपूर्ण शरीर) से अनायास ही विमुक्त करते हैं। बुद्ध ने कहा—साधु साधु ! इस उपशम से, इस क्षान्ति पारमिता से समन्वागत हो, तुम उन चण्ड पुरुषों में विहार कर सकते हो। जाओ, पूर्ण ! दूसरों को विमुक्त करो, दूसरों को पार लगाओ।

पूर्ण का आदर्श अर्हत् नहीं है। वह बोधिसत्व है अर्थात् उसका अभिप्राय बोधि की प्राप्ति है। वह कुछ लक्षणों से अन्वित है; सब लक्षणों से नहीं, जैसे बुद्ध होते हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि पूर्ण बोधिचर्या में कुछ उन्नति कर चुका है। उष्णीष, ऊर्ण, उसके लम्बे हाथ, सब इसके चिह्न हैं। वह क्षांति पारमिता से समन्वागत है। जब वह श्रोणापरान्तक में उपदेश का कार्य आरम्भ करता है, तब लोग उसके साथ दुष्ट व्यवहार करते हैं। एक लुब्धक, जो आखेट के लिए जा रहा था इस मुण्ड भिक्षु को देखकर, उसे अशकुन समझ, उसकी ओर दौड़ा। पूर्ण ने उससे कहा कि तुम मुझे मारो, हरिण का वध मत करो। यह नवीन प्रकार का भिक्षु है, जो धर्म के प्रचार को सबसे अधिक महत्त्व देता है। इसमें संदेह नहीं कि हीनयान के भिक्षुओं में भी इस प्रकार का उत्साह था, जैसे आनन्द में। किन्तु इस नये भिक्षु की साधना अष्टांगिक मार्ग की नहीं है, किन्तु पारमिता की है। यह क्षांति पारमिता में परिपूर्ण है। यह बुद्ध होना चाहता है, अर्हत् नहीं। जातक की निदान कथा से मालूम होता है कि शाक्यमुनि ने ५४७ जन्म में पारमिताओं की साधना की थी। बुद्ध होने के पूर्व वे बोधिसत्व थे। इस चर्या से उन्होंने पुण्य और ज्ञान-संभार प्राप्त किया था। वेस्सन्तर जातक में बोधिसत्व ने अपने शरीर का मांस भी दान में दे दिया था। वे सबके साथ मैत्री-भाव रखते थे। वे कहते हैं—जैसे माता अपने एक मात्र पुत्र की रक्षा प्राण देकर भी करती है, उसी प्रकार सब जीवों के साथ अप्रमेय (प्रमाण-रहित) मैत्री होनी चाहिए। इस नई विचार-प्रणाली के अनुसार भिक्षु इस मैत्री-भावना के विना नहीं हो सकता। इस दृष्टि में बुद्ध का पूर्ण वैराग्य ही पर्याप्त नहीं है किन्तु बुद्ध की सक्रिय मैत्री भी चाहिए। यह महायान का आदर्श है। बौधिसत्व संसार के जीवों के निस्तार के लिए निर्वाण में प्रवेश को भी स्थगित कर देता है। वह सब जीवों को दुःख से विमुक्त करना चाहता है। वह कहता है कि सबका दुःख-सुख बराबर है, मुझे सबका पालन आत्मवत् करना चाहिए। जब सबको समान रूप से दुःख और भय अप्रिय हैं, तब मुझ में क्या विशेषता है जो मैं अपनी ही रक्षा करूं, दूसरों की न करूं। उसके अर्हत्त्व से क्या लाभ, जो अपने ही लिए अर्हत् है ? क्या वह राग-विनिर्मुक्त है, जो अपने ही दुःखविमोचन का ख्याल करता है, जो केवल अपने ही निर्वाण का विचार करता है ? जो स्वार्थी है, जो सर्व क्लेश-विनिर्मुक्त है, जो द्वेष और करुणा दोनों से विनिर्मुक्त है; ऐसा अर्हत् क्या निर्वाण के मार्ग का पथिक होगा ? हीनयानी व्यर्थ कहते हैं कि उनका अर्हत् जीवन्मुक्त है। सच्चा अर्हत् बोधिसत्व है। इनके अनुसार हीनयानियों का मोक्ष अरसिक है (बोधिचर्यावतार, ८।१०८)। अर्हत् के निर्वाण और बुद्ध के निर्वाण में भी भेद हो गया। स्तोत्रकार मातृचेट कहते हैं कि जिस प्रकार नील आकाश और रोमकूप के विवर (छिद्र) दोनों आकाश धातु हैं, किन्तु दोनों में आकाश-पाताल का अन्तर है, उसी प्रकार का अन्तर भगवत् के निर्वाण और दूसरों के निर्वाण में है।

बुद्ध के पूर्व जन्म

शाक्यमुनि सर्वज्ञ थे। वे परम कारुणिक थे। जीवों के उद्धार के लिये उन्होंने उस सत्य का उद्घाटन किया और उस मार्ग का आविष्कार किया जिस पर चलकर लोग संसार से विमुक्त होते हैं। उन्होंने सम्यक् ज्ञान की प्राप्ति केवल अपने लिये नहीं की किंतु अनेक जीवों के क्लेश-बंधन को नष्ट करने के लिये की। इसके विपरीत अर्हत् केवल अपने निर्वाण के लिये यत्नवान् होता था। अर्हत् का आदर्श बुद्ध के आदर्श की अपेक्षा तुच्छ था। इस विशेषता का कारण यह है कि बुद्ध ने पूर्व-जन्मों में पुण्य राशि का संचय किया था और अनंत ज्ञान प्राप्त किया था। भगवान् बुद्ध का जीवनचरित अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि वह पूर्व-जन्मों मे 'बोधिसत्व' थे। पालि निकाय में जातक नाम का एक ग्रंथ है। यह भगवान् बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाओं का संग्रह है। जातक की निदानकथा में वर्णित है कि अनेक कल्प व्यतीत हो गये कि शाक्यमुनि अमरवती नगरी में एक ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए थे। उनका नाम सुमेध था। बाल्य-काल में ही उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। सुमेध को वैराग्य उत्पन्न हुआ और उसने तापस प्रव्रज्या की। एक दिन उसने विचार किया कि पुनर्भव दुःख है; मैं उस मार्ग का अन्वेषण करता हूँ जिस पर चलने से भव से मुक्ति मिलती है; ऐसा मार्ग अवश्य है; जिस प्रकार लोक में दुःख का प्रतिपक्ष सुख है, उसी प्रकार भव का भी प्रतिपक्ष विभव होना चाहिये, और जिस प्रकार उष्ण का उपशम शीत है, उसी प्रकार रागादि दोष का उपशम निर्वाण है। ऐसा विचार कर सुमेध तापस हिमालय में पर्णकुटी बनाकर रहने लगे। उस समय लोकनायक दीपंकर बुद्ध संसार में धर्मोपदेश करते थे। एक दिन सुमेध तापस आश्रम से निकल कर आकाश मार्ग से जा रहे थे। देखा कि लोग नगर को अलंकृत कर रहे हैं, भूमि को समतल कर रहे हैं, उस पर वालुका आकीर्ण कर लाज और पुष्पविकीर्ण कर रहे हैं, नाना रंग के वस्त्रों की ध्वजा-पताका का उत्सर्ग कर रहे हैं, और कदली तथा पूर्ण घट की पंक्ति प्रतिष्ठित कर रहे हैं। यह देखकर सुमेध आकाश से उतरे और लोगों से पूछा कि किस लिये मार्ग-शोधन हो रहा है। सुमेध को प्रीति उत्पन्न हुई और 'बुद्ध' 'बुद्ध' कहकर वे बड़े प्रसन्न हुए। सुमेध भी मार्ग-शोधन करने लगे। इतने में दीपंकर बुद्ध आगये। भेरी बजने लगी। मनुष्य और देवता साधु साधु कहने लगे। आकाश से मंदार पुष्पों की वर्षा होने लगी। सुमेध अपनी जटा खोलकर, वल्कल, चीर और चर्म बिछाकर, भूमि पर लेट गये और यह विचार किया कि यदि दीपंकर मेरे शरीर को अपने चरण कमल से स्पर्श करें तो मेरा हित हो। लेटे लेटे उन्होंने दीपंकर की बुद्ध-श्री को देखा और चिंता करने लगे कि सर्व क्लेश का नाश कर निर्वाण-प्राप्ति से मेरा उपकार न होगा। मुझको यह अच्छा मालूम होता है कि मैं भी दीपंकर की तरह परम संबोधि प्राप्त कर अनेक जीवों को धर्म की नौका पर चढ़ाकर संसार सागर के पार ले जाऊं और पश्चात् स्वयं परिनिर्वाण में प्रवेश करूँ। यह विचार कर उन्होंने 'बुद्ध-भाव' के लिये उत्कट अभिलाषा (पालि—अभिनीहार) प्रकट की।

दीपंकर के समीप सुमेध ने बुद्धत्व की प्रार्थना की और ऐसा दृढ़ विचार किया कि

बुद्धों के लिये में अपना जीवन भी परित्याग करने को उद्यत हूँ। इस प्रकार सुमेध 'अधिकार-संपन्न' हुए।

दीपंकर पास आकर बोले—इस जटिल तापस को देखो। यह एक दिन बुद्ध होगा। यह बुद्ध का 'व्याकरण' हुआ। यह एक दिन बुद्ध होगा, इस वचन को सुनकर देवता और मनुष्य प्रसन्न हुए और बोले—यह 'बुद्ध बीज' है, यह 'बुद्धांकुर' है। वहाँ पर जो 'जिन-पुत्र' (बुद्ध-पुत्र) थे, उन्होंने सुमेध की प्रदक्षिणा की। लोगों ने कहा—तुम निश्चय ही बुद्ध होगे। दृढ़ पराक्रम करो, आगे बढ़ो, पीछे न हटो। सुमेध ने सोचा कि बुद्ध का वचन अमोघ होगा।

बुद्धत्व की अकांक्षा की सफलता के लिये सुमेध बुद्धकारक धर्मों का अन्वेषण करने लगे और महान् उत्साह प्रदर्शित किया। अन्वेषण करने से १० 'पारमिता' प्रकट हुईं। इनका आसेवन पूर्व काल में बोधिसत्वों ने किया था। इन्हीं के ग्रहण से बुद्धत्व की प्राप्ति होगी। 'पारमिता' का अर्थ है 'पूर्णता'; पालि रूप 'पारमी' है। दस पारमिता ये हैं—दान, शील, नैष्क्रम्य, प्रज्ञा, वीर्य, क्षांति, सत्य, अधिष्ठान (=दृढ़ निश्चय), मैत्री (=अहित और हित में सम भाव रखना) तथा उपेक्षा (=सुख और दुःख में समान रूप रहना)। सुमेध ने बुद्ध गुणों का ग्रहण कर दीपंकर को नमस्कार किया। सुमेध की चर्या अर्थात् साधना प्रारम्भ हुई और ५५० विविध जन्मों के पश्चात् वह तुषित लोक में उत्पन्न हुए; और वहाँ बोधि प्राप्ति के सहस्र वर्ष पूर्व बुद्ध-हलाहल शब्द इस अभिप्राय से हुआ कि सुमेध की सफलता निश्चित है। तुषित लोक से च्युत होकर माया देवी के गर्भ में उनकी अवक्रांति हुई और मनुष्य भाव धारण कर उन्होंने सम्यक् संबोधि प्राप्ति की।

सुमेध-कथा से स्पष्ट है कि सुमेध ने सम्यक् संबोधि के आगे अर्हत् के आदर्श, निर्वाण को तुच्छ समझा और बुद्धत्व की प्राप्ति के लिये दस पारमिता का ग्रहण किया। शाक्य मुनि ने ५५० विविध जन्म लेकर पारमिताओं द्वारा सम्यक् संबुद्ध की लोकोत्तर संपत्ति प्राप्त की। शाक्यमुनि का पुण्यसंभार और ज्ञान अर्हत् के पुण्यसंभार और ज्ञान से कहीं बढ़कर है। बुद्ध अन्य अर्हतों से भिन्न हैं, क्योंकि उन्होंने निर्वाण मार्ग का आविष्कार किया है। अर्हत् ने बुद्ध के मुख से दुःख निरोध का उपाय श्रवण किया और उनके बताये हुए मार्ग का अनुसरण कर अर्हत् अवस्था प्राप्त की। बुद्ध का ज्ञान अनंत है और उनकी चर्या, साधना परार्थ है।

महायान धर्म का लक्ष्य—बुद्धत्व की प्राप्ति

महायान धर्म सर्व भूतदया पर आश्रित है। 'आर्य गयाशीर्ष' में कहा है—किमारंभा मंजुश्री बोधिसत्वानां चर्या। किमधिष्ठानां। मंजुश्रीराह महा करुणारंभा देवपुत्र बोधि-सत्वानां चर्या सत्वाधिष्ठानेति विस्तरः। (बोधिचर्यावतारपंकिजा पृ० ४८७)। अर्थात्, हे मंजुश्री, बोधिसत्वों की चर्या का आरंभ क्या है और उसका अधिष्ठान अर्थात् आलंबन क्या है? मंजुश्री बोले—हे देवपुत्र! बोधिसत्वों की चर्या महाकरुणा-पुरःसर होती है, अतः महाकरुणा ही उसका आरंभ है। इस करुणा के जीव ही पात्र हैं। दुःखित जीवों का अवलंबन करके ही करुणा की प्रवृत्ति होती है।

आर्य धर्म संगीति में कहा है—न भगवन् बोधिसत्वेनातिबहुषु धमषु शिक्षितव्यम्। एक एव हि धर्मो बोधिसत्वेन स्वाराधितकर्तव्यः सुप्रतिविद्धः। तस्य करतलगताः सर्वे बुद्धधर्मा भवंति। भगवन् येन बोधिसत्वस्य महाकरुणा गच्छति तेन सर्वबुद्धधर्मा गच्छंति। तद्यथा भगवन् जीवितेंद्रिये सत्वं येषामिंद्रियाणां प्रवृत्तिर्भवति एवमेव भगवन् महाकरुणायां सत्यां बोधिकारकाणां धर्माणां प्रवृत्तिर्भवति (बोधि० पृ० ४८६-४८७)। अर्थात्, हे भगवन्, बोधिसत्व के लिये बहुधर्म की शिक्षा का ग्रहण अनावश्यक है। बोधिसत्व को एक ही धर्म स्वायत्त करना चाहिये। उसके हस्तगत होने से सब बुद्ध-धर्म हस्तगत होते हैं। जिस ओर महाकरुणा की प्रवृत्ति होती है, उसी ओर सब बुद्ध-धर्मों की प्रवृत्ति होती है। जिस प्रकार जीवितेंद्रिय के रहते अन्य इन्द्रियों की प्रवृत्ति होती है, उसी प्रकार महाकरुणा के रहने से बोधकारक अथवा बोधिपाक्षिक धर्मों की प्रवृत्ति होती है।

महायान धर्म में महाकरुणा को सम्यक् संबोधि का साधन माना है। भगवान् बुद्ध के चरित से भी महाकरुणा की उपयोगिता प्रकट होती है। 'महावग्ग' में वर्णित है कि जब भगवान् को बोधि वृक्ष के तले संबोधि (सम्यक् ज्ञान) प्राप्त हुई, तब धर्म-देशना (उपदेश) में उनकी प्रवृत्ति न थी। उन्होंने सोचा कि लोग अन्धकार से आच्छन्न हैं और राग दोष से संयुक्त हैं, अतः धर्म का प्रकाश नहीं देख सकते। यदि मैं इन्हें धर्मोपदेश भी करूँ तब भी इनको सम्यक् ज्ञान की प्राप्ति न होगी। बुद्ध का यह भाव जानकर ब्रह्मास-हंपति को चिंता हुई कि यदि बुद्ध धर्मोपदेश न करेंगे तो संसार नष्ट हो जायगा। आर्तजन को दुःखार्णव के उस पार कौन ले जायगा और धर्मनदी का प्रवर्तन कर कौन जीवलोक की तृष्णा का उपशम करेगा? यह विचार कर ब्रह्मा बुद्ध के सम्मुख प्रादुर्भूत हुए और भगवान् से प्रार्थना की कि भगवान् धर्म का उपदेश करें; नहीं तो जो लोग दोषपूर्ण हैं, वे धर्म का परित्याग कर देंगे। भगवान् ने कहा कि मैंने गंभीर और दुरनुबोध धर्म पाया है, पर धर्म-देशना में मेरा चित्त नहीं लगता। ब्रह्मा के विशेष प्रार्थना करने पर जीवों पर करुणा कर भगवान् ने बुद्धचक्षु से लोक को देखा और जाना कि जीव दुःखार्दित हैं। अतः ब्रह्मासहंपति की प्रार्थना भगवान् न स्वीकार की और सर्वभूत-दया से प्रेरित होकर सत्वों के कल्याण के लिये धर्मोपदेश किया।

जहाँ 'हीनयान' का अनुगामी केवल अपने दुःख का अत्यंत निरोध चाहता है, वहाँ 'महायान' धर्म का साधक बुद्ध के समान अपने ही नहीं किन्तु सत्वसमूह के जन्म-मरणादि दुःखों का अपनयन चाहता है। बोधिचर्या (बुद्धत्व की प्राप्ति की साधना यह पारमिता की साधना है) का ग्रहण केवल इसी अभिप्राय से है कि जिसमें साधक सब जीवों का समुद्धरण करने में समर्थ हो। महायान का अनुगामी निर्वाण का अधिकारी होते हुए भी भूतदया से प्रेरित हो संसार का उपकार करने के लिये अपने इस अपूर्व अधिकार का भी परित्याग करता है। इसी कारण महायान ग्रंथों में सप्तविध अनुत्तर पूजा का एक अंग 'बुद्धयाचना' कहा है जिसमें निर्वाण की इच्छा रखने वाले कृतकृत्य जनों से प्रार्थना की जाती है कि वे अनन्त कल्प तक निवास करें जिसमें यह लोक अन्धकार से अच्छन्न न हो।

हीनयान तथा महायान की परस्पर तुलना करते हुए अष्ट साहस्रिका प्रज्ञापारमिता के एकादश परिवर्त में कहा है कि हीनयान के अनुयायी का विचार होता है कि मैं एक

आत्मा का दमन करूँ, एक आत्मा को शम की उपलब्धि कराऊँ और एक आत्मा को निर्वाण प्राप्त कराऊँ। उसकी सारी चेष्टाएँ इसी उद्देश्य की सिद्धि के लिये होती हैं। पर बोधिसत्व की शिक्षा अन्य प्रकार की है। उसका अभिप्राय उदार और उत्कृष्ट है। वह अपने को परमार्थ सत्य में स्थापित करना चाहता है, पर साथ ही साथ सब सत्वों की भी परमार्थ सत्य में प्रतिष्ठा चाहता है। वह अप्रमेय सत्वों को परिनिर्माण की प्राप्ति करने के लिये उद्योग करता है। इसलिय बोधिसत्व को हीनयान की शिक्षा ग्रहण न करनी चाहिये। सर्व ज्ञान के मूल स्वरूप प्रज्ञापारमिता को छोड़ कर जो शाखा-पत्र स्वरूप हीनयान में सार-बुद्धि देखते हैं, वह भूल करते हैं।

एक महायान ग्रंथ का कहना है कि महाकरुणा ही मोक्ष का उपाय है। हीनयानवादी इस मोक्षोपाय को नहीं रखता। उसकी प्रज्ञा असमर्थ है, क्योंकि वह पाप-शोधन का उपाय नहीं रखता।

महायान ग्रंथों के अनुसार जो बुद्धत्व की प्राप्ति के लिये यत्नवान् है अर्थात् जो बोधिसत्व है, उसे षट्पारमिता का ग्रहण करना चाहिये। दान, शीलादि गुणों में जिसने पूर्णता प्राप्त की है, उसके लिये कहा जाता है कि इसने दान, शीलादि पारमिता हस्तगत कर ली हैं। यही बोधिसत्व शिक्षा है और इसी को बोधिचर्या कहते हैं। षट्पारमिता निम्नलिखित हैं—दान, शील, क्षांति, वीर्य, ध्यान और प्रज्ञा। षट्पारमिता में प्रज्ञापारमिता का प्राधान्य है। प्रज्ञापारमिता यथार्थ ज्ञान को कहते हैं। इसका दूसरा नाम भूत-तथता है। प्रज्ञा के बिना पुनर्भव का अंत नहीं होता। प्रज्ञा की प्राप्ति के लिये ही अन्य पारमिताओं की शिक्षा कही गई है। प्रज्ञा द्वारा परिशोधित होने पर ही दान आदि पूर्णता को प्राप्त होते हैं और 'पारमिता' का व्यपदेश प्राप्त करते हैं। बुद्धत्व की प्राप्ति में इस पुण्यसंभार की परिणामना होने के कारण ही इनकी पारमिता सार्थक होती है। यह पंच पारमिता प्रज्ञारहित होने पर लौकिक कहलाती है। उदाहरण के लिये जब तक दाता भिक्षु, दान और अपने अस्तित्व में विश्वास रखता है, तब तक उसकी दान पारमिता लौकिक होती है; पर जब वह इन तीनों के शून्य भाव को मानता है, तब उसकी पारमिता लोकोत्तर कहलाती है। जब पंच पारमिता प्रज्ञापारमिता से समन्वागत होती है, तभी वह सचक्षुष्क होती है और उसको लोकोत्तर संज्ञा प्राप्त होती है। प्रज्ञा की प्रधानता होते हुए भी अन्य पारमिताओं का ग्रहण नितांत आवश्यक है। संबोधि की प्राप्ति में दान प्रथम कारण है, शील दूसरा कारण है।

दान, शील की अनुपालना क्षांति द्वारा होतीं है। दानादि त्रितय पुण्य संभार, वीर्य अर्थात् कुशलोत्साह के बिना नहीं हो सकता। और बिना ध्यान अर्थात् चित्तेकाग्रता के प्रज्ञा का प्रादुर्भाव नहीं होता; क्योंकि समाहित चित्त होने से ही यथाभूत परिज्ञान होता है जिससे सब आवरणों की अत्यंत हानि होती है।

इसी बोधिचर्या का वर्णन शांतिदेव ने बोधिचर्यावतार तथा शिक्षासमुच्चय में विशेष रूप से किया है। शांतिदेव महायान धर्म के एक प्रसिद्ध शास्त्रकार हो गए हैं। ये सातवीं शताब्दी में हुए थे। इन्हीं के ग्रंथों के आधार पर महायान मत का स्पष्ट रूप समझा जा सकता है।

वाल्मीकि रामायण में रामराज्य-कल्पना

विशुद्धानन्द पाठक

प्रत्येक काल और देश में जनसाधारण के उत्कर्ष अथवा अपकर्ष में शासन का स्वरूप और उसके उद्देश्य बहुत बड़ी मात्रा में उत्तरदायी होते हैं। यही कारण है जिससे प्रेरित होकर प्राय: प्रत्येक युग में विवेकशील पुरुषों ने कभी भी भौतिक सुखों की चर्चा अथवा चिन्ता करते समय राजनीति के उपर्युक्त अंग की उपेक्षा नहीं की। और आजकल तो कहीं कहीं आध्यात्मिक और मानसिक सुखों की भी चिन्ता करते समय उनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। आज बीसवीं शती के उत्तरार्ध में तो यह प्रश्न इतना व्यापक हो गया है कि इसके विशाल उदर में अन्य सभी सामाजिक और आर्थिक समस्यायें मानों समा ही गई हैं तथा उनका अलग कोई अस्तित्व नहीं रह गया है। परन्तु यहां वादों के विवाद में न पड़कर हम यदि प्राचीन भारतीय इतिहास के कुछ पन्नों को उलटें तो अवश्य ऐसी प्रेरणायें प्राप्त होंगी जो हमें आगे ले जाने में सहायक हों। इसमें दो मत नहीं हो सकते कि जो पीछे बीत गया, वह आगे लाकर बैठाया नही जा सकता। चलने वाले को तो आगे चलना है परन्तु जितना पीछे वह चल चुका है क्या आगे जाने में उसको वहां से कुछ सम्बल नहीं मिलेगा ? यह भी सोचने की बात है। सच तो यह है कि इतिहास ही वह दर्पण है जिसमें भला और बुरा दोनों स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। यह तर्क उपस्थित किया जा सकता है कि कुछ विचार अथवा आदर्श ऐसे हो सकते हैं जो अत्यन्त प्राचीन काल में तो भले अथवा ऊँचे रहे हों परन्तु आज के प्रगतिवादी नवीन युग में वैसे नहीं हों, अथवा उन दिनों अग्राह्य माने जाते हों पर अब वे ग्राह्य समझे जांय। पर यह भी तो हो सकता है कि कुछ बातें ऐसी हों जो उस समय भी ग्राह्य हों और आज भी उनका ग्रहण आवश्यक हो। इस दृष्टि से वाल्मीकि रामायण की जो रामराज्य की कल्पना है, उसका कुछ विवेचन करना अप्रासंगिक नहीं होगा।

रामराज्य का सर्वप्रथम वर्णन वाल्मीकि रामायण में प्राप्त होता है। इस महाकाव्य की साहित्यिक महता तो है ही, उसका एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक मूल्य भी है। ऐसा तो नहीं कहा जा सकता कि आजकल रामायण के जितने भी संस्करण प्राप्त हैं उन सभी में वर्णित सब कुछ इतिहास की कसौटी पर सही उतरता है। परन्तु जो गलत है अथवा कवि की कोरी कल्पना है, उसे आसानी से अलग किया जा सकता है और जो सत्य तथा ऐतिहासिक तथ्य है, वह स्पष्ट दिखाई दे सकता है। प्राय: अधिकांश विद्वानों का मत है कि वाल्मीकि रामायण, जैसा आज उपलब्ध है, वह सम्पूर्ण रूप में बाल्मीकि की रचना नहीं है।[१]

---

१. 'ए हिस्ट्री आंफ इंडियन लिटरेचर' : अंग्रेजी में : विन्टरनिट्ज़ कृत, १९२७ पृष्ट ४९३ तथा ४९५; चि. वि. वैद्यकृत 'दि रिडिल ऑफ दि रामायण' : अंग्रेजी में : बम्बई १९०६, अध्याय ३, पृष्ट ३१ के बाद।

बालकांड तथा उत्तरकांड के अलावे बीच के कांडों में भी ऐसे अनेक स्थल प्राप्त होते हैं जो स्पष्टरूप से प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं । यह संभव है कि वे पीछे से जोड़ दिये गये हों ।[1] परन्तु उनके संबन्ध में भी यह ध्यान देने की बात है कि उनमें वर्णित अधिकांश भागों का भारतीय परम्परा में बहुत बड़ा स्थान है और ऐसा प्रतीत होता है कि सही ऐतिहासिक घटनायें ही उनका आधार हैं । बुद्धपूर्व भारतीय इतिहास में तो परम्परा का बहुत बड़ा महत्व है और यह स्वीकृत नहीं किया जा सकता कि उनमें वर्णित सब कुछ झूठा है । इस दृष्टि से देखने पर यह सही जान पड़ता है कि वाल्मीकि रामायण में जो रामराज्य का वर्णन किया गया है, उसका ऐतिहासिक आधार है ।

रामायण के अतिरिक्त प्रस्तुत विषय का वर्णन कालिदास के रघुवंश से, पुराणों में विशेषतः पद्मपुराण से, आध्यात्म रामायण से, भवभूति के उत्तररामचरित से और अनेक संस्कृत के छोटे नाटकों तथा नाटिकाओं से प्राप्त होता है । उनका भी महत्व है और रामायण से प्राप्त रामराज्य सम्बन्धी ज्ञान की पुष्टि में भरपूर सहायता मिलती है ।

रामराज्य राजा रामचन्द्र के द्वारा शासनसूत्र ग्रहण करने के बाद किसी सिद्धान्त विशेष के द्वारा किसी भी एक दिन प्रारम्भ कर दिया गया हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता । इसका प्रारम्भ तो राजा मनु ने किया था । ये मनु वही थे जिनको पुराणों[2] ने समस्त भारतीय सूर्यवंशी और चन्द्रवंशी राजाओं का आदि पूर्वज माना है । मनु के पुत्र इक्ष्वाकु से अयोध्या का जो सूर्यवंशी राज्य चला उसी में उनसे ६१ पीढ़ी बाद राम ने शासन किया ।[3] इन दोनों के बीच ऐसे अनेक शासक हुये जिन्होंने बहुत विस्तृत भारतीय भूभाग पर केवल अपनी विजय पताका ही नहीं फहराई अपितु उनको संभालने के लिये एक सुव्यवस्थित शासन की भी स्थापना की । उनमें मान्धाता, हरिश्चन्द्र, सगर, रघु और दशरथ आदि तो ऐसे प्रतापी और प्रसिद्ध हुये कि उन्हें देश की परम्परा में अक्षुण्ण स्थान प्राप्त हो गया । राम के शासन की चर्चा करते समय, उपर्युक्त राजाओं ने जो कुछ किया, उसे अलग नहीं किया जा सकता । हां इतना अवश्य है कि सर्वसाधारण जनता ने आदर्श शासक के रूप में राम को जितना ग्रहण किया उतना और किसी को नहीं । यहां तक हुआ कि धीरे धीरे उच्च आदर्शों से प्रेरित और शासितों की हर प्रकार से सेवा करने वाला कोई भी शासन रामराज्य कहा जाने लगा । आज रामराज्य हर प्रकार से उच्च और श्लाघ्य व्यवस्था का पर्यायवाची शब्दपद हो गया है जिसकी स्थापना का स्वप्न भारतीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जीवन भर देखते रहे । ऐसा अपने आप हो गया हो यह सम्भव नहीं दीखता । यह सत्य है कि राम जो पहले साधारण पुरुष तथा एक प्रजा सेवक राजा

---

१. चि. वि. वैद्यकृत 'दि रिडिल ऑफ़ दि रामायण' : अंग्रेजी में : बम्बई १९०६, पृष्ठ ३२ ।

२. ब्रह्मांड भाग ३, ६३, ८–२१४ । वायु ८८, ८–२१३ । मत्स्य १२, २५-५७ । पद्म, भाग ५, ८, १३०–१६२ । विष्णु, भाग ४, अध्याय २, ३ और ४ । अग्नि, अध्याय २७२, आदि ।

३. वही

माने जाते थे पीछे अवतार माने जाने लगे और भारतीय धार्मिक विश्वासों में उनकी पूजा ने भी बहुत बड़ा स्थान बना लिया। परन्तु केवल इसी कारण उनका राज्य आदर्श मान लिया गया हो, यह नहीं स्वीकृत किया जा सकता। उनकी महानता को जो मान्यता प्राप्त हुई, उसके अनेक कारण थे। उनमें सम्भवतः सबसे बड़ा उनका वह रूप था जिसे शासक अथवा राजा की हैसियत से भारतीय समाज ने देखा। वह रूप उन्होंने अपने पूर्वजों से उत्तराधिकार तथा आनुवंशिक क्रम से तो प्राप्त किया ही था, उसका स्वयं भी विकास किया। ऐसे अनेक आदर्श तथा भावनायें थीं जो उन्होंने पारिवारिक विशेषता के रूप में पाया था परन्तु उनकी अपनी देन भी कुछ कम नहीं थी। शासन का जो स्वरूप पहले से चला आता था उस पर उन्होंने अपनी अमिट छाप चढ़ा दी। यह छाप किसी सिद्धान्त विशेष के द्वारा नहीं चढ़ी अपितु कुछ ऐसे व्यक्तिगत उदाहरणों और कार्यों से सम्पन्न हुई जिनका तत्कालीन समाज के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ा। मेरा तो यह मत है कि जो इक्ष्वाकु राज्य धीरे धीरे रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध हो गया, उसका सबसे बड़ा कारण राम के द्वारा उपस्थित किया गया व्यक्तिगत उदाहरण ही था, जिससे अनेक सदियों तक भारतीय राजाओं को प्रेरणा प्राप्त होती रही।

राज्य की उत्पत्ति

वाल्मीकि रामायण के देवनागरी संस्करणों[1] में ऐसा कोई वर्णन नहीं प्राप्त होता जिससे यह ज्ञात हो सके कि प्रारम्भ में राज्य की उत्पत्ति कैसे हुई। परन्तु दक्षिणी भारत में प्रचलित उसके कुम्भकोणम् वाले संस्करण में एक स्थल ऐसा प्राप्त होता है जहां यह वर्णन है कि लोगों ने ब्रह्मा से एक राजा के लिये प्रार्थना की।[2] इससे यह कल्पना की जा सकती है कि प्रारम्भ में राजतंत्र की ही स्थापना हुई। स्वयं वाल्मीकि राजतंत्र के अलावे और किसी दूसरे प्रकार के राज्य स्वरूप का वर्णन नहीं करते। ऐसा लगता है कि उनके समय में गणतन्त्रीय शासन पद्धति का अभाव था और भारतवर्ष में किसी भी गणराज्य का ज्ञान उन्हें नहीं था। प्रारम्भ में राज्यसंस्था की उत्पत्ति के कारण क्या थे इसका भी कोई उत्तर रामायण से नहीं मिलता। परन्तु एक स्थल ऐसा अवश्य है जिसमें 'अराजक जनपद' का वर्णन है और यह बताया गया है कि यदि किसी जनपद में राजा न रहे तो कौन कौन सी दुर्व्यवस्थायें उत्पन्न होती हैं।[3] 'अराजक जनपद' का वर्णन करते हुये वाल्मीकि ने कहा है "बिना राजा के राज्य में पुत्र पिता के और पत्नी पति के वश में नहीं रहती। बिना राजा के राज्य में धन नहीं रहता, स्त्री भी नहीं रहती, फिर भला सत्य कहां से रहे। बिना राजा के राज्य में लोग सभाओं में प्रवेश नहीं करते तथा लोग सुन्दर उद्यान और धर्मशाले नहीं बनवाते। ....बिना राजा के राज्य में न्यायाधीश समुचित रूप से न्याय का वितरण नहीं कर पाते और न तो कथाओं में अनुरक्ति रखने वाले लोगों को

---

१. देखिये, पंडित पुस्तकालय, काशी, का १९५१ संस्करण।

२. देखिये, मिस पी. सी. धर्मा कृत 'दि रामायण पॉलिटी' (अंग्रेजी में) १९४१, मद्रास, पृष्ठ १२।

३. वा० रा० अयोध्याकांड, सर्ग ६७।

सन्तुष्ट करने का व्यास लोगों को अवसर ही प्राप्त होता है। बिना राजा के राज्य में सुन्दर वस्त्राभूषण पहिनकर बालिकायें शाम को बाग में खेलने नहीं जातीं। बिना राजा के राज्य में तेज गति वाली सवारियों पर चढ़कर अपनी कमनियों के साथ लोग जंगलों का आनन्द लूटने नहीं जाते तथा धनवान लोग सुरक्षित नहीं रहते। बिना राजा के राज्य में कृषि, गोरक्षा आदि से जीविका चलाने वाले लोग रात में अपने किवाड़ों को खोल कर नहीं सोते। …………बिना राजा के राज्य में अकेले ही चलने वाला मुनि जहां ही सांझ होती है, वहीं रुक जाता है और भय के मारे आगे नहीं बढ़ता। बिना राजा के राज्य में लोगों का योगक्षेम नहीं चलता और बिना राजा के राज्य की सेना भी शत्रु का मुकाबला नहीं कर पाती…………जैसे जल के बिना नदी, बिना तृण का बन, और बिना ग्वाले के गायें रहती हैं, वही दशा बिना राजा वाले राज्य की होती है…………बिना राजा के राज्य में किसी का अपना कुछ नहीं है। लोग आपस में ही एक दूसरे को मछलियों की तरह खा जाते हैं।"[१]

इस उद्धरण से यह स्पष्ट है कि राजा के अभाव में दण्ड की व्यवस्था का अन्त हो जाता है। शासन और दंड के न होने से समाज के आपसी व्यवहार विश्रृंखलित हो जाते हैं और लोग अपनी अपनी मर्यादाओं को लांघ कर अनुचित और गलत पथ का अवलम्बन करने लगते हैं। रक्षा के अभाव में समाज की उन्नति सम्बन्धी व्यापार रुक जाते हैं और लोगों को न्याय नहीं प्राप्त होता। इस प्रकार राजारहित राज्य में वाल्मीकि के कथनानुसार मात्स्य-न्याय प्रचलित हो जाता है। यहां तुलनात्मक दृष्टि से यह ध्यान रखने की बात है कि महाभारत में भी रामायण ही की तरह वर्णन प्राप्त होते हैं[२] और दोनों के अराजक वर्णन में भावों की ही समानता नहीं, कहीं कहीं तो शब्दों की भी समानता है। अस्तु, उपर्युक्त वर्णन से यह साफ हो जाता है कि राजा के शासन करते हुये दंड व्यवस्था के द्वारा जन समाज में रक्षा और न्याय की प्रतिष्ठा रहती है और वह निरन्तर बढ़ता रहता है। लक्षणा से यह प्रतीत होता है कि प्रारम्भ में जब मात्स्य-न्याय का ही बोल बाला रहा होगा तो उस अनिश्चित और दुःखद अवस्था का अन्त और दंड के द्वारा रक्षा और न्याय की प्रतिष्ठा के लिये ही राजा की उत्पत्ति हुई होगी और राजा के साथ राज्य का भी निर्माण हुआ।

उपर्युक्त उद्धरण में 'अराजक' शब्द पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। टीका-कारों ने[३] उसकी व्याख्या करते हुये 'अराजक जनपद' का अर्थ राजविहीन जनपद बताया है। परन्तु यह व्याख्या केवल प्रसंगतः ही सही प्रतीत होती है। प्रसंग यह था कि राजा दशरथ के मर जाने के बाद, राम के बन चले जाने की अवस्था में तथा भरत के अपनी

१. वा० रा०, अयोध्याकांड, सर्ग ६७।
२. महाभारत, शान्तिपर्व, ६७ वां अध्याय,
३. वा. रा., पंडित पुस्तकालय, काशी का प्रकाशन, अयोध्याकांड सर्ग ६७; वा. रा. तिलक, शिरोमणि और भूषण टीकाओं से समन्वित, न्यूजप्रिंटिंग प्रेस, बम्बई से प्रकाशित।

ननिहाल केकय देश में रहते हुये, अयोध्या में राजगद्दी शून्य रहे अथवा उस पर 'राजकर्ता' लोग किसी को आसीन करें। कुछ समय के लिये अयोध्या में किसी भी राजा का अभाव रहा तथा उस अभाव की अवस्था को 'अराजक' अवस्था की संज्ञा देते हुये वाल्मीकि ने उसकी विपत्तियों का वर्णन किया है। परन्तु जो विपत्तियाँ उस अवस्था की गिनाई गई हैं, वे सभी किसी भी ऐसे जनपद में आ सकती हैं, जिनमें कोई शासन व्यवस्था न हो, चाहे वह व्यवस्था राजतंत्र पर आधारित हो, गणतंत्र में अपेक्षित हो अथवा और ही किसी तन्त्र से लगी हुई हो। ऐसी दशा में 'अराजक जनपद' का अर्थ शासन और दंडविहीन जनपद भी किया जा सकता है। इस दृष्टि से सबसे प्रारम्भिक राज्य राजतंत्रीय या गणतंत्रीय अथवा कुलतंत्रीय था, यह प्रश्न कुछ विशेष महत्व का नहीं है तथा वाल्मीकि के उपर्युक्त वर्णन में यदि हम राज्य की उत्पत्ति के कारणों को देखते हैं तो वह राज्य किसी प्रकार भी राज्य हो सकता है जो मात्स्य-न्याय का अन्त कर के दंडपूर्वक शासन, न्याय, और रक्षा की भावना को प्रतिष्ठा दे।

रामराज्य में राजा के कर्त्तव्य

रामराज्य राजतंत्रीय पद्धति वाला राज्य था और राज्य का सबसे बड़ा अधिकारी राजा ही होता था। राज्य के प्रधान होने के नाते मुख्यतः उसके तीन प्रकार के कर्त्तव्य होते थे। सैनिक दृष्टि से युद्धों और विजयों के अवसर पर राजा ही सेनाओं का नेतृत्व करता था। राज्य की कार्यकारिणी का राजा ही प्रधान होता था तथा किसी भी अवसर पर किसी विशेष कार्य के सम्बन्ध में आज्ञा निकालना, अधिकारियों को आदेश देना, राजसभा से विचार-विमर्श कर निर्णय करना तथा निर्णयों को कार्यरूप में परिणत करना भी उसी का कार्य था। न्याय के दृष्टि से राजा सर्वमुख्य विचारपति भी होता था। राजदरबार में बैठकर लोगों की फरियाद सुनना और न्याय का वितरण करना उसका एक मुख्य कर्त्तव्य था। अकाल मृत्यु को प्राप्त अपने इकलौते पुत्र के शोक से पीड़ित गरीब ब्राह्मण को विलाप करते हुये राम ने अपने राजद्वार पर सुना और उसके दुःख के कारणों पर विचार करने के लिये, उन्होंने मंत्रियों, ब्राह्मणों, नैगमों तथा ऋषियों की सभा अपने राजदरबार में बुलाई।[१] इस एक ही घटना से राजा के कर्तव्यों पर पूरा प्रकाश पड़ता है। और उसके कार्यकारिणी तथा न्याय सम्बन्धी कार्यों का अभास मिल जाता है।

सीमित राज्यतन्त्र

यहाँ राजतंत्रीय प्रणाली से यह नहीं समझ लेना चाहिये कि राजाओं के हाथ में स्वच्छन्द और निरंकुश शक्ति थी। पश्चिम के प्रायः अधिकांश विद्वानों ने पूर्वीय देशों के इतिहास पर लिखते समय सरसरी तौर से यह लिख डाला है कि पूर्व में शासन की दृष्टि से सर्वदा निरंकुशता का ही बोल बाला था। इसके लिये उन्होंने सामान्य संज्ञा दी है "ओरियन्टल डेसपॉटिजम" अर्थात् पौर्वात्य निरकुशता।[२] परन्तु एशिया के और देशों की

---

१. वा. रा., उत्तरकांड, ७४, १—६।

२. "दि हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ् दि इंडियन पीपुल" : अंग्रेजी में : मजुमदार और पुसालकर द्वारा सम्पादित जिल्द १, पृष्ठ ३९।

चर्चा यहाँ न करके यदि केवल भारतीय इतिहास को ही ध्यान में रखा जाय तो इस कथन की सत्यता केवल मध्य-युग में ही दिखाई देती है और यह कहा जा सकता है कि निरंकुशता का सर्वाधिक प्रचलन मुसलमानी शासकों ने ही किया। हर्षवर्धन के पूर्व का भारतीय इतिहास यदि सही रूप में देखा जाय तो शासकों को निरंकुश नहीं कहा जा सकता। बुद्धपूर्व काल में तो ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं जहाँ निरंकुश शासकों का शासितों और राज्यचिन्तकों ने सक्रिय विरोध कर के या तो उन्हें राजगद्दी से हटा दिया अथवा कभी कभी उनका बध भी कर दिया। उसके बाद उन्होंने नियमानुकूल शासन करने वाले राजाओं को गद्दी दी। राजावेण का उरुमन्थन[1] भारतीय साहित्य में प्रसिद्ध है। ऐसा लगता है कि यह उनके बध का ही आलंकारिक वर्णन है। उनके पुत्र पृथु वैण्य ने उससे शिक्षा ली और अपनी लोकप्रियता के लिये सतत् प्रयत्न किया।

वाल्मीकि रामायण में ऐसे अनेक स्थल प्राप्त होते हैं, जहां यह वर्णन है कि इक्ष्वाकु राजाओं ने अपनी प्रजा का पुत्र की तरह पालन किया। अयोध्याकांड में राजा दशरथ ने अपनी सभा के सम्मुख यह कहा है "आप जानते हैं कि मेरे पूर्वजों ने मेरे उत्तम राज्य का पुत्र की तरह परिपालन किया है"।[2] कालिदास ने इस वर्णन की पुष्टि करते हुये यह लिखा है कि रघुवंशी राजा ही अपनी प्रजा का सच्चा पितृत्व करते थे। प्रजाओं को जन्म देने वाला पितृवर्ग तो केवल नाम मात्र का था। भरण-पोषण और रक्षण के द्वारा राजा ही उनका असली पिता था।[3] राम के सम्बन्ध में भी, जब वे वन जाने लगे, पौरों ने यह कहा कि उन्होंने उनकी पुत्र की तरह रक्षा की है।[4] इस प्रकार का प्रजावात्सल्य आगे चल कर अशोक ने भी प्रदर्शित किया और उन्होंने अपने प्रथम कलिंग शिलालेख में[5] कहा है "सब मुनि से प्रजा मम" अर्थात् सभी लोग मेरी प्रजा हैं। प्रजा का अर्थ यहां पुत्र पुत्रियों से है। परन्तु इस प्रकार के कथन में कुछ विद्वानों को निरंकुशता की गन्ध मिली है और यह कहा गया है कि इस प्रकार के पितृस्वामित्व से राजाओं को अपनी प्रजा पर वे स्वच्छन्द अधिकार मिल गये जिनसे लाभ उठा कर उनके साथ वे चाहे जैसा व्यवहार करते थे।[6] परन्तु यहां यह ध्यान देने की बात है कि पिता और पुत्र का सम्बन्ध

---

१. महाभारत, शान्तिपर्व, ५९ वां अध्याय।

२. विदितं भवतामेतद्यथा मे राज्यमुत्तमम्। पूर्वकैर्ममराजेन्द्रैर्सुतवत्परिपालितम्॥ वा. रा., अयोध्याकांड २ पृ० ४।

३. प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणदपि। सपिता पितरस्तासां केवलं जन्म हेतवः॥ रघुवंश १, २४।

४. यो नः सदा पालयति पिता पुत्रानिवौरसान्। कथं रघूणांस श्रेष्ठस्त्यक्त्वानो विपिनं गतः॥ वा. रा. अयोध्याकांड ४७, ६।

५. जनार्दन भट्ट कृत, 'अशोक के धर्मलेख' पृष्ठ २७६।

६. (अ) दे. रा. भंडारकरकृत 'अशोक' : अंग्रेजी में : कलकत्ता विश्वविद्यालय प्रकाशन, १९२५. पृष्ठ ६३।

(ब) दे. रा. भंडारकृत सम ऐस्पेक्ट्स आंफ् ऐन्शियट हिन्दू पांलिटी : अंग्रेजी में : १९२८, पृष्ट १६९।

स्वामित्व और अधिकार का उतना नहीं होता जितना वात्सल्य प्रेम और सज्ञान भलाई की भावना का। यह सम्बन्ध प्राचीन यूनान के नागरिकों और गुलामों ('हेलटस्') के संबंध जैसा हो, यह कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपनी प्रजा को पुत्र की तरह पालने वाला राजा निश्चय ही उसके प्रति प्रेम करेगा, मनमाना व्यवहार और अत्याचार नहीं। निश्चय ही इक्ष्वाकु वंशी राजाओं का यह भाव रहा होगा कि जैसे उनके औरत, पुत्र और पुत्रियां सुखी रहें, वैसे ही सुख का भोग उनकी प्रजा भी करे। इस तर्क के आधार पर यह कहा जा सकता है कि रामराज्य सच्चे अर्थ में प्रजावात्सल्य से प्रेरित होकर अपनी राज्यसीमा में रहने वालों के लिये एक आदर्श पिता की नाईं मार्गदर्शक, रक्षक और पोषक का कार्य करता था।

रामराज्य एक सीमित राजतंत्रीय पद्धति वाला राज्य था। अयोध्या के इक्ष्वाकु कुल ने कभी तत्कालीन शासन सम्बन्धी नियंत्रणों का उलंघन नहीं किया। हां यह अवश्य कहा जा सकता है कि सीमित राज्यतंत्र का जो अर्थ आज लगाया जाता है, संभवतः वही अर्थ उस समय की सीमाओं के सम्बन्ध में नहीं प्रतिष्ठित किया जा सकता। उस काल की राजतंत्रीय सीमाओं और आजकल की सीमाओं में बड़ा अन्तर हो गया है। समय की अत्यन्त तीव्र गति के साथ प्राचीन भारतीय वर्णाश्रम का महत्व और समाज पर उसका कठोर बन्धन अब समाप्त सा हो गया है। परन्तु प्राचीन भारत की सम्पूर्ण व्यवस्था ही वर्णाश्रम पर आधारित थी और तत्कालीन किसी भी सामाजिक अथवा ऐतिहासिक पहलू पर विचार करते समय एक ऐतिहासिक सहिष्णुता का परिचय देना आवश्यक है। क्षत्रिय राजा, ब्राह्मण मंत्रियों और ऋषियों की आज्ञा का पालन करना अपना एक बन्धनयुक्त कर्त्तव्य मानते थे और इस कर्त्तव्य के पालन के बाद अपने कार्य क्षेत्र में वे गलतियों से इस कारण बच जाते थे कि उनको अधिकांश अवसरों पर स्वार्थरहित और शास्त्रासम्मत् राय मिलती थी। इक्ष्वाकु कुल के शासकों ने प्रायः सभी बड़े बड़े अवसरों पर उन समस्त लोगों की राय ली जिनकी राय आवश्यक थी।

मंत्रिपरिषद

शासनकार्यों में राजा की मुख्य सहायक संस्था मंत्रिपरिषद थी। मंत्रियों को रामायण में अनेक संज्ञायें दी गई हैं और कोई भी एक शब्द ऐसा नहीं मिलता जो सदा उनके लिये प्रयुक्त किया गया हो। उन्हें अमात्य[१], सचिव[२] और मंत्री[३], इन तीन ही नामों से वाल्मीकि ने उपस्थित किया है। दशरथ के समय में मंत्रिपरिषद के संख्या की दृष्टि से ८ सदस्य थे।[४] इन्हीं आठ मंत्रियों का राम के शासन काल में भी वर्णन प्राप्त होता है

१. वा. रा. बालकांड ७, १।
२. वा. रा. बालकांड ८, २१।
३. ,, ,, ,, ७, ४।
४. धृष्टिर्जयन्तो विजयः सिद्धार्थो ह्यर्थसाधकः।
अशोको मन्त्रपालश्च सुमन्त्रश्चाष्टमोऽभवत्॥ बालकांड ७, ३ तथा युद्धकांड १३०, १०...११।

और यह कुछ असम्भव नहीं है कि उन्होंने बहुत समय तक मंत्रित्व का कार्य किया हो।[१] वाल्मीकि रामायण में उपर्युक्त ८ मंत्रियों के निम्नलिखित नाम गिनाये गये हैं।[२] १. धृष्टि, २. जयन्त, ३. विजय, ४. सिद्धार्थ, ५. अर्थसाधक, ६. अशोक, ७. मंत्रपाल और ८. सुमन्त। रामायण की इस तालिका का समर्थन अग्निपुराण से भी होता है।[३] परन्तु इन दोनों तालिकाओं में कुछ अन्तर भी है। अग्निपुराण रामायण वाले पांचवें मंत्री 'अर्थसाधक' का नाम नहीं देता अपितु उसके बदले में 'राज्यवर्धन' नामक मंत्री को रखता है। उसके अलावे वह सातवें मंत्री 'मंत्रपाल' को भी 'धर्मपाल' के नाम से उपस्थित करता है। ऐसा लगता है उपर्युक्त दो नामों में अन्तर का कोई विशेष महत्व नहीं है। 'राज्यवर्धन', 'अर्थसाधक' का पर्यायवाची दूसरा नाम ही प्रतीत होता है। इसी तरह 'धर्मपाल' को भी 'मंत्रपाल' की दूसरी संज्ञा माना जा सकता है। यहां यह ध्यान रखने की बात है कि मंत्रियों की सूची में वसिष्ठ का नाम नहीं आता परन्तु वे थे राजा को राय देने वालों में सर्वप्रधान। मंत्रियों की सूची में उनका नाम न आने का यह कारण है कि वे राजकुमारों को शिक्षा देने वाले राजगुरु तथा राज्य के यज्ञीय विधिविधान के अधिष्ठाता 'राजपुरोहित'[४] थे। परन्तु इस दृष्टि से वे मंत्रियों से भी अधिक मुख्य और प्रभावशील थे। उनकी राय का राजा के लिये अधिक महत्व होता था। अग्निपुराण इस बात की ओर स्पष्ट इशारा करता है और उपर्युक्त आठ मंत्रियों के अतिरिक्त वसिष्ठ की भी गिनती करता है।[५] वाल्मीकि का यह मत है कि शूर, मेधावी, दक्ष और विचक्षण एक भी अमात्य यदि हो तो वह राजा अथवा राजपुत्र को बहुत बड़ी श्री प्राप्त करा सकता है।[६]

मंत्रिपरिषद् के अधिकार और कार्य

राज्य-शासन के कार्यों में मंत्रियों के हाथों में निर्णय के अधिकार इतने प्रबल थे कि वाल्मीकि को अनेक स्थलों पर उनकी ओर निर्देश करना पड़ा। विश्वामित्र ने राजा दशरथ से उनके पुत्र राम को राक्षसों के दमन के लिये मांगते समय यह कहा कि यदि मंत्रियों की अनुज्ञा हो तो राजा उन्हें राम को दे दें।[७] राजा दशरथ ने जब यह विचारा कि राम को यौवराज्यपद दे देना चाहिये तो उन्होंने अपने मंत्रियों की राय जाननी चाही। वहाँ

१. वही
२. वही
३. अग्निपुराण, आनन्दाश्रम संस्कृत ग्रंथावलि, पूना, १९०० ई०, अध्याय ६, श्लोक ४।
४. "वसिष्ठंमेवामिमुखा: श्रेष्ठं राजपुरोहितम्।" वा० रा० अयोध्याकांड ६७,४।
५. अग्निपुराण आनन्दाश्रमसंस्कृत ग्रंथावलि, पूना, १९०० ई०, अध्याय ६, श्लोक ४।
६. ऐकाऽप्यमात्यो मेधावी शूरो दक्षो विचक्षणः। राजानं राजपुत्रं वा प्रापयेन्महतीं श्रियम्॥ वा० रा० अयोध्याकांड १००,२४।
७. स्थिरमिच्छसि राजेन्द्र रामं मे दातुमर्हसि। यद्यभ्यनुज्ञां काकुत्स्थ ददते तव मंत्रिणः॥ वही बालकांड १९,१६।

दशरथ ने अपने मंत्रियों से यह कहा कि यदि उनकी इच्छा से मंत्रिगण भी सहमत हों तो वे राम को उक्त पद पर आसीन कर दें।[१] यहाँ यह स्पष्ट हो जाता है कि बिना राजा और मंत्रियों की संयुक्त राय के राज्य के कोई भी महत्वपूर्ण कार्य का होना असम्भव था और इस दृष्टि से मंत्रियों के अधिकार काफी महत्वपूर्ण थे। यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि जो लोग उपर्युक्त अवसर पर दशरथ को मंत्रणा देने के लिये बुलाये गये उनमें केवल मंत्रिपरिषद के सदस्य ही नहीं थे अपितु उनके अतिरिक्त राज्य के और भी अनेक वर्गों के लोग थे जो मंत्रिपरिषद के अलावे भी परम्परागत रूप से विशेष अवसरों पर राजा के सम्मुख अपना मन्तव्य उपस्थित करने के लिये बुलाये जाते थे।[२] उनके सम्बन्ध में आगे प्रसंग से चर्चा की जायगी। यहाँ केवल मंत्रिपरिषद के मंत्रियों के अधिकारों की चर्चा करते हुये यह उचित प्रतीत होता है कि उन्हीं के अधिकारों तक सीमित रहा जाय। मंत्रिपरिषद की स्थिति और उनके अधिकार संवैधानिक दृष्टि से निश्चित थे तथा उसका रूप कुछ गैररस्मी न होकर राजनैतिक और संस्थात्मक था। यह असम्भव था कि राज्य-कार्यों के सम्बन्ध में आज्ञा निकालने के पूर्व राजा उनसे राय न ले तथा उनको अपने पक्ष में किये बिना ही कोई कदम उठावे। हां यह अवश्य था कि राजा के हाथों में अन्तिम निर्णय की शक्ति थी और अधिकांश अवसरों पर उसी के विचारों से कार्यों का प्रारम्भ भी होता था। इस मत की पुष्टि के हेतु राजा दशरथ और राम के द्वारा अनेक अवसरों पर जो मंत्रिपरिषद् की बैठकें बुलाई गईं, उनकी ओर निर्देश किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप दशरथ ने अश्वमेधयज्ञ के प्रारम्भ के लिए मंत्रियों को बुलाकर मंत्रणा ली।[३] गरीब ब्राह्मण के इकलौते पुत्र के मर जाने के बाद उसके कारणों पर विचार करने के लिये रामचन्द्र ने भी मंत्रियों की बैठक बुलाई।[४]

राजसभा

उपर्युक्त जितने भी अवसर ऐसे बताये गये हैं जहां राजाओं ने औरों की भी राय जाननी चाही उन सभी अवसरों पर राज्य के प्रमुख ऋषि-मुनि और ब्राह्मण लोग भी बुलाये जाते थे। दशरथ ने अपने अश्वमेघ यज्ञ के प्रारम्भ के हेतु राय लेने के लिए "सुयज्ञ, वामदेव, जाबालि, काश्यप, पुरोहित वसिष्ठ और दूसरे भी जो श्रेष्ठ ब्राह्मण थे उन्हें बुलाया"।[५] उन्हें "वेदपारंग" कहा गया है।[६] राम को युवराज पद देने की इच्छा

१. यदीदं मे अनुपार्थं मया साधु सुमंत्रिम्। भवन्तोमे अनुमन्यन्तां कथं वा करावण्यहम्॥ वही अयोध्याकांड २, १५।
२. वा. रा. अयोध्याकांड २, १९।
३. सनिश्चितां मतिं कृत्वा यष्टव्यमिति बुद्धिमान्। मन्त्रिभिः सह धर्मात्मा सर्वैरेव कृतात्मभिः॥ वा. रा. बालकांड ८, ३।
४. मंत्रिणो नैगमाश्चैव यथार्हमनुकूलतः...॥ वही, उत्तरकांड, ७४, ६।
५. सुयज्ञं वामदेवं च जाबालिरथकाश्यपम्। पुरोहितं वसिष्ठं च ये चान्ये द्विजसत्तमाः॥ वही, बालकांड ८, ६।
६. वही ८, ५।

होने के समय भी उन्होंने ब्राह्मणों से अनुमति चाही।[१] उस अवसर पर उन्हें 'श्रेष्ठ द्विज' कहा गया है।[२] द्विज शब्द से ब्राह्मण, क्षत्रिय, और वैश्य तीनों ही वर्णों का बोध होता है अतः यहां यह कहा जा सकता है कि विशेष अवसरों पर राजाओं को मंत्रणा देने के समय ब्राह्मणों के साथ क्षत्रियों और वैश्यों के मध्य से भी बुद्धिमान लोगों की बुलाहट होती थी। वाल्मीकि ने रामायण के उत्तरकांड में जहां राम की सभा में सीता की शपथ का प्रसंग उपस्थित किया है उससे राजसभा के पूरे स्वरूप का आभास मिल जाता है। तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण वर्णन को यहां दुहराने का लोभ-संवरण नहीं किया जा सकता और वह इस प्रकार है "उसके बाद रात बीत जाने पर रामचन्द्र ने यज्ञशाला में जाकर सभी महातेजस्वी ऋषियों को बुलवाया। वसिष्ठ, वामदेव, जावालि, काश्यप, विश्वामित्र, दीर्घतमा, दुर्वासा, पुलस्त्य, शक्ति, भार्गव, वामन, दीर्घायु, मार्कण्डेय, महायशस्वी गौतम, कात्यायन, सुयज्ञ अगस्त्य आदि अनेक व्रतधारी लोग कौतूहलपूर्वक वहां आये"। उनके अलावे "महाबलशाली राक्षस, महाबली बानर, अन्य महात्मा, ऋषि तथा हजारों की संख्या में क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र भी आये। अनेक देशों से व्रतधारी ब्राह्मण उपस्थित हुये। महारानी सीता की शपथ देखने के हेतु अनेक ज्ञाननिष्ठावाले तथा योगनिष्ठावाले लोग उपस्थित हुये"।[३] "यहां यह ध्यान देने की बात है कि उपर्युक्त अवसर पर ये सभी लोग सीता की पवित्रता में कोई संदेह नहीं है, इस बात को अपनी आंखों देखने उपस्थित हुये थे। सीता ने पवित्रता की शपथ लेते हुए पृथ्वी माता की शपथ ली और उसमें समा गई। परन्तु राजसभा का अधिकार केवल किसी कार्य विशेष का निरीक्षण मात्र ही नहीं होता था। उपस्थित विषयों पर विचार करना और अन्त में राजा को अपनी राय देना उसका मुख्य कर्तव्य होता था। राजा को ऐसी बैठकों का सबसे बड़ा लाभ यह होता था कि सबकी राय जान लेने पर उसको अपने कार्यों में जनमत का बल प्राप्त हो जाता था और भविष्य की आशंकाओं से मुक्ति मिल जाती थी यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि जिस प्रकार की राजसभा राम ने सीता की शपथ के समय बुलाई, वह कभी ही कभी विशेष अवसरों पर आमन्त्रित की जाती थी। उसमें आमन्त्रित लोगों के अलावे चाहे जो भी उपस्थित हो सकता था और किसी के आने पर कोई रुकावट नहीं थी। परन्तु राजसभा के विशेष अधिवेशनों को आमंत्रित करने का अधिकार और कार्य राजा ही प्रारम्भ करता था और उस सम्बन्ध में कोई निश्चत नियम हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। तथापि ऐसा नहीं था कि किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय के पहले राजाओं ने इसकी बैठक न बुलाई हो। बैठक होने के समय इसके मुख्य लोग, जिनके परामर्श को शासक अत्यन्त हो बहुमूल्य मानता था, ऋत्विग ब्राह्मण और ऋषि-मुनि ही होते थे। इन्हें रामायण में वेदपारग[४], गुरु[५], द्विज[६], द्विजाति[७], और ब्राह्मण[८] कहा गया है। राजसभा मंत्रिपरिषद से भिन्न थी और दोनों में यह अन्तर था कि मंत्रिपरिषद एक

---

१. वा. रा. अयोध्याकांड २, १०।
२. वही।
३. वा० रा० उत्तरकांड ९६, १—९
४. वा० रा० बालकांड ८, ५।
५. वा० रा० बालकाण्ड ८, ४।
६. ,, ,, १२, २०
७. ,, ,, १२, ५
८. ,, अयोध्याकाण्ड ६८, १

स्थायी संस्था थी जो विभागीय नियंत्रण करती थी तथा जिसके संवैधानिक अधिकार थे।[१] राजसभा का रूप विशेषतः अनिश्चित था और इसकी स्थिति बहुत हद तक परम्परागत थी। जिसकी विशेष बैठकों में मंत्रिमंडल के अमात्यगण भी उपस्थित होते थे।[२] इस राजसभा को वाल्मीकि ने 'परिषद' के नाम से उपस्थित किया है।[3] यहां यह भी कह देना आवश्यक होगा कि राजसभा के दो रूप थे। एक तो वृहद्रय जिसे हम सीता की शपथ-ग्रहण के अवसर पर उपस्थित पाते हैं और दूसरा छोटा रूप जो प्रायः सर्वदा ही राजा के पास वर्तमान होता था तथा जिसे राजदरबार कहा जा सकता है। छोटे रूप वाली राजसभा में राजा प्रायः नित्य प्रति ही बैठता था और शासन कार्यों के सम्बन्ध में आज्ञा देता, उसकी देख-रेख करता, और कभी-कभी वहां न्याय का वितरण भी करता था। वाल्मीकि ने राजसभा के लोगों को भी 'मंत्री' कहा है।[४] परन्तु केवल मंत्रणा अर्थात् परामर्श देने के अर्थ में ही वे 'मंत्री' थे। वे मंत्रिपरिषद नामक संस्था के स्थायी सदस्य मन्त्री नहीं थे।

राजकर्त्ता लोग

वाल्मीकि ने रामायण मे राजकर्त्ताओं की भी चर्चा की है। राजा दशरथ के दिवंगत हो जाने पर अयोध्या में राजगद्दी का कोई अधिकारी उपस्थित नहीं था। राम पहले ही वन जा चुके थे और भरत अपने मामा के यहाँ केकयदेश में थे। ऐसी स्थिति में राजगद्दी शून्य थी और राजदरबार में राजकर्त्ताओं ने उपस्थित होकर राजपुरोहित वसिष्ठ से यह प्रार्थना की कि वे तत्काल किसी को गद्दी पर बैठाने का यत्न करें।[५] स्वर्गीय विद्वान् श्री काशी प्रसाद जायसवाल ने 'राजकतृन्' की व्याख्या करते हुये एक अन्य स्थान पर यह मत व्यक्त किया था कि राजकर्त्ताओं में कोषाध्यक्ष, सेनापति, ग्रामणी तथा अन्य कुछ लोग होते थे, जिनका सबसे बड़ा अधिकारी राजा होता था।[६] रामायण में "राजकर्ताओं" में कौन कौन होते थे इसका वर्णन नहीं प्राप्त होता। और न तो उपर्युक्त अधिकारियों में किसी का भी उस स्थान पर वर्णन ही है। श्री जायसवाल जी नें अपने मत की पुष्टि के लिए कुछ 'ब्राह्मण" ग्रन्थों और कृष्ण यथुर्वेद का आधार लिया था[७] और रामायण उपर्युक्त अधिकारियों की चर्चा यदि राजकर्ताओं के प्रसंग में नहीं करता तो यह नहीं कहा जा सकता कि वे अधिकारी उस अवसर पर उपस्थित नहीं थे। अस्तु, जिन लोगों का वर्णन उस स्थल पर है उनमें अमात्यों के साथ मार्कन्डेय, मौद्गल्य, बामदेव, काश्यप, कात्यायन, गौतम तथा

---

१. देखिये पीछे पृष्ठ १५

२. वा० रा० अयोध्याकाण्ड, सर्ग २।

३. ,, ,, २, १।

४. ,, बालकाण्ड ७, ४ के बाद

५. इक्ष्वाकुणामिहाद्यैव कश्चिद्राजा विधीयताम्।
अराजकं हि नो राष्ट्रं विनाशं समवाप्तुयात्॥ वा० रा० अयोध्याकाण्ड ६७, ८

६. देखिये 'हिन्दू पॉलिटी' (अंग्रेजी में), १९४३ संस्करण पृष्ठ १९५।

७. वही, १९५ पृष्ठ का पादटिप्पणी।

जाबालि, इन सात ब्राह्मण ऋषियों का भी नाम आता है और यह कहा जा सकता है कि राजकर्त्ताओं में मंत्रिमंडल के सदस्य अमात्यों के साथ मुख्य मुख्य ब्राह्मण और ऋषि भी होते थे। रामायण में ऐसा वर्णन है कि ब्राह्मण ऋषिगण का पक्ष और उसके विचार अमात्यों से भिन्न थे।[१] और अन्त में उन्हों ने राजपुरोहित वसिष्ठ को निर्णय का भार दे दिया और कह दिया कि वे चाहे जिसे भी राजा घोषित कर दें। वसिष्ठ को इतना बड़ा अधिकार इस नाते दिया गया कि वे अपनी विद्या, आचरण तथा निःस्वार्थता के कारण सबको मान्य थे। राजा की अनुपस्थिति में कौन राजगद्दी का अधिकारी हो, इसका निर्णय तो राजकर्ताओं के हाथ में था।[२] जब भरत वसिष्ठ की आज्ञा से अपने मातुलकुल से अयोध्या बुला लिये गये, तब उन्हीं राजकर्ताओं ने उनसे यह प्रार्थना की कि वे राजगद्दी ग्रहण करें।[३] उस अवसर पर राजकर्ताओं ने भरत को स्वजनों और श्रेणियों के नाम पर गद्दी देने का प्रस्ताव किया।[४] इससे यह प्रकट होता है इन राजकर्ताओं में श्रेणियों अर्थात् व्यापारिक संघों के भी प्रतिनिधि रहे होंगे और राजगद्दी पर किसी को बैठाने का कार्य राजकर्ताओं के ही हाथों में था। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजा के लिये इनके सन्मुख राजगद्दी ग्रहण करते हुये शपथपूर्वक उनके परम्परागत अधिकारों की रक्षा करना अपना कर्त्तव्य मानना आवश्यक था।

जनमत का आदर

शासन सम्बन्धी निर्णयों पर प्रभाव डालने वाली जनमत की प्रबलता रामराज्य की सबसे बड़ी विशेषता थी। यह कहा जा सकता है कि उस राज्य की चिरप्रतिष्ठा का कारण भी जनमत का आदर ही था। इस सम्बन्ध में सबसे मुख्य घटना सीता का परित्याग थी। आज जब हम रामायण का पूरा अध्ययन करते हैं तो वाल्मीकि के कथनानुसार यह स्वीकार करते हैं कि सीता राक्षसराज रावण की लंकापुरी में रहते हुये भी पवित्र थी। हम यह भी विश्वास करते हैं कि सीता ने रावण की ओर आंख उठाकर देखने से भी इनकार कर दिया था।[५] लंका में सर्व प्रथम घुसने के बाद जब हनुमान जैसे रामभक्त ने उनसे यह कहा कि उनकी पीठ पर यदि सीता बैठ जांय तो वह बात की बात में समुद्र पार राम के पास पहुंचा दी जा सकती हैं तो उन्हें उत्तर मिला कि किसी भी परपुरुष का अपनी रक्षा के लिये भी वे जान बूझ कर स्पर्श नहीं कर सकतीं।[६] इतना ही नहीं, सभी देवताओं, ऋषियों तथा ब्राह्मणों के संमुख अपनी पवित्रता का परिचय वे अग्नि परीक्षा से दे चुकी थीं।[७] ऐसी पवित्र और पतिव्रता तथा अपनी एक मात्र प्रेयसी पत्नी सीता का गर्भधारण करने की अवस्था में रामचन्द्र ने एक धोबी की शिकायत सुन

१. ऐतेद्विजा सहामांत्यैर्पृथग्वाचमुदीरयन्। वा० रा० अयोध्याकांड ६७, ४
२. वही, ६७, २—५
३. वही, अयोध्याकांड, ७९, १—४
४. वही, ७९,४
५. वा. रा. सुन्दरकांड २१, ११३
६. ,, ,, ३७, ६२—६४
७. वा. रा. युद्धकांड, सर्ग ११९ और १२०।

कर, परित्याग कर दिया यह बड़ा ही निन्दनीय कर्म था, ऐसा हम सोचते हैं। आज की परिस्थिति में यही सोचा भी जा सकता है। यद्यपि यह भी सम्भव है कि अपवाद के अवसर पर आज भी अपनी स्त्रियों के सम्बन्ध में लोग यही करें। परन्तु यहां हम राम के राजा वाले रूप को भूल जाते हैं तथा केवल उनके व्यक्तिगत रूप का ही ध्यान करते हैं। इसका कारण यह है कि आज कल यह एक सिद्धान्त सा बन गया है कि किसी भी ऐसे मनुष्य के सम्बन्ध में जो शासन के किसी बड़े पद पर है अथवा किसी अन्य प्रकार का ही जनगत जीवन रखता है, व्यक्तिगत जीवन की ऊंचाई की चिन्ता न की जाय। इन दिनों, विशेषतः पश्चिम में, ऐसा विश्वास सा हो चला है कि जनगत जीवन में कोई अधिकार प्राप्त पुरुष यदि कुछ सफाई दिखाता है तो उसका घर के भीतर व्यक्तिगत व्यवहार क्या है, इसकी चिन्ता नहीं करनी चाहिये। फलतः व्यक्ति के दो मुख हो गये हैं, एक तो वह जिसे वह समाज की ओर फेरकर दिखाता है अथवा बनाता है, और दूसरा वह जो उसका अपने तईं है। यदि उसका असली मुख अशोभन हो तो वह यह दलील देता है कि उसे दूसरे लोग न देखें। लोकतंत्र और चुनाव के युग में यह सम्भव है, यद्यपि यह उसकी कमजोरी भी है कि असत् चरित्र का व्यक्ति भी उच्च पद पर आसीन हो जाय। परन्तु यही परिस्थिति रामराज्य की भी थी, यह नहीं कहा जा सकता। राजा यदि राजा होने का दम भरता है तो उसका कोई व्यक्तिगत जीवन नहीं रह जाता। वह जो कुछ करता है सब जनगत है। वही उदाहरण प्रस्तुत करता है और उसे बुरा उदाहरण प्रस्तुत करने का कोई अधिकार नहीं है। वह जैसा भीतर हो वैसा ही बाहर हो, यही आदर्श है। भीतरी सफाई के बिना बाहरी सफाई आ नहीं सकती। इस दृष्टि से राम का अपना कोई गुप्त जीवन नहीं था। उनकी ऐसी कोई करनी नहीं हो सकती थी जिसे प्रजा अपनी कसौटी का विषय न बना ले। रामायण में राम को बनवास प्रवेश के बाद, वाल्मीकि जब भी उपस्थित करते हैं तो वह राजा की हैसियत से ही करते हैं। लंका विजय करके लौटे हुये राजा राम के शासन में यह शिकायत मिलती है कि उन्होंने राक्षस के घर में रही हुई सीता स्त्री को पुनः रख लिया है। यह केवल एक धोबी ने कहा हो, ऐसी बात नहीं। उस व्यक्ति ने तो सारे जनसमाज के मुख का कार्य किया। उस समय साधारण जनसमाज के पास सीता की पवित्रता जानन का साधन भी क्या था? उनके सामने कोई वाल्मीकि नहीं थे जो उन्हें तत्सम्बन्ध में कुछ बताते। उनके सामने सीता का अग्नि परीक्षण भी नहीं हुआ था। जिसे देख कर उन्हें सीता की निष्कलंकता का ज्ञान होता। राम सीता की पवित्रता जानते थे परं विवश थे। जनता के हृदय में खोये हुये विश्वास को पुनः जगाना था। यदि राजा रहना था तो उसका मूल्य चुकाना आवश्यक था। उनके सम्मुख बहुत बड़ा धर्म संकट था। पारिवारिक सुख और अपनी परिणीता के पुण्य को छोड़े अथवा प्रजा-विश्वास को। शासक थे और रामराज्य के संस्थापक राम थे, अतः छोटी वस्तु पारिवारिक प्रणय को छोड़ दिया और बड़ी निधि जन-विश्वास को संजोया। उन्होंने अपना यह अधिकार नहीं माना कि सीता के सम्बन्ध में अन्य कोई कुछ कहने का अधिकारी नहीं है क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत बात है। प्रजा के सम्मुख अपने को खरा साबित करने के लिए इतने बड़े त्याग का प्रमाण विश्व के इतिहास में संभ-

वतः और कहीं किसी युग में नहीं प्राप्त होता। राम स्वयं जानते थे कि सीता अग्नि की नाई पवित्र थीं और संभवतः यह समझ कर कि उनके राज कर्तव्य को सभी उसी प्रकार से नहीं माप सकेंगे, जैसा वे माप सकते थे, उन्होंने लक्ष्मण को सीता को बन में छोड़ जाने की आज्ञा देते समय किसी प्रकार का भी तर्क उपस्थित करने से मना कर दिया।[१] यहां यह स्मरण रखने की वस्तु है कि पहले कभी किसी भी विषय पर लक्ष्मण का मन्तव्य सुनने से उन्होंने इनकार नहीं किया था। वे जानते थे कि पारिवारिक इमानदारी की दृष्टि से सीता का परित्याग अनुचित था परन्तु उससे भी बड़ी कोई वस्तु थी और वह थी जनता के विश्वास की निधि जिसे किसी भी मूल्य पर खोने को वे तैयार नहीं थे।

धर्म संस्थापक राजा

राम के शासन की दूसरी विशेषता यह थी कि वे अपने को धर्म प्रवर्तक नहीं धर्म संस्थापक मानते थे। इस सम्बन्ध में सबसे मुख्य घटना है शम्बूक के वध की।[२] इस घटना को भी समझने के लिये हममें इतिहास के अध्ययन के लिये अपेक्षित प्राचीनता के सम्बन्ध में एक सहानभूति अथवा संवेदनशीलता की आवश्यकता है। वर्णाश्रम की प्रथाओं के बारे में आज हमारे चाहे जो भी विचार हों, यह निर्विवाद है कि प्राचीन भारत में उन दोनों संस्थाओं की अद्वितीय प्रतिष्ठा थी।[३] समाज इन्हीं को मानकर अपने प्रत्येक कार्यों में प्रेरित होता था। इनकी उत्पत्ति के इतिहास में यहाँ प्रवेश न करते हुये भी यह कह देना आवश्यक है कि राम का समय आते आते वर्ण जन्म से ही तय किया जाने लगा था। समाज यह स्वीकार करता था कि वर्णानुसार ही मनुष्य अपने कर्तव्य में स्वतंत्र है और वह उसकी सीमा को लांघ नहीं सकता। इस व्यवस्था में कोई व्यवधान न पड़े यह देखना शासकों का कर्तव्य था और लोग ऐसा मानते थे कि उस कर्तव्य में किसी प्रकार का भी प्रसाद जनता को विपत्तियों के रूप में भोगना पड़ता है। शम्बूक नामक शूद्रऋषि की तपस्या का कुफल गरीब ब्राह्मण पर पड़ा और उसकी एक मात्र सन्तान बालक पुत्र का देहावसान हो गया।[४] यह राजा के पाप बिना असम्भव था।[५] ब्राह्मण ने विलाप करते हुये यह कहा कि उसने न तो कभी झूठ बोला और न कभी कोई पाप ही किया ऐसी दशा में राजा ही उसके पुत्र की अकाल मृत्यु में उत्तरदायी था।[६] राम ने इस निर्णय को माना और

---

१. शीघ्रमागच्छ भंद्रते कुरुष्व वचनं मम। न चास्मि प्रतिवक्तव्यः सीतां प्रति कथंचन्॥ वा. रा. उत्तरकान्ड, सर्ग ४५, श्लोक १९।
२. वा. रा. उत्तरकांड, ७६, ४।
३. डॉ० वेणी प्रसाद कृत 'दि स्टेट इन ऐंशियेन्ट इण्डिया' (अंग्रेजी में) १९२८, पृष्ठ ११।
४. अद्यतप्यतिदुर्बुद्धिस्तेन बालवधो ह्यम्। योहत्रधर्ममकार्यं वा विषये पार्थिवस्य च। वा. रा. उत्तरकांड ७४, २९।
५. रामस्य दुष्कृतेनायं बाल एव ममात्मजः। अकृत्वापितृकार्याणिगतो वैवस्वतक्षयम्। वही ७३, १०।
६. वही ७३, ५, १०।

उस ब्राह्मण बालक की मृत्यु का कारण पता लगाते हुये शम्बूक नामक शूद्रऋषि को तपस्या करते हुये पाया ।[१] उसे अनधिकार चेष्टा के लिये दंड देना आवश्यक था और उस उचित दंड का फल भी शुभकारी हुआ। ऐसा कहते हैं कि ब्राह्मण का मृत पुत्र जी उठा ।[२] यहां यह स्पष्ट है कि राम का अधिकार व्यवस्था के प्रचलन का नहीं था अपितु उसका पालन कराना ही उनका मुख्य कर्तव्य था। निर्णय का अधिकार तो समाज का तथा उसके नेताओं का था। राजा समाज की इच्छाओं की पूर्ति में दंड की व्यवस्था द्वारा सहायक मात्र था। इस दृष्टि से राजा प्रजा का सेवक था।

दंड व्यवस्था

रामराज्य में दंड व्यवस्था क्या थी, यह भी विचारणीय प्रश्न है। अपने कर्त्तव्य से विमुख होने वाले किसी साधारणजन को जैसा दंड रामराज्य में प्राप्त होता था, वैसा ही दंड दोष होने पर राज्य के बड़े से बड़े अधिकारी को भी प्राप्त हो सकता था। यद्यपि न्याय शासन का तत्कालीन आदर्श यह था कि जो जैसा छोटा या बड़ा दोष करे वह तदनुरूप ही दंड पावे, तथापि बड़े दंडो के उदाहरण भी प्राप्त होते हैं। महाकवि कालिदास ने अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं को 'यथापराधदंड' अर्थात् अपराध के मुताबिक दंड देने वाला कहा है।[३] उन्होंने दंड के आदर्श की चर्चा करते हुये यह भी कहा है कि यदि राजा का प्रिय व्यक्ति कभी दुष्ट हो जाय तो सांप की काटी हुई अपनी अंगुली के घाव की तरह वह त्याज्य है।[४] वाल्मीकि रामायण में स्वयं राम ने चित्रकूट में भरत से कुशल प्रश्न करते हुये यह भी जानना चाहा कि वे अपनी प्रजा को उग्र दंड तो नहीं देते जिससे वह उद्वेजित हो जाय।[५] इन सब उद्धरणों से यह तो स्पष्ट है कि दंड का आदर्श 'यथापराधदंड' ही था। परन्तु इसके विपरीत भी एक बहुत बड़ा प्रमाण मिलता है। रामायण के उत्तर-कांड में राम की काल (यमराज) से बातचीत कराइ गई है।[६] काल की इच्छानुसार राम से यह तय पाया कि उन दोनों की बातचीत को जो भी सुने अथवा देखे, वह मार डाला जाय। लक्ष्मण को यह आज्ञा हुई कि वे द्वाररक्षक का कार्य करें तथा किसी को भी भीतर न आने दें। परन्तु बातचीत के मध्य में ही दुर्वासा ऋषि ने आकर लक्ष्मण के सम्मुख राम से मिलने की अपनी इच्छा प्रकट की। परम स्वामिभक्त लक्ष्मण ने उन्हें रोकना चाहा परन्तु उस मूर्तिमान क्रोध दुर्वासा की क्रोधाग्नि से बचने के लिए लक्ष्मण ने स्वयं जाकर राम को उस ऋषि के आने की सूचना दी। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार राम के लिए लक्ष्मण को दंड देना आवश्यक हो गया। उनके धर्म संकट की कल्पना सहज में ही की जा सकती है। लक्ष्मण जैसा राज्य का सबसे बड़ा स्वामिभक्त सेवक, अनन्यभक्त

---

१. वही, सर्ग ७५।
२. वही सर्ग ७६, ४, १५।
३. रघुवंश १, ६।
४. त्याज्यो दुष्टः प्रियोप्यासी दंगुलीवोरगक्षता॥ वही १, २८।
५. कच्चिनोग्रेण दंडेन मृशमुद्वे जितप्रजम्। वा. रा. अयोध्याकांड १००, २७।
६. वा. रा. उत्तरकांड, सर्ग १०४ से १०६।

और भाई तथा अनेक युद्धों का कुशल और सफल सेनापति एक तरफ और राम का अपना कर्तव्यपालन अथवा प्रतिज्ञापालन दूसरी तरफ किसे त्यागें और किसे अपनावें, यह कठोर निर्णय उन्हें करना था। क्या लक्ष्मण ने अपने कर्तव्य में प्रमाद किया था तथा उसके लिए उन्हें दंड मिलना आवश्यक था, यह भी तय करना बड़ा कठिन था। उनके सम्मुख भी तो यह प्रश्न था कि क्या वे अपने प्राणों की चिन्ता करके दुर्वासा ऋषि के आने की सूचना राम को न दें अथवा उनके क्रोध से सारे परिवार और राज्य को मर जाने से बचावें।[१] उन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर और लोगों को बचाने का श्लाघ्य और उदाहरण योग्य कार्य किया। परन्तु इसके लिए उन्हें दंड मिला। वसिष्ट ऋषि की आज्ञा मान कर मृत्युदंड के बराबर देश निकाले का दंड उन्हें राम की ओर से दिया गया।[२] यह हुआ राम की प्रतिज्ञा रक्षा के लिये तथा कर्तव्यप्रमाद के लिए दंडस्वरूप, पर सब कुछ लगता है, मानो एक बड़ी विडम्बना हो। किंकर्त्तव्यविमूढ़ की अवस्था में पड़े हुये लक्ष्मण ने जब अपने दो कर्त्तव्यों में से बड़े कर्त्तव्य का पालन किया तो उन्हें दंड मिला कर्तव्य से प्रमाद के लिये। मिलना तो चाहिये था पुरस्कार पर मिला दंड। परन्तु इन सब का एक ही उत्तर प्रतीत होता है और वह यह है कि राम कोई भी बुरा उदाहरण जनता के सामने नहीं उपस्थित करना चाहते थे। लक्ष्मण को दंड न देने से प्रतिज्ञा भंग का दोष तो लगता ही, यह भी सम्भव था कि दंड कि प्रतिष्ठा ही लोक से सर्वदा के लिये उठ जाती। शासक की हैसियत से राम इतना बड़ा मूल्य चुकाने को कभी भी तैयार नहीं थे और लक्ष्मण को दंड देकर उन्होंने उचित ही किया।

रामराज्य में प्रजा को सुख

महाभारत में युधिष्ठिर के प्रश्नोत्तर में भीष्म ने यह कहा था कि समय की गति को राजा ही प्रवर्तित करता है, समय की गति राजा को नहीं। यह मत अत्यन्त प्राचीन था और सर्व साधारण जन भी इसे स्वीकार कर ऐसा विश्वास करते थे कि सुख अथवा दुख शासक के ही कर्त्तव्यों का फल होता है। राम का काल इस सम्बन्ध में अपवाद नहीं था। अराजक जनपद की विपत्तियों का जो वर्णन वाल्मीकि[३] ने किया है उसमें उन्होंने यह संकेत किया है कि राजा के रहने से वे विपत्तियां नहीं आतीं। परन्तु ऐसा नहीं कि कोई बुरा भी शासक यदि गद्दी पर रहे तो वे आपदायें टल जायेंगी। वहां तो राजा को अच्छा तथा सच्चे अर्थ में प्रजा सेवक होना चाहिये। यदि वह सचमुच तन, मन और धन से शासितों का सच्चा सेवकत्व करता रहा तो निश्चय ही लोगों को सुख होगा। राम का शासन इस दृष्टि से भी आदर्श था। वाल्मीकि रामायण में सुशासन अथवा सुराज्य का मुख्य रूप से दो स्थलों पर वर्णन आया है। प्रथम स्थल, जो बालकांड[४] से प्राप्त होता है, राजा दशरथ के सुशासन के फलों का वर्णन करता है।

---

१. वही
२. वा. रा. उत्तरकांड, १०६, १३।
३. वा. रा. अयोध्याकांड, सर्ग ६७।
४. वा. रा. बालकांड ६, ४ १६।

उद्धरणस्वरूप निम्नलिखित वर्णन अलम् होगा। "जिस प्रकार महातेजस्वी मनु ने लोक की भली प्रकार से रक्षा की वैसे ही राजा दशरथ ने भी उस कार्य को सम्पन्न किया। सत्य के पालन में लगे हुये दशरथ ने तीनों वर्गों अर्थात् धर्म, अर्थ और काम का अनुष्ठान किया और अयोध्या नगरी का वैसे ही पालन किया जैसे इन्द्र ने अमरावती का। उस श्रेष्ठ नगर में बहुश्रुत हृष्ट-पुष्ट और धर्मात्मा लोग रहते थे। साधारण नर सत्यवादी और अपने अपने धनों से संतुष्ट होने के कारण अलोभी थे। कहीं भी कोई कामी, कायर, नृशंस, अविद्वान और नास्तिक पुरुष अयोध्या में दिखाई नहीं पड़ सकता था। कोई भी मनुष्य अथवा स्त्री श्रीविहीन और रूपविहीन नहीं था। अयोध्या में कोई भी ऐसा नहीं दिखाई दे सकता था, जिसकी राजा में भक्ति न हो"। यहां इस उद्धरण में अन्तिम वाक्य ध्यान देने योग्य है। राज्यभक्ति की भावना अकस्मात् नहीं उत्पन्न होती, उसके लिए सुदृढ़ आधार की आवश्यकता होती है। वह आधार जनता को प्राप्त होने वाला सुख ही होता है। राजा दशरथ के शासन काल की प्रजा सुखरूपी निधि राम को मिली और उन्होंने इसकी रक्षा के साथ साथ उसका संवर्धन भी किया।

राम के शासन काल में उनके पिता राजा दशरथ के सुशासनजन्य फलों में और भी अधिक वृद्धि हुई। युद्धकांड के अन्त में वाल्मीकि ने जो कुछ भी उस सम्बन्ध में लिखा है वह चिरस्मरणीय है तथा आज के जनकल्याण-राज्य के लिए भी आदर्श हो सकता है। यहाँ उसे उद्धरित करने का लालच छोड़ा नहीं जा सकता। वह निम्नलिखित है।[1] "धर्मात्मा राघव राम ने उत्तम राज्य को प्राप्त कर अपने मित्रों और बन्धु बान्धवों के साथ अनेक यज्ञ किया। उनके शासन करते कोई भी स्त्री विधवा नहीं हुई तथा किसी को न सर्प का अथवा न किसी रोग का ही भय होता था। लोक दस्युओं अर्थात् चोरों से रहित हो गया। कोई किसी अन्य का धन छूता नहीं था। वृद्ध पुरुषों के सामने बालकों की मृत्यु नहीं होती थी। सभी लोग धर्मात्मा और प्रसन्न थे। राम को ही आदर्शस्वरूप देखते हुये कोई भी किसी दूसरे को कष्ट नहीं पहुंचाता था। प्रजाओं में राम की ही चर्चा होने लगी तथा राम के शासन करते हुये सारा जगत् राममय हो गया। स्कन्धों से भरे पूरे वृक्ष हमेशा फूल और फल देते रहते थे। पानी समय से बरसात था तथा पवन सुखस्पर्श था। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सभी लोभरहित तथा अपने अपने कार्यों में संतुष्ठ होकर सभी लगे रहते थे। प्रजा राम के शासनकाल में धर्म में रत और सत्यवादी थी तथा सभी लोग धर्म परायण और लक्षणयुक्त थे।" यहां यदि इस उद्धरण का विश्लेषण किया जाय तो यह ज्ञात होगा कि सुख की कल्पना तत्कालीन प्रचलित समाज व्यवस्था के आधार पर ही की जाती थी। उसमें चार वर्णो का अस्तित्व तथा उनके परस्पर कर्त्तव्यों का अनतिक्रमण अत्यावश्यक था। समाज के कल्याण के लिए उन सबका साथ साथ चलना आवश्यक था। एक के कुकृत्यों का प्रभाव निश्चित ही दूसरों पर पड़ता था और इस तरह समाज का वर्धन मनुष्य के शारीरिक अंगों के बढ़ाव की तरह अन्योन्याश्रित था। राम जो क्षत्रिय वंशी तथा राजा थे, किसी भी अवस्था में कर्तव्यप्रमाद के लिए क्षमा नहीं किये जा

---

१. वा. रा. युद्ध १३१, ८७ पश्चात्।

सकते थे। जनता को कोई कष्ट होवे तो ऐसा विश्वास था कि वह राजा के पापों का ही फल होता है। इस कारण शासन की चिन्ता में सर्वदा जागरूक रहना पड़ता था।

निष्कर्ष

अन्त में यदि रामायण के आधार पर विचारों का समाहार किया जाय तो यह ज्ञात होगा कि वाल्मीकि ने एक आदर्श राज्य की कल्पना की है। उस युग की राज्यप्रणाली आज की परिस्थितियों के लिए भी आदर्श हो यह तो नहीं है परन्तु प्राचीन अवस्थाओं में जब राजतंत्र ही विश्व की सबसे मुख्य शासनप्रणाली थी, उस महाकवि की राज्य विधान सम्बन्धी कल्पना अवश्य ही उच्चकोटि की थी। राम के शासन काल में उस कल्पना को मूर्त्त पाकर उन्होंने अपने महाकाव्य द्वारा चिरस्थायीत्व दिया परन्तु रामराज्य की प्रसिद्धि का कारण केवल वाल्मीकि की लेखनी बनी हो, ऐसा नहीं। उन्होंने तो एक ऐतिहासिक सत्य का अंकन मात्र किया। महाकवि भवमूति ने रामराज्य का जो सेवारूप उपस्थित किया है वह चिरस्मरणीय है "स्नेहं दयां च सौख्यञ्च यदिवा जानकीमपि। आराधनाय लोकस्य मुंचतो नास्ति मे व्यथा"।[१]

सचमुच रामराज्य की प्रसिद्धि इतनी चिरस्थायी हुई, इसका कारण तो लोकाराधन था जो किसी भी युग में किसी भी शासन का श्लाघ्य उद्देश्य हो सकता है।

—:०:—

१. उत्तररामचरित

चिड़ियों की उपयोगिता

श्री भृगुनाथ प्रसाद

आकाश में रंग विरंग की चिड़ियों को विचरते देखकर बहुत कम लोग उनकी उपयोगिता पर ध्यान देते होंगे। किन्तु जब हम उनकी उपयोगिता पर विचार करते हैं तो मालूम होता है कि चिड़ियाँ प्रकृति में निरर्थक नहीं हैं और केवल यों ही अपना पेट पालती और आकाश में इधर उधर विचरती नहीं रहती हैं। चिड़ियों का मनुष्य के हित से बहुत गहरा सम्बन्ध है और यदि हम यह कहें कि चिड़ियों के बिना मनुष्य का संसार में अस्तित्व ही न रहे, अत्युक्ति नहीं होगी। मेरा ऐसा कहना स्वप्न-द्रष्टा की तरह अथवा आवेश में आकर नहीं है; बल्कि यह उन वैज्ञानिकों का कथन है जो बड़ी ही कठिनाई और परिश्रम की खोज द्वारा इस परिणाम पर पहुँचे हैं। माइकलेट ने कहा है :

"If it were not for birds no human being could live upon the earth, for insects upon which birds live would destroy all vegetations."

एक दूसरे ग्रन्थकर्त्ता ने 'फारेस्ट ऐन्ड स्ट्रीम' (Forest and Stream) नामक पुस्तक में लिखा है: "If the brids were all destroyed, agriculture in United States would instantly cease."

इस विषय के प्रसिद्ध विद्वान फारबुश (Forbush) ने कहा है: "An acquaintance with useful birds of the farm is as important to the farmer as is a knowledge of the insect pests which attack his crops...... Were the natural enemies of forest insects annihilated, every tree in our woods be threatened with destruction, and man would be powerless to prevent it".

श्री डब्लू० एस० वेरीज ने अपनी पुस्तक 'आल एबाउट बर्ड्स' (All About Birds) की भूमिका में लिखा है: 'सचमुच ऐसा कहना अत्युक्ति नहीं है कि यदि ये चिड़ियाँ क्षति पहुँचाने वाले असंख्य प्रकार के कीड़े-मकोड़ों की संतति वृद्धि रोकने का उपयोगी कार्य नहीं करतीं तो हम लोगों का दुनियाँ में रहना कठिन हो जाता।' (अंग्रेजी का अनुवाद)

श्री जूलियन हक्सले ने अपनी पुस्तक 'बर्ड्स वाचिंग एण्ड बर्ड्स बिहेवियर' (Birds Watching And Birds Behaviour) में लिखा है:—

"........Remove every bird in the world at one stroke; the biological balance would be tilted, and it would be much harder even than now to protect man's crops and trees from the ravage

of their persistent insect consumers. Birds in fact are one of the few groups of animals whose activities as a whole are useful to man."

अतएव स्पष्ट है कि चिड़ियों का अस्तित्व हमारे लिये अत्यन्त आवश्यक है।

चिड़ियों द्वारा कीड़े-मकोड़ों का भक्षण तथा पौधों और फसलों की रक्षा

डार्विन के जीवन-संघर्ष के सिद्धान्त के आधार पर प्रकृति के अंदर जितनी श्रेणी के प्राणी हैं यदि उन सबों में से केवल किसी एक श्रेणी (Species) को जनन-वृद्धि के लिये मनमाने छोड़ दिया जाय तो कुछ पीढ़ी (Generation) चल कर सारी पृथ्वी केवल उसी श्रेणी के प्राणी से आच्छादित हो जाय और अन्य प्राणियों के लिये पृथ्वी के ऊपर तिल मात्र स्थान खाली न रहे। किन्तु प्रकृति के अन्दर ऐसी बात होने नहीं पाती क्योंकि पृथ्वी के सम्पूर्ण प्राणीमात्र में अपने अपने अस्तित्व के लिये, भोजन तथा स्थान के लिये, दिन-रात आपस में संघर्ष चलता रहता है। इस जीवन-संघर्ष के कारण बहुत से प्राणी खेत आते रहते हैं और किसी एक प्राणी की संख्या में एकाएक अधिक वृद्धि नहीं हो पाती। फलस्वरूप एक प्रकार का प्राकृतिक संतुलन (Balance of Nature) बना रहता है। उदाहरण के लिये, कीड़े-मकोड़ों की संख्या वृद्धि इतनी तीव्र गति से होती है कि अगर सभी जीवित रह पायें और वे फिर जनन करें तो कुछ ही पीढ़ी में उनकी संख्या इतनी अधिक हो जाय कि मनुष्यों की बात ही क्या किसी भी अन्य प्राणी का पृथ्वी पर रहना कठिन हो जाय। मरें (Murray) के गणनानुसार एक घरेलू मक्खी (Housefly) जितने अंड़े देती है और उनमें से प्रति १२ अंड़ों में से यदि केवल एक अंडा विकसित हो तो केवल पाँच महीनों में (१० अप्रील से १० सितम्बर के अन्दर) उनकी संख्या ७,६००,०००,००० हो जाय।

इसी प्रकार कालिंग (Collinge) के गणनानुसार हौप-एफिस (Hop-aphis) के जितने अंडे उत्पन्न होते हैं और उनसे जितने बच्चे पैदा होते हैं यदि वे सभी जीवित रहें तो प्रत्येक मादा से एक साल के अन्दर उसकी बारह पीढ़ियों में उनकी संख्या १०,०००,०००,०००,०००,०००,०००,०००, हो जाय। एक साल में इनकी १३ पीढ़ी (Generation) होती हैं। किन्तु खुशी तो इस बात की है कि कीड़ों की संख्या में मनमानी वृद्धि नहीं होने पाती और न उनका उत्पात ही अधिक होने पाता है। नहीं तो कीड़ों द्वारा फसल इत्यादि की इतनी अधिक क्षति हो जाय कि हमें जीवन रक्षा के लिए खाने-पीने की वस्तुएं मिलनी दुस्तर हो जाँय और हमारा पृथ्वी से अस्तित्व लुप्त हो जाय। कीड़ों की संख्या वृद्धि नियन्त्रण के लिये हम आकाश विहारी चिड़ियों के बहुत ही आभारी हैं। कीट भक्षी चिड़ियां दिन-रात इन कीड़े-मकोड़ों का अधिकाधिक संख्या में भक्षण करती रहती हैं और इस प्रकार इनकी संख्या में वृद्धि नहीं होने पाती।

उटाह (Utah, U. S. A.) के प्रारम्भिक इतिहास में चिड़ियों तथा झींगुर के पारस्परिक सम्बन्ध का सम्भवतः, सबसे बढ़िया उल्लेख पाया जाता है। साल्टलेक वैली

(Salt Lake Valley) में झींगुर का दल एक फसल को नष्ट करके दूसरी फसल की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा था। यदि वह इसे भी नष्ट करने में सफल हो गया होता तो परिणाम वह होता कि बाह्य दुनिया से आवागमन तथा ढुलाई की सुविधा से वंचित नागरिक बहुत ही भयंकर दुर्भिक्ष के क्लेश में पड़ जाते। किन्तु ईश्वरेच्छा से ऐसा होने में अभी देर थी कि गल्स (Gulls—एक प्रकार की समुद्री चिड़िया) सैकड़ों तथा हजारों की संख्या में वहाँ पहुँच गयीं तथा झिंगुरों का सत्यानाश कर डाला। इस प्रकार चिड़ियों ने फसल की रक्षा कर नागरिकों को भूखों मरने से बचा लिया। नागरिकों ने इस घटना को ईश्वर का एक अपूर्व व्यवधान समझा। अतएव गल्स चिड़ियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने तथा उपरोक्त घटना को स्मरणीय बनाने के हेतु उन लोगों ने बहुत बड़ी लागत से गल्स चिड़िया का एक स्मारक बना रक्खा है।

कीड़ों के स्वभाव तथा भोजन इत्यादि का अध्ययन करे तो मालूम होगा कि भिन्न प्रकार के कीड़े पेड़ पौधों तथा कृषि को भिन्न प्रकार से क्षति पहुँचाते हैं। कुछ कीड़े पेड़ पौधों की जड़ को, कुछ उनके धड़ तथा टहनियों को, कुछ छिलकों को तथा कुछ उनके फूल, फल और पत्तियों को खाकर उन्हें क्षति पहुँचाते हैं। इन कीड़ों का स्वभाव भी एक समान नहीं होता। कुछ गगन-विहारी होते हैं तो कुछ पेड़-पौधों के निवासी। कुछ सूखे पत्तों में छिपे रहने वाले होते हैं और कुछ जल में वास करने वाले। किन्तु इन दुष्टों का सामना करने के लिये चिड़ियाँ भी एक प्रकार के स्वभाव वाली नहीं होती हैं। इनकी भी जातियाँ और आदतें इतनी भिन्न होती हैं कि किसी प्रकार से भी क्षति पहुँचानें वाले कीड़े इनसे बच नहीं पाते। अबाबील या बतासी (Swallows), भुजंगा अथवा कोतवाल (King Crow), पतेना (Bee-eater), पिद्दा (Bushchat), मछमरनी(Flycatcher), शाहबुलबुल (Night-hawks), दुर्बल-चटक (Swifts), चटी (Martins), वाक, नीलकंठ आदि चिड़ियाँ हवा मे उड़ने वाले कीड़ों का शिकार कर लेती हैं। मछमरनी (Flycatcher) तो मानों आकाश में ही दृष्टि जमाये रहती हैं और उड़ने वाले कीड़ों को झपट्टे मारकर हवा में ही पकड़ लेती है।

हवा में उड़ने वाले कीड़ों के अतिरिक्त जो कीड़े जंगल झाड़ो तथा पेड़-पौधों पर रहते हैं उन्हें खंजन (Waigtail), रामगगरा (Tits), सिलिन्ध्री (Nuthalches), दंहगल (Magpie Robin), थरथर कपनी (Red Starl), नीलकंठ (Blue Jay), पतेना (Bee-eater), पपीहा, पीलक या पिपल्ला, फुदकी या दरजिन (Oriole), महोख (Crow Pheasant), मैना (Myna), लहटोरा (Shrike), हुदहुद (Hoopoe), फुदकी (Warblers), इत्यादि भक्ष कर जाती हैं। कठफोरिया (Woodpecker) चिड़िया पेड़-पौधों की टहनियों की छाल की परीक्षा करती रहती है और उनमें छिपे कीड़ों को अपनी लम्बी, पतली चोंच द्वारा खोज खोज कर समूल नष्ट करती रहती है। दूसरी तरफ मैनी, भुजंगा आदि चिड़ियाँ पत्ते, फूल तथा फल को नुकसान पहुँचाने वाले कीड़ों को खोज खोज कर उन्हें शिकार बनाती रहती हैं। सतवहिनी अथवा चर्खी (Seven Sisters) चिड़िया दिनभर पाँच सात की झुण्ड में पेड़ के नीचे गिरे सूखे पत्तों में छिपे कीड़ों का भक्षण करने में लगी रहती है।

चरते हुए मवेशियों की बगल में बगुले (Egret) तथा भुजंगे (King Crow) को चलते हुए अथवा उनके ऊपर सवार बहुतों ने देखा होगा। ये चिड़ियां चरने वाले मवेशियों के पैर से निकल भागने वाले क़ीड़ों का शिकार करती रहती हैं। इसी प्रकार हल चलते समय हल के पीछे पीछे कौए को भी बहुतों ने देखा होगा। ये कौए यों हीं हलवाहे का पीछा नहीं करते हैं, बल्कि हल के चलने से जमीन के बाहर आने वाले कीड़ों को पकड़ कर खाने के लिये ही ऐसा करते हैं।

खरगोश, गिलहरी तथा चूहों का भी दुश्मनः चिड़ियाँ

केवल कीड़े-मकोड़े ही हमारे खेतों तथा बाग-बगीचों को क्षति नहीं पहुँचाते हैं, बल्कि खरगोश, गिलहरी, तथा चूहे भी फसलों तथा खलिहानों के कम दुश्मन नहीं होते। इनसे रक्षा के लिये हम बाज़ (Hawks), चील (Kite), कौए Crows), तथा उल्लूओं (Owl) के कम आभारी नहीं हैं। ये चिड़ियाँ क्षति पहुँचाने वाले इन जानवरों का शिकार कर इनकी क्षति से हमें त्राण पहुँचाती हैं।

जंगली घास के बीजों का संहार

बहुत से फालतू घास के बीजों को नष्ट करने का श्रेय हमें चिड़ियों को ही देना पड़ेगा। चिड़ियाँ घास के बीजों को चूंग कर खा जाती हैं जिससे जंगली घासों की वृद्धि नहीं होने पाती। प्रोफेसर एफ०इ०एल० बिल के गणनानुसार आईओवा (Iowa) में केवल एक ऋतु में गौरैया (Tree Sparrow) आठ सौ पचहत्तर टन घास के बीज खाती है।

भंगी जाति की चिड़ियाँ

मृत व्यक्तियों के शव को तो हम जला देते हैं अथवा मिट्टी में दफ़ना देते हैं; किन्तु प्रकृति के बहुत से जानवरों के शव के ऊपर हम ध्यान नहीं देते। इनके सड़ने से वायु गन्दी हो जाती और बीमारी का भय उत्पन्न हो जाता है। किन्तु चिड़ियाँ ही हमें इस भय से बचाती हैं। मरे हुए जानवरों को गिद्ध (Vulture), चील (Kite), बाज़ (Hawks), कौए (Crow), इत्यादि भक्ष कर वायुमण्डल को शुद्ध रखते हैं। इस प्रकार की सेवा के लिये हम भंगी जाति की चिड़ियों के कम आभारी नहीं हैं।

चिड़ियों से मांस और अंडा

आज से कुछ वर्ष पूर्व हमारे देश में दूध, दही, मक्खन, मलाई काफी परिमाण में मिलते थे। भोजन की समस्या उतनी पेंचीदी नहीं थी जितनी आज है। विशेष खोजों के बाद पता चला है कि जैसे-तैसे खाकर पेट भर लेने से हम किसी तरह जीवन धारण तो कर सकते है, परन्तु पुष्ट और सन्तुलित भोजन के अभाव से पर्याप्त पोषण नहीं प्राप्त कर सकते। हमारी आयु क्षीण होती जा रही है। मांस में पक्षियों का मांस उत्तम पाया गया है। अंडे में काफी पोषण पदार्थ पाया जाता है। अतएव स्वास्थ्य के लिये भी चिड़ियाँ कम उपयोगी नहीं हैं। परन्तु हम हर प्रकार की चिड़ियों को भोजन

७

के रूप में खा जांय तब हमें क्षति उठानी पड़ेगी। मांस इत्यादि के लिये तितर, बटेर, मुर्गी, बतख तथा टर्की, (Turkey) इत्यादि, ही पाली जाती हैं।

चिड़ियों के पर की उपयोगिता

चिड़ियों के पर की भी उपयोगिता कम नहीं है। वैटमिन्टन के खेल के मैदान में शट्ल काक (Shuttle Cock) को देखिये तो मालूम होगा कि वे चिड़ियों के पर के ही बने हैं। पश्चिमी देशों में औरतें श्रृंगार के लिये हैट (Hat) में पंख लगाती हैं। श्रृंगार के लिये (Birds of Paradise), बगुला (Egrets) लोहचटक (Trogon), लायरवर्ड (Lyrebird), तथा कौक औफ दी रौक (Cock of the Rock) व्यवहार में लाये जाते रहे हैं। मोर के पर का पंखा बिकते और काम में लाये जाते हुए बहुतों ने पाया होगा।

शुतुरमुर्ग (Ostrich) का सवारी के लिये उपयोग

अफ्रिका में शुतुरमुर्ग चिड़िया का सवारी के लिथे उपयोग किया जाता है। यह चिड़िया करीब ५-६ फीट ऊंची होती है और इसकी टांग मोटी और बड़ी ही मजबूत होती है और तेज दौड़ने वाली होती है।

सन्देशवाहक के रूप में चिड़ियों का प्रयोग

हंस द्वारा संदेश पहुँचाने का वर्णन नल-दमयन्ती की कहानी में मिलता है। किन्तु प्रथम महायुद्ध का इतिहास उठाया जाय तो वहां चिड़ियों द्वारा युद्धक्षेत्र से निर्दिष्ट स्थान तक संदेश पहुँचाने तथा युद्ध की गति बदलने और राष्ट्रों के भाग्य निर्णय के अनेक उदाहरण मिलते हैं।

प्रथम महायुद्ध के समय जब कि युद्ध के मैदान से संदेश-वाहन के सभी साधन जैसे रेल, तार, इत्यादि, शत्रुओं द्वारा काट दिये जाते, युद्ध के मोरचे से प्रधान-कार्यालय (Head Quarter) तक संवाद पहुंचाने के लिये चिड़ियों का ही प्रयोग किया जाता था। इस प्रकार के संदेश-वाहन का कार्य करने के लिये कबूतर बहुत ही उपयुक्त साबित हुए और होते हैं। कबूतर द्वारा संदेश-वाहन को कोलम्बोग्राम (Colombogram) कहते हैं। युद्धक्षेत्रों में जल, स्थल, तथा हवाई सेनाओं में काम आने वाले 'वाहक सेवा' (Carrier Service) का मूल्यांकन करना असम्भव है। प्रथम महायुद्ध के समय केवल पश्चिमी मोरचे पर ही नहीं वरन् सलोनिका, इटली, इजिप्ट. मोसोपोटामिया तथा अन्य मोरचों पर भी कबूतरों का उपयोग किया गया था। और अनेक अवसरों पर ये कबूतर मनुष्य की भांति धैर्य से संवाद पहुंचाते थे। उस समय संवाद के निर्धारित स्थान तक पहुँचने या न पहुंचने पर जीवन तथा मरण का प्रश्न होता था।

इसी प्रकार के अवसर का जब कि संवाद वाहन के लिये कबूतर का प्रयोग किया गया था रोचक वर्णन मिलता है: मेनीनरोड के युद्धक्षेत्र से ३अक्टूबर, सन् १९१७ ईस्वी को २७०९

नम्बर का कबूतर संदेश के साथ मोरचे से प्रादेशिक प्रधान कार्यालय (Divisional Head Quarter) को रात्रि में १बजकर ३०मिनट पर छोड़ा गया। रास्ते में इसे एक जर्मन गोली लग गई जिससे उसकी जंघास्थि (Tibia) टूट गई। मांस अलग हो गया और पैर में बधा धातु का वेलन जिसमें संदेश पत्र भरा था, शरीर के पार्श्व में हो गया और गोली पश्चात् भाग से निकल गई। किन्तु घाव के होते हुए और सारी रात भीगे रहने पर भी उसने नौ मील की दूरी तय कर दूसरे दिन ४ अक्टूबर को १० बजकर ५३ मिनट पर अपने दरबे (Loft) में पहुँच कर संवाद पहुंचा दिया। संवाद पहुंचाने के थोड़ी ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। आज भी वह कबूतर 'रायल यूनाइटेड सर्विस इन्सटीट्यूशन, ह्वाईट हाल' (Royal United Service Institution, White Hall) के अजायब घर में शीशे के डिब्बे में सुरक्षित रक्खा हुआ है। और उसपर निम्न वाक्य लिखा हुआ है "संग्राम के घाव से मरा"। जो कार्य उक्त चिड़िया ने किया वही यदि किसी मनुष्य द्वारा किया गया होता तो निसन्देह विक्टोरिया क्रास मिला होता।

इस प्रकार के अनेक उदाहरण वर्तमान हैं जहा पर चिड़ियों ने युद्ध के मोरचे पर बड़े ही उपयोगी तथा बहादुरी के कार्य किये हैं।

यहां पर ता० २६ दिसम्बर, १९५२ तथा ३ जनवरी, १९५३ के हिन्दुस्तान टाइम्स की कटिंग्स (Cuttings) पढ़िये :—

U. S. PIGEON POST

["Observer" Service]

Washington, Dec. 25.—America in the imagination of most Europeans is the land where science has made all things not only possible but extermely convenient. Yet, how about the wife of a rancher near San Diego?

Her son was smitten with an acute appendicitis. As soon as a doctor arrived out at the remote ranch in the car that had been sent to fetch him the boy was hurried off to the nearest hospital several miles away. The rancher was out tending his cattle and did not know how seriously ill his son had become. So his wife took with her to the hospital several homing pigeons which had been bred and trained by her husband. The pigeons flew home at regular intervals to keep the hard-working man informed of how things were going.

PIGEONS TAKE MESSAGE TO QUEEN

London, Jan. 2.—British fishermen on a trawler off the east coast of England yesterday used carrier pigeons to send a message of greetings 100 miles to Queen Elizabeth.

The message was delivered at Sandringham where the Queen and her family are now in residence and was received personally by the Duke of Edinburgh. It had been flown from the 659-ton trawler 'Cape Spartel' as she sailed from Humber for northern fishing grounds—P.T.I.-Reuter.

यह बहुत ही रोचक है कि प्रथम महायुद्ध के समय लड़ाई के प्रारम्भ में आइफेलटावर (Eiffel Tower) पर सुग्गों का प्रयोग दुश्मन के हवाई आक्रमण की सूचना देने के लिये किया जाता रहा। पहले यह देखा गया कि मनुष्य जब तक हवाई जहाज की आवाज सुनते या हवाई जहाज देखते और पहचानते उसके २० मिनट पूर्व ही सुग्गे उसकी सूचना दे देते। किन्तु इन्हें इस प्रकार शिक्षित नहीं किया जा सका कि ये जर्मन और फ्रेंच हवाई जहाजों में अन्तर पहचान सकें। अतः अन्त में ये अन्यमनस्क हो गये और विश्वसनीय नहीं हो सके।

यह तो भलीभाँति विदित है कि केनरी चिड़िया विषैले गैस के प्रति, मनुष्य से पन्द्रह गुणा संज्ञानशील होती है। अतएव सुरंग बिछाते समय अथवा सुरंग बिछाने के लिये छान बीन करते समय वायुमण्डल की हालत की जांच के लिये इनका प्रयोग किया जाता है। सरकारी सुरंग समिति ने यह सिफारिश की कि सुरक्षास्थल (Rescue Stations) पर कार्बन मोनक्साइड (Carbon Monoxide) गैस की परीक्षा के लिये दो तीन चिड़ियाँ रक्खी जांय। एक बार तो पश्चिमी मोरचे पर जंगली केनरी चिड़ियों के आचरण से खाइयों में रहने वाले सैनिकों को रात्रि में विषैले गैस की सूचना मिल गई थी। खाई में गैस के पहुँचने के पहले ही चिड़ियों की चहचहाहट से, जिन्हें विषैले गैस का आभास मिल गया था, सभी सैनिक सचेत हो गये और अपनी रक्षा का प्रबंध कर लिया।

सुरंग बिछाने के समय जमीन के अन्दर की गैस का पता लगाने के लिये जर्मन तथा अंग्रेज दोनों ही केनरी चिड़िया का उपयोग करते थे। अनेक अवसरों पर सैनिकों को गैस परीक्षा के लिये दी गयी केनरी चिड़िया बहुत ही प्यारी हो गई थी जिससे वे उन्हें सुरक्षित स्थान में रखा करते थे।

केनरी चिड़ियों की उपयोगिता का प्रदर्शन १ जून, सन् १९१८ की साउथ इस्टर्न सांयटिफिक सोसायटी के कांग्रेस सदस्यों के समक्ष किया गया था। इस अवसर पर एक मनुष्य और पिंजड़े में बंद एक चिड़िया को विषैले गैस की कोठरी में रक्खा गया। किन्तु जब तक मनुष्य पर विष का प्रभाव पड़े उसके बहुत पूर्व ही चिड़िया बेहोश हो गई। इससे

यह साबित किया गया कि मनुष्य की अपेक्षा केनरी चिड़िया विषैले गैस के प्रति बहुत ही अधिक संज्ञानशील (Sensitive) होती है।

चिड़ियाँ तथा हमारा मनोरञ्जन

शुद्ध आर्थिक दृष्टि से नहीं वरन नैतिक, कलात्मक, तथा मनोरञ्जन की दृष्टि से भी चिड़ियों की उपयोगिता कम नहीं। चिड़ियों की मधुर बोली और सुन्दरता से हम अपना मनोरञ्जन करते हैं।

"Beauty of every sort is good for the human soul, and he who fails to respond to its call loses much of the richness of life."

"If eyes were made for seeing
Then beauty has its own excuse for being."
—Emerson.

Birds have been the impression of much that is fine in arts, poetry, and song. The world would be impoverished indeed, if it were all destroyed. So, too, we should lose much if the chastening songs of birds were all hushed and their plumages turned to ashes.

शामा, बुलबुल, पपीहा, मोर, चातक, कोयल, इत्यादि, मधुर गानेवाली चिड़ियों ने कवियों, नायक, और नायिकाओं को आदिकाल से प्रेरणा प्रदान की है और कवियों ने विरह तथा हर्ष दोनों ही प्रकार के गीत लिखे तथा गाये हैं। नायक नायिकाओं ने विरह की घड़ियों में इन पक्षियों की बोली में अपने प्रेमी को ढूंढ़ा है और सांत्वना पायी है।

कोकिलन खोजिन कौ संग लै अनेक फिरै,
चारों ओर प्यारी, विरही जन के खोज कौ।
याते हौं कहति चलु प्यारे सुखदान पास, तजि कै अयान दूर कैरी मान सोज कौ।
—मानदेव

आयौ री! वसंत कूकि क्वैलिया पुकारै लगीं,
हमंसी गरीबन कौ गात गारि डारेंगी।
मंद-मंद माहत सुगंध लागी, ज्वाल कों जगाई कै जरूर जारि डारेंगी।
—नंदराम

आई रितु पावस 'प्रताप' घरनघोर भरी
सघन हरी री बन मंडन बढ़ाए री।

कोकिल-कपोत-सुक चातक-चकोर मोर,
ठौर-ठौर कुंजन में पक्षी सब छाए री।
यमुना के गुल, और कदंबन की डारन पै,
चारो ओर घोर सोर मोरन मचाए री।
एरी मेरी बीर! अब कैसे कै मैं धीर धरौं,
आए घन स्याम, घनस्याम नहीं आए री॥

—प्रताप

यह जानकर बहुत ही संतोष होगा कि एम्बुलेंस गाड़ियों में घायल सैनिकों के मनोरञ्जन के लिये केनरी चिड़ियों का उपयोग हो गया है। (Sporting & Dramatic News, 8, VIII, 18)

भारत के मुगल सम्राटों को पक्षी पालने का बहुत बड़ा शौक था। अकबर ने तो बहुत सी चिड़ियाशालाएं तथा चिड़ियाघर बनवा रक्खे थे जिनमें अनेकों प्रकार की चिड़ियां तथा कबूतर थे। मुसलमान खिलाड़ी तथा लड़ाकू चिड़ियों को बहुत ही महत्व देते थे। ऐसी चिड़ियों में तोता बटेर, मूर्गे तथा बुलबुल बहुत ही प्रसिद्ध हैं। बनारस और लखनऊ में आज भी जगह जगह तोता और बटेर की लड़ाई होती है जहां दर्शकों की अच्छी भीड़ होती है।

पिंजड़ों में चिड़ियों के पालन की चलन बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है। पिंजड़े में पाली जानेवाली चिड़ियों की सूची में लालमुनियां या तेलियामुनिया, बुलबुल, तोता, मैना, आदि, विशेष उल्लेखनीय हैं। वैदिक साहित्य में बातचीत करने वाली चिड़ियाँ मैना और तोता का अनेक उल्लेख पाया जाता है। तोता बहुत ही प्यारा होता था और कबूतर घरों के लिये शुभ माना जाता रहा। भारत पर सिकन्दर के आक्रमण के समय पिञ्जड़ों में सुग्गे और तोते पाले जाने का वर्णन मिलता है। सिकन्दर यहां से बहुत से वलयी ग्रीवाशुक (Ring-necked Parrots) ले गया था। आज भी इन सुग्गों का नाम एलेक्जेन्ड्राइन पाराकीट्स (Alexandrine Parakeets) है।

मनुष्यों की बोली की नकल करने के कारण सुग्गों का बहुत ही आदर था तथा वे पवित्र माने जाते थे। इसलिये हिन्दू उन्हें मारते या बंदी नहीं बनाते थे।

चौथी शताब्दी के एक संस्कृत नाटक मृच्छकटिक (Mrichchhakatika) में पक्षीशालाओं में चिड़ियों के पाले जाने का वर्णन मिलता है।

बाग, मैदान, तथा तड़ागों की शोभा बढ़ाने के लिये प्रायः मोर, सारस, बगुला तथा हंस पाले जाते थे।

एक प्राचीन हिन्दू राजा द्वारा रचित संस्कृत के शकुनिका शास्त्र में पक्षियों का क्रमिक विवरण उनकी आदतों तथा विशेषताओं के साथ है। बंगाली में 'पारिवर कथा'

में चिड़ियों का बहुत ही अच्छा वर्णन है। जगत् प्रसिद्ध संस्कृत कवि कालिदास ने बहुत सी चिड़ियों का वर्णन किया है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र के आधार पर यह पाया जाता है कि प्राचीन समय में चिड़ियां न केवल आनन्द तथा शौक के लिये पाली जाती थीं वरन् अनेक कार्यों जैसे संवाद-वाहन, बीमारी से बचने इत्यादि, के लिये भी पाली जाती थीं।

अतएव नीति, ललित कला, तथा शिक्षा की दृष्टि से नहीं वल्कि शुद्ध उपयोगिता तथा आर्थिक दृष्टि से भी सर्वसाधारण द्वारा चिड़ियों के महत्व को स्थान देना बहुत ही आवश्यक है।

अन्त में जूलियन हक्सले के शब्दों में:—

"For and this is my last word in considering the birds' place in Nature we must remember that they have a place in civilization as well as in wild nature and that even if we be busy mechanizing so many aspects of life, or rather, just because we are mechanizing them there is all the more reason to reserve to birds—shy birds as well as tame, rare birds as well as common—a place in our civilized scheme of things, and to see that place is kept for them, and so for our protection and that of our prosperity."

References :—

१. वीड एन्ड डियरवार्न—बर्ड्स इन देयर रिलेशन टु मैन।
२. डब्लू० एस० वेरीज—आल एवाउट बर्ड्स।
३. सत्यचरण ला—पेट बर्ड्स आफ बंगाल।
४. जूलियन हक्सले—बर्ड्स वाचिंग एन्ड बर्ड् बिहेवियर।
५. हेन्डरसन—दि प्रैक्टिकल वैल्यु आफ बर्ड्स।
६. टी० बेनब्रीज फ्लेचर एन्ड सी० एम० इंगलिश—बर्ड्स आफ इंडियन गार्डेन।
७. ह्यूएन्ड ग्लैडस्टोन—बर्ड्स एन्ड दि वार।
८. प्रभुदयाल मित्तल—ब्रज भाषा साहित्य में ऋतु सौन्दर्य।
९. सुरेश सिंह—हमारी चिड़ियां।

बारहमासा

डा० श्री कृष्णलाल

षटऋतु और बारहमासा

षट्ऋतु और बारह मासके रूपमें वर्ष का विभाजन हमारे अति प्राचीन देश में न जाने किस अतीत युग से चला आ रहा है, परंन्तु प्राचीन साहित्य में षट्ऋतु का ही वर्णन मिलता है, बारह मासों का वर्णन उसमें शायद ही कहीं मिल सके। हिन्दी साहित्य में प्राचीन साहित्य के इस अभाव की पूर्ति हुई है। जायसी के 'पद्मावत' में पहले षट्ऋतु-वर्णन खंड है और ठीक उसीके अगले अध्याय नागमती-वियोग खंड में कवि की प्रसिद्ध 'बारहमासा' की रचना है। इस षट्ऋतु-वर्णन और बारहमासा में एक अंतर अत्यंत स्पष्ट है। षट्ऋतु वर्णन में कवि ने जहाँ संयोग ऋृगार की अभिव्यंजना की है, वहाँ बारहमास में उसने विप्रलम्भ श्रृंगार की अभिव्यक्ति की। जायसी के पश्चात् महाकवि केशवदास की 'कविप्रिया' में षट्ऋतु और बारहमासा दोनों का वर्णन उपलब्ध है। परंतु वहाँ जायसी की भाँति संयोग और ऋृगार की अभिव्यक्ति नहीं की गई। 'कविप्रिया' के सातवें प्रभाव में देश, नगर, बन, बाग, गिरि, आश्रम, सरिता, ताल, सूर्योदय और चंद्रोदय के विविध वर्णन के साथ ही षट्ऋतु के वर्णनों के लक्षण और उदाहरण भी कवि ने प्रस्तुत किए हैं। महाकाव्य का लक्षण लिखते हुए प्राचीन आचार्यों ने विविध प्रकार के वर्णनों का विधान रखा है। दंडी ने काव्यादर्श और विश्वनाथ कविराज ने 'साहित्य-दर्पण' में नगर, वन, शैल,, सागर, सूर्योदय और चंद्रोदय आदि के वर्णनों के साथ ही ऋतु-वर्णन को भी महाकाव्यों में आवश्यक माना है। उसी परम्परा के अनुसार केशवदास ने अन्य विविध वर्णनों के साथ षट्ऋतु-वर्णन का भी लक्षण और उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रसंग में उन्होंने बारहमासा का वर्णन नहीं किया; वरन् कविप्रिया के दशवें प्रभाव में आक्षेप अलंकार के नव भेदों का लक्षण और उदाहरण देते हुए अंतिम भेद शिक्षांक्षेप का लक्षण इसप्रकार लिखा :—

> सुख ही सुख जहूँ राखिये, सिखही सिख सुखदानी।
> शिक्षाक्षेप कहौं बरणि, छप्पय वारहवानि॥

अर्थात् तसल्ली दे देकर समझा बुझाकर अपने प्रियतम को विदेश-गमन के कार्यारम्भ से रोके, वही शिक्षाक्षेप है। इसको उदाहरण-स्वरूप केशवदास ने बारहमासा के ढंग पर बारह छप्पय कहे हैं। प्रत्येक मास का उद्दीपन विभाव के रूप में प्रकृति-वर्णन करके अंत में नायिका कहती है कि हे प्रिय, इस मास में विदेश-गमन का विचार भी न करना चाहिए। केशव के षट्ऋतु-वर्णन और बारहमासा-वर्णन में अंतर स्पष्ट है—षट्ऋतु-वर्णन में जहाँ प्रकृति आलम्बन विभाव के रूप में है वहाँ बारहमासा में वह उद्दीपन विभाव के रूप में वर्णित है। केशवदास ने काव्य-शास्त्र के निरूपण में जहाँ दंडी तथा अन्य प्राचीन आचार्यों का अनुसरण किया वहाँ उन्होंने बारहमासा की स्वतंत्र उद्भावना की।

केशवदास के पश्चात् सेनापति ने भी षट्ऋतु-वर्णन के साथ ही साथ बारहमासा का वर्णन किया। कवित्त-रत्नाकर की तीसरी तरंग ऋतु-वर्णन में कवि ने एक एक ऋतु पर

कवित्त लिखकर ऋतु-विशेष के दो मासों पर अलग अलग कवित्त भी लिखें हैं। अस्तु, शरद ऋतु का वर्णन करते हुए कवि पहले लिखता है :—

पाउस निकांस तातैं पायौ अवकास, भयो
जोन्ह कौं प्रकास, सोभा ससि रमनीय कौं।
बिमल अकास, होत बारिज विकास, सेना–
पति फूले कांस हित हंसन के हीय कौं।
छिति न गरद, मानौं रँगे हैं हरद, सालि
सोहत जरद, को मिलावै हरि पीव कौं।
मत्त हैं दुरद, मिट्यौ खंजन-दरद, रितु
आई है सरद सुखदाई सब जीव कौं॥ (कवित्त रत्नाकर; तीसरी तरंग; कवित्त संख्या ३७, पृ०६५)

इसके आगे कवि क्वार मास का वर्णन करता है :—

खंड खंड सब दिग-मंडल जलद सेत,
सेनापति मानौं सृंग फटिक पहार के।
अंवर आडंवर सौं उमड़ि घुमड़ि, छिन
छिछकैं छछारे छिति अधिक उछार के।
सलिल सहल, मानौं सुधा के महल, नभ
तूल के पहल, किधौं पवन अधार के।
पूरब कौं भाजत हैं, रजत से राजत हैं।
गग गग गाजत गगन घन क्वार के॥ (वही, कवित्त संख्या ३८, पृ० ६६)

और फिर कातिक मास का वर्णन कवि करता है :—

कातिक की राति थोरी थोरी सियराति,
सेनापति है सुहाति, सुखी जीवन के गन हैं।
फूले हैं कुमुद, फूली मालती सघन बन,
फूलि रहे तारे मानौं मोती अनगन हैं।
उदित बिमल चंद, चाँदनी छिटकि रही,
राम कैसो जस अध ऊरध गगन है।
तिमिर हरन भयो, सेत है बरन सब,
मानहु जगत छोर सागर मगन है॥ (वही, कवित्त संख्या ४०, पृ० ६६)

इस प्रकार कवि ने षट्ऋतु और बारहमासा का वर्णन एक साथ ही किया और दोनों में प्रकृति का एक ही सा वर्णन किया; आलम्बन विभाव के रूप में।

सेनापति और केशवदास ने षट्ऋतु-वर्णन में जहाँ अधिकांश परम्परा का पालन किया, वहां बारहमासा के वर्णनों में यथार्थ चित्रण की प्रवृत्ति से नवीन उद्भावनाएँ भी कीं। केशव की 'कविप्रिया' के उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जाएगी। शरद ऋतु का लक्षण लिखते हुए केशव ने जहाँ लिखा है,

अमल अकास, प्रकास ससि, मुदित कमलकुल कांस।
पंथी पितर पयान नृप शरद सुकेशवदास ॥

वहाँ बारहमासा के आश्विन और कार्तिक मास के वर्णन में कवि ने मास-विशेष के जीवन-जगत पर भी दृष्टि डाली है। देखिए आश्विन मास में नायिका अपने प्रियतम से कहती है :—

प्रथम पिंड हित प्रगट पितर पावन घर आवैं।
नव दुर्गा नर पूजि स्वर्ग अपवर्गहुँ पावैं।
छत्रनि दै छितिपतिहु लेत भुव लै सँग पंडित।
केशवदास अकास अमल जल जल्पजनि मंडित॥
रमणीय रजनि, रजनीश रुचि, रमारमन हू रासरति।
कल केलि कल्पतरु क्वार महँ, कंत न करहु विदेस मति॥

इसी प्रकार कार्तिक मास मे वह कहती है :—

बन उपवन जल थल अकास दींसत दीपगन।
सुख ही सुख दिन रात जुवा खेलत दंपति गन।
देव चरित्र विचित्र चित्र चित्रित आँगन घर।
जगत जगत जगदीस जोति जगमगत नारि नर।
दिन दान न्हान गुन गान हरि जनम सुफल करि लीजिए
कवि केशवदास विदेशमति कंतन कातिक कीजिए॥

कहा जा सकता है कि हिन्दी साहित्य के षट्ऋतु-वर्णन में अधिकांश परम्परा का पालन केवल इस कारण है कि इसकी परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही थी। बारहमास की कोई प्राचीन परम्परा नहीं थी; इस कारण इसके वर्णन में कवियों ने कधिकतर नवीन उद्भावनाएँ कीं। ठीक है, इस बात को किसी प्रकार अस्वीकार नहीं किया जा सकता, परंतु बारहमासा के वर्णनों से षट्ऋतु-वर्णन की एक बहुत बड़ी दुर्बलता अत्यंत स्पष्ट हो गई, जिसके कारण षट्ऋतु-वर्णन करने वालों को अधिकांश परम्परा का पालन करने के लिए विवश होना पड़ता था। ऋतुओं का कब, किसने और किस स्थान पर विभाजन किया यह तो निर्विवाद रूप से नहीं कहा जा सकता परंतु हिन्दी प्रांतों में षट्-ऋतुओं की परंपरा के अनुसार ऋतुएँ देखने को नहीं मिलतीं। उदाहरण के लिए वसंत ऋतु को लीजिए। परम्परा के अनुसार चैत्र और वैशाख मास वसंत के अंतर्गत आते हैं। एक तो चांद्र मास होने के कारण इन महीनों की स्थिति प्रत्येक वर्ष घटती बढ़ती रहती है, फिर भी इन दो मासों की अवधि लगभग १५ मार्च से १५ मई तक मानी जा सकती है। अब परंपरा के अनुसार वसंत ऋतु १५ मई तक मानी जानी चाहिए, परंतु मई के प्रारम्भ से ही जैसी भीषण गर्मी और लू चलन लगती है, उससे उसे वसंत मानना किसी के लिए भी सम्भव नहीं हो सकता। इसी प्रकार परम्परा के अनुसार ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ आषाढ़ मास का कहा जाता

है। परंतु ग्रीष्म ऋतु के इन दो मासों में कितना अंतर है, इसे सेनापति के शब्दों में सुनिए वे ग्रीष्म ऋतु के ज्येष्ठ मास का वर्णन करते हैं :—

सेनापति तपन तपति उतपति तैसो,
छायौ उत पति, तातें बिरह बरत है।
लुवन की लपटें ते चहुँ ओर लपटें, मै
ओढ़े सलिल पटै न चैन उपजत है।
गगन गरद धूँधि, दसौ दिसा रही रूंधि,
मानौं नभ भार की भसम बरसत है।
बरनि बताई, छिति व्योम की तताई जेठ
आयौ आतताई पुटपाक सौं करत है।। (कवित्त रत्नाकर; तीसरी तरंग; कवित्त संख्या १५ पृ० ५९)

फिर वे आषाढ़ मास का वर्णन करते है :—

ग्रीषम तपति हर, प्यारे नव जलधर,
सेनापति सुखकर जे हैं दपंतीन कौं।
भुव तरवर जीव सजत सकल घर,
धरत कदम तरु कोमल कलीन कौं।
सुनि घनघोर मोर कूकि उठें चहुँ ओर,
दादुर करत सोर भोर जामिनीन कौ।
काम धरे बाढ़ तरवारी, तीर, जम डाढ़,
आवत आसाढ़ परी गाढ़ बिरहीन कौं।। (वही, कवित्त संख्या २१, पृ० ६९)

ऐसे दो विरोधी लक्षणों से युक्त मासों का जब सम्मिलित वर्णन ग्रीष्म ऋतु के रूप में करना पड़ता है तब ज्येष्ठ के वर्णन को ही ग्रीष्म ऋंतु का वर्णन मान लेना पड़ता है क्योंकि परंपरा के अनुसार ग्रीष्म ऋतु प्रचंड गर्मी का ऋतु है। सेनापति ग्रीष्म का वर्णन करते हुए जब लिखते हैं,

सेनापति ऊँचे दिनकर के चलति लुवैं।
नद नदी कुवैं कोपि डारत सुखाइ कै।
चलत पवन, मुरझात उपवन बन,
लाग्यो है तपन डारयौ भूतलौ तपाइ कै।
भीषम तपत रितु ग्रीषम सकुचि तातै।
सरिक छिपी है तहखानन मैं जाइ कै।
मानौं सीतकाल, सीतलता के जमाइबे कौं।
राखे हैं बिरंचि बीज धरा मैं धराइ कै।। (वही, कवित्त संख्या १२, पृ० ५८)

तब इस वर्णन को परंपरा-पालन के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है। सम्भवतः

सेनापति को भी परंपरा-गत ग्रीष्म ऋतु-वर्णन से संतोष नहीं हुआ और उन्होंने एक कवित्त ग्रीष्म ऋतु का यथार्थवर्णन करते हुए भी लिखा जो इस प्रकार है :—

तपै इत जेठ जंग जात हैं जरनि जरचो
ताप की तरनी मानौं मरनि करत है।
दूतहिं आसाढ़ उठै नूतन सघन घटा,
सीतल समीर हिय धीरत धरत है।
आधे अंग ज्वालन के जाल विकराल, आधे
सीतल सुभग मोह हीतल भरत है।
सेनापति ग्रीषम तपत ऋतु भीषम हैं
मानौं बड़वानल सौं बारिधि बरत है।। (कवित्त रत्नाकर; तीसरी तरंग; कवित्त संख्या १६, पृ० ५९)

ग्रीष्म ऋतु जैसी स्थिति शिशिर ऋतु की भी है। माघ और फाल्गुन मास शिशिर ऋतु के अंतर्गत माने गए हैं। परंतु साधारणतः माघ शुक्ल पंचमी से ही वसंत का प्रारम्भ माना जाता है और जन साधरणा के बीच फाल्गुन मास ही वसंत का सच्चा प्रतीक है। परंपरा और यथार्थ वस्तुस्थिति की इस असंगति का कारण परंपरा प्रारम्भ करने वालों की यथार्थ के प्रति उपेक्षा या अवहेलना नहीं थी, वरन् यह असंगति बहुत कुछ देशकाल के कारण उपस्थित हुई जान पड़ती है। षट-ऋतुओं का विभाजन और नामकरण सम्भवतः उस समय किया गया था जब हम लोंगों के पूर्वज आर्य सप्तसिंधु के निवासी थें। वहाँ आज भी इन ऋतुओं की संगति दिखाई पड़ सकती है। परंतु ज्यों ज्यों आर्यगण पूर्व और दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ते गये त्यों त्यों ऋतुओं की भी स्थिति में असंगति दिखाई पड़ने लगी। तब भी षट-ऋतु ज्यों के त्यों बने रहे और इसी कारण परंपरा और यथार्थ वस्तुस्थिति में अंतर बढ़ता गया। उदाहरण के लिए परंपरा से पावस ऋतु, सावन और भादौं, इन दो मासों का माना जाता है, परंतु मिथिला में ज्येष्ठ मास में ही पहला पानी पड़ जाता है। अस्तु, वहाँ पावस ऋतु का प्रारम्भ ज्येष्ठ मास से ही मानना उचित होगा। श्री कालीकुमार दास द्वारा सम्पादित मैथिली-गीतांजलि में 'पावस' शीर्षक एक गीत है। जिसमें जेठ, अषाढ़, सावन और भादौं चार महिनों का वर्णन किया गया है। गीत इस प्रकार है :—

पावस परम उछाट सघन घन आयल रे।
प्यारे, नयनक रस गरिँ खंसल सरोज[1] सुखायल रे।
अभरन जत छल झामर, पति मोर पामर रे,
प्यारे, चिकुर बनल शतनाग करथि तन सामर रे।
से दिन सुमिरन आवथ सेज ने[2] भावन रे
प्यारे, करतल बदन समेटि पल कानय[3] रे।।
जेठ हेठ नव ब्रादर युवतिक आदर रे,
प्यारे, दछिन पवन बहु मंद करथि अति कातर रे।।

[1] मुख, कर, चरण आदि [2] नहीं [3] क्रंदन करती है।

मास आषाढ़क बारिस मदरस पाटत रे,
प्यारे, हृदयक दल हुहु फाटत शशिकर काटत रे।
साओन परम भयाउन कठिन मिलाओने रे,
प्यारे, एकसरि रुदन अटारि कठिन निशि साओन रे।
भादव आयल मादक दादुर बाहक रे,
प्यारे, दिशि दिशि रवथि मयूर, बिरह तन बाढ़त रे॥ (गीत संख्या १७५, पृ० १२०-१२१)

अस्तु, मिथिला प्रांतमें ज्येष्ठ और आषाढ़ को ग्रीष्म ऋतु कौन मान सकता है। फिर भी परंपरा का इतना प्रभाव है कि प्रायः सभी स्थान में षट्-ऋतु का वर्णन साधारणतः एक ढंग से किया जाता है। इसी कारण हिन्दी में षट्ऋतु-वर्णन अधिकांश परंपरागत होने से वस्तु-स्थिति से बहुत दूर रह जाता है, किन्तु बारहमासा यथार्थवादी चित्रण करने के कारण अधिक स्वाभाविक और चित्ताकर्षक बन पड़ा है।

प्राचीन संस्कृत साहित्य में भी ऋतु-वर्णन की इस असंगति का कुछ आभास मिल सकता है। मेघदूत में कालिदास ने 'आषाढ़स्य प्रथम दिवसे मेघमाश्लिष्ट सानुं' लिखकर आषाढ़ में ही पावस ऋतु का प्रारम्भ दिखा दिया। परंतु बाद में जब लक्षण ग्रंथों का प्राधान्य हुआ तब, परंपरा-पालन की ओर ही कवियों का ध्यान अधिक रहा, यथार्थ-चित्रण की प्रवृत्ति उनमें कम होती गई। परंतु बारहमासा का वर्णन देश-काल की बड़ी आवश्यकता के अनुरूप हुआ इसीलिए उसमें यथार्थ-चित्रण की ओर ही कवि की भी दृष्टि रही।

बारहमासा की परम्पराएँ

हिन्दी साहित्य में बारहमासा की चार मुख्य परंपराएँ हैं। सबसे पहली परंपरा संतकाव्य के अंतर्गत दिखाई पड़ती है जिसमें प्रत्येक माह का नाम-निर्देश कर ज्ञान-वैराग्य सम्बंधी उपदेश किए गए हैं। इस प्रकार की रचनाओं में मास-विशेष का यथार्थ-चित्रण या तो रहता ही नहीं, या कहीं रहता भी है तो केवल नाम मात्र को। बन, उपवन में फूलने वाली वनज्योत्स्ना रसाल वृक्ष का अवलम्ब लेकर पल्लवित और पुष्पित होती है, परंतु खेतों में तरकारी की विविध बेलें सूखी टहनियों और डालों का सहारा लेकर ही बढ़ती हैं। ठीक उसी प्रकार संत कवियों के बारहमासा केवल मासों के नाम का अवलम्ब लेकर ही रचे गए। उदाहरण के लिए धरनीदास का बारहमासा देखिए। चैत्र मास से प्रारम्भ कर के अपनी ज्ञान-वेलि प्रकट करते हैं।

दो०—चैत चलहु मन मानि कै, जहँ बसै प्रान पियार।
हिलि मिलि पाँच सहेलरी, पंच-पाँच परिवार॥
छंद—परिवार जोरि बटोरि लीजै, गोरि, खोरि न लाइये।
बहुरि समय सरूप अस नां जानिये कब पाइये॥

इसी प्रकार ज्येष्ठ मास की ज्ञान बेलि का भी निरीक्षण कीजिए, कवि कहता है:—

दो०—जेठ जतन करु कामिनी, जन्म अकारथ जाय।
जोबन गरब भुलाहु जनि, कछु करि लेहु उपाय॥

छंद—करिलेहु कछुक उपाय नहिं दुख पाय फिर पछताइ है।
जब गाँठिको गथनाठि है, तब ढूंढ़ते नहि पाइ है।

उपर्युक्त रचनाओं में चैत्र और ज्येष्ठ मास के जीवन और जगत का लेशमात्र भी आभास नहीं मिलता। चैत्र और जेठ के स्थान पर यदि माघ शब्द रख दिया जाय तो जेठ जतन तथा चैत चलहु में जो अनुप्रास है केवल उसी की क्षति होगी, अर्थ में कुछ भी अंतर नहीं पड़ेगा। ऐसी रचना का नाम बारहमासा क्यों रखा गया यह स्वाभाविक प्रश्न उठ खड़ा होता है। कुछ घास और लताएँ ऐसी होती हैं जो किसी भी वस्तु का सहारा लेकर ऊपर उठ पड़ती हैं। ठीक उसी प्रकार संत कवियों को ज्ञान और वैराग्य के उपदेश की कुछ ऐसी लगन थी कि किसी भी व्याज से वे उपदेश करने लग जाते थे। अस्तु, जनता में प्रचलित बारहमासा को भी उन्होंने अपने उपदेश का माध्यम बनाया। भागवत के अनुकरण में गोस्वामी तुलसीदास ने जिस प्रकार वर्षा और शरदऋतु के वर्णन-व्याज से भक्ति, वैराग्य की शिक्षा दी थी, संत कवियों ने भी उसी प्रकार बारहमासा के व्याज से अपने ज्ञान वैराग्य के उपदेश का मंजूषा खोला। गोस्वामी तुलसीदास ने तब भी 'अर्द्धाली' के एक चरण में प्रकृति-चित्रण, और दूसरे में उपदेश को स्थान दिया। यथा,

सुखी मीन जे नीर अगाधा। जिमि हरि सरन न एकउ बाधा।
फूलें कमल सोह सर कैसा। निर्गुन ब्रह्म सगुन भए जैसा।

परंतु संत कवियों ने उतना भी प्रकृति-चित्रण करना आवश्यक नहीं समझा और बारहमासा के रूप में अपनी वैराग्य-वृत्ति को ही चरितार्थ किया।

संतकाव्य में बारहमासा की परम्परा जनता में प्रचलित बारहमासा से, अथवा फारसी काव्य के 'अलिफनामा' की परम्परा से प्रभावित हो सकती है अथवा इन दोनों से। फारसी में 'अलिफनामा' की रचना वर्णमाला के प्रत्येक वर्ण से प्रारम्भ कर ज्ञान और प्रेम के उपदेश के लिए होती थी। संत-परम्परा के अनेक संतों ने अलिफनामा की रचना की और उसी के साम्य पर अखरावट तथा ककहरा की परम्परा भी संतकाव्य में चल पड़ी जिसमें नागरी वर्णमाला के वर्णों से प्रारम्भ कर संत कवि उपदेश, चेतावनी और सिद्धांत की बातें कहा करते थे। धरनीदास का, जिनके बारहमासा का ऊपर उल्लेख हो चुका है, अलिफनामा और ककहरा प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पहाड़ा भी लिखा जिसमें उसी प्रकार ज्ञान वैराग्य की बातें लिखी गई हैं। प्रसिद्धि तो ऐसी है कि कबीर ने भी अलिफनामा और अखरावट की रचना की। जायसी का अखरावट तो प्रसिद्ध ही है जिसमें उन्होंने सूफी सिद्धांत की विवेचना की। सम्भव है अलिफनामा और अखरावट के अनुकरण में बारहमासा की रचना भी संतों ने आरम्भ की होगी। निश्चय रूप से कुछ कहना सम्भव नहीं है, परंतु अनुमान द्वारा यह बात सम्भावना से परे नहीं जान पढ़ती कि संतों के बारहमासा की परम्परा पर फारसी के अलिफनामा का पर्याप्त प्रभाव पढ़ा था।

संतों की बारहमासा परम्परा में सर्वप्रथम रचना काशी के प्रसिद्ध जुलाहे कबीर की 'बारामासी' मानी जा सकती है यदि यह उन्हीं की रचना हो। डा० रामकुमार वर्मा ने अपने

'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में कबीर के ६१ ग्रंथों[१] का नाम गिनाया है जिनमें चार ग्रंथों के कबीर-रचित होने में उन्हें संदेह है। शेष ५७ ग्रंथों के सम्बंध में उनका मत है, "सम्भव है और ग्रंथ भी कबीरकृत न हों पर उस सम्बंध में अभीतक कोई प्रमाण नहीं दिया जा सकता।"[२] बारामासी कबीर के इन्हीं ५७ ग्रंथों में से एक है जो सम्भवतः कबीर की रचना हो भी सकती है। इस पुस्तक में सब मिलाकर ५० पद्य हैं और उनका विषय ज्ञान है।[३]

इस परम्परा की सबसे विशिष्ट रचना तुलसीदास की बारहमासी है। यह तुलसीदास रामचरित मानस के स्वनामधन्य रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ही हैं या उनसे भिन्न कोई अन्य तुलसीदास यह कहना कठिन है। पुस्तक के सम्पादक बिजावर-निवासी पुरुषोत्तम भट्ट इसे मानस के यशस्वी कवि की ही कृति मानते हैं। भूमिका में वे लिखते हैं: "जहाँ तक मैं जानता हूँ यह बारहमासी पहिले कहीं नहीं छपी है, परंतु बुन्देलखंड निवासियों में बहुधा ऐसे सज्जन मिलेंगे जिनको इसकी एक एक कड़ी कंठस्थ हैं"। इसी के साथ ही प्रकाशक (संचालक वेलवेडियर प्रेस, प्रयाग) का वक्तव्य है कि इस बारहमासी की "भाषा मानसकर्ता तुलसी की नहीं जान पड़ती। परंतु यह अवश्य इसी नाम के किसी बड़े महात्मा की बनाई है"। केवल भाषा के आधार पर यह कहना कि यह मानसकार तुलसी की रचना नही हैं कुछ विशेष अर्थ नहीं रखता क्यों कि यह कृति सम्पादक ने अपने मित्र भगवत भक्त बाबू माधो प्रसाद खँपरिया के मुख से सुनकर लिखी थी और यह रचना मौखिक परंपरा से ही इतने दिनों तक चली आरही थी। मौखिक परंपरा के कारण ही उसमें सम्भवतः भाषा सम्बंधी अनेक परिवर्तन हुए होंगे। यदि मानसकार तुलसीदा राम–लला नहछू, हनुमान–चालीसा, जानकी–मंगल और पार्वती–मंगल की रचना कर सकते थे तो बारहमासी के उनकी रचना होने में कोई आश्चर्य नहीं। परंतु इसकी कोई हस्तलिखित प्रति नहीं मिली, अस्तु, निश्चयपूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह रचना चाहे जिस किसी तुलसीदास की हो इसमें ज्ञान वैराग्य की बातें बड़े स्पष्ट ढंग से कही गई हैं। कुछ नमूने देखिए। चैत्र मास से बारहमासी का प्रारंम्भ करते हुए वे कहते हैं:—

चैत चिरजीवँ न कोई जीव जम को ग्रास है।
मूढ़ निश्चय समुझ अंधे स्वप्न सों जग वास है।
विषय तृष्णा लोभ वंशी मोह माया जार है।
तात माता भ्रात बनिता, झूठ सब परिवार है।
जठर में जिन प्राण राखे, सो बिसारे बावरे।
देख मृगतृष्णा जो भूले वृथा धोखा खायरे।
राम भजु मन पाय नर तन बनो अच्छे दावरे।
ऐसो अवसर खोय के फिर मूढ़ गोता खायरे।

इसी प्रकार भादौं मास के सम्बंध में कवि की उक्ति है:—

मास भादौं अति भयानक गहगहे अति गाजहीं।
तन गगन में कूच के खासा नगारे बाजहीं।

---

[१] पृ० २४०-२४९ [२] वही पृ० २५०, [३] वही पृ० २४५।

दुरित प्रगटत थिरत नाहीं चित्त चंचल दामिनी ।
दम्भ जुगुनू निश अविद्या अविवेककारी यात्रि भी ।
करौं हिय में आयके हरिनाम मानु प्रकाश रे ।
दम्भ जुगूनू निश अविद्या होय सबकर नाश रे ।

और फागुन मास से वे बारहमासी का अंत करते हैं :—

मास फागुन धन रतन रथ, देय कंचन दान रे ।
अश्व गज गो भूमि से ज्या नाहिं नाम समान रे ।
भ्रमत तीरथ सकल व्रतकर जोग साधन सोय रे ।
यज्ञ जप तप नेम हरि के नाम सम नहिं होय रे ।
सिर जटा नख मौन धारत गेह तज बनवास रे ।
बेद शास्त्र पुराण पढ़ि नहिं जात ओसन प्यास रे ।
तर्यो चाहै जीव जो तूं, त्यागु आन उपाव रे ।
विश्वास कर निज दास तुलसी प्रेमहरि गुण गाव रे ।

इस बारहमासी में भी केवल उपदेश ही उपदेश है, मास-विशेष के जीवन-जगत का निरीक्षण नहीं के बराबर है। इस में भी चैत्र के स्थान पर यदि पूस कर दिया जाय तो भावार्थ की विशेष क्षति नहीं होगी। इस दृष्टि से यह रचना मानसकार की कृति होने में संदेह उत्पन्न करती है। सच्चा कवि उपदेश भी अपनी सरस और चमत्कार पूर्ण शैली में देगा, कोरा उपदेश, जिसमें जीवन-जगत की पूर्ण रूप से उपेक्षा हो उसकी लेखनी से शायद ही निकले। परंतु गोस्वामी तुलसीदास ने अपने युग में प्रचलित सभी शैलियों और परंपराओं में रचना की थी—चारण और भाटों की कवित्त-सवैया वाली परंपरा, नीति और साखी वालों की दोहा परंपरा, भक्तों की पद-रचना परंपरा, अवधी भाषा की प्रेमाख्यानक रचनाओं की दोहा-चौपाई वाली परंपरा, रहीम की बरवै परंपरा, मंगलों की परंपरा, स्तोत्रों की परंपरा आदि सभी परंपराओं में उन्होंने रचना की थी। फिर बारहमासा की ही परंपरा उन्होने क्यों छोड़ी होगी, यह बात विचारने की है। उनके युग में बारहमासा की परंपरा प्रचलित थी, इसमें तो कोई संदेह नहीं। तुलसीदास से पहले जायसी के जीवन-काल में ही जायसी-रचित बारहमासा गा गाकर जायसी के चेले अवध प्रांत में घर घर भीख माँगते थे इसका उल्लेख पं० रामचन्द्र शुक्ल ने 'जायसी ग्रंथावली' की भूमिका में किया है। सम्भव है तुलसीदास ने इस परंपरा में भी रचना की हो जो मौखिक परंपरा से परिवर्तित हो इस वर्तमान रुप में आगई हो। चाहे जो हो संतों की बारहमासा परंपरा में तुलसीदास की बारहमासा एक महत्वपूर्ण रचना है।

———

जन-जीवन और साहित्य

डा० रामअवध द्विवेदी

जन-जीवन और साहित्य का सम्बन्ध इतना प्रत्यक्ष है कि उसके सम्बन्ध में कुछ कहना अनावश्यक सा प्रतीत होता है। वाल्मीकि अथवा होमर के समय से आज तक साहित्य समाज में ही रह कर प्रस्फुटित और विकसित हुआ है, और प्रत्येक युग में सामाजिक परिस्थितियों तथा शक्तियों के घात प्रत्याघात से ही उसका स्वरूप निर्धारित हुआ है। आदिम समाजवाद, सामन्तशाही, पूजीवाद और आज के साम्यवादी विधानों में जैसे जैसे समाज का ढाँचा तथा मानव-जीवन परिवर्तित होता गया है, वैसे ही साहित्य के स्वभाव तथा अवयवों में भी परिवर्तन दिखाई पड़ता है। यही नहीं कि साहित्य का निर्माण और विकास जनजीवन के आधार पर होता है किन्तु यह भी सत्य है कि अधिकांश साहित्य जनसाधारण की तृप्ति तथा संतोष के लिए निर्मित होता है। स्वान्तः सुखाय लिखने वाले कवि भी जानते हैं कि सहृदयजन उनकी कृतियों का रसास्वादन करेंगे। स्वयं तुलसीदास ने यद्यपि स्पष्ट रूप से घोषित कर दिया है कि उनकी रघुनाथ गाथा उनके अपने संन्तोष के लिये लिखी गई है, तथापि उन्होंने अपने समकालीन समाज का चित्र अंकित करते हुये तत्कालीन अनेक समस्याओं पर प्रकाश डाला है। आज का व्यक्ति-वादी कवि जब अपनी पुस्तकों को सजधज के साथ छपवा कर चाव से जनता के सामने प्रस्तुत करता है तब हमें तनिक भी संशय नहीं रह जाता कि वह साहित्य को समाज की वस्तु मानता है। यद्यपि पूछने पर वह यही कहता है "गायक हूँ कुछ गा लेता हूँ"। योरोपीय साहित्य के रोमांटिक युगों में जब कवि अपनी ही अनुमति को मुखरित करने में संलग्न था, उस समय भी उसकी भावनाएं तथा उसकी कला सामाजिक उथल पुथल से प्रभावित थी। सोलहवीं शताब्दी में योरोप के कई देशों में मध्य युग के बाद की नवजागृति के प्रभाव ने कवियों की कल्पना को प्रखर तथा उनकी प्रतिभा को सशक्त बनाया। उन्नीसवीं शताब्दी में जर्मनी, फ्राँस, इंग्लैंड, स्पेन आदि में रोमांटिक काव्य का जो आविर्भाव हुआ उसके पीछे फ्रांस की राज्यक्रान्ति की विद्रोही भावना छिपी हुई थी। इसी लिए उन्नीसवीं शताब्दी के रोमांटिक काव्य में सोलहवीं शताब्दी के काव्य की अपेक्षा विद्रोह की भावना कहीं अधिक प्रबल है।

साहित्य और जीवन का यह घना सम्बन्ध किसी भी सजीव साहित्य के इतिहास में पग पग पर परिलक्षित होता है। अंग्रेजी साहित्य में चॉसर के काव्य में उस काल का अत्यन्त वास्तविक चित्रण है जब मध्य युग अपनी अन्तिम सांसें ले रहा था। स्पेन्सर की कविता में मध्य युग तथा उसके बाद आने वाले नव जागरण के युग के अनेक पात्र मिलकर एक विचित्र वातावरण उत्पन्न कर देते हैं। शेक्सपियर के नाटकों से १६वीं शताब्दी के अन्तिम २५ वर्षों में रहने वाले अंग्रेजों की आशाओं और आकांक्षाओं का जितना अच्छा पता लगता है, उतना किसी और साधन से नहीं। मिल्टन के महाकाव्य में देवों और दानवों का युद्ध बहुत कुछ राजा और पार्लियामेंट के समर्थकों के युद्ध का प्रतीक मात्र है! इसी प्रकार १८वीं शताब्दी में अंग्रेजी उपन्यास का जन्म सामाजिक परिस्थियों के कारण हुआ और जैसा हम बता चुके हैं,

१८वीं शताब्दी के रोमांटिक काव्य की तह में राजनैतिक, सामाजिक, और दार्शनिक कारण थे। आज के अंग्रेजी साहित्य की जड़ प्रत्यक्ष रूप से जनजीवन में है।

हिन्दी के सम्बन्ध में भी आदिकाल से आजतक बहुत कुछ यही बात सत्य है। साहित्य के प्रारम्भिक युग में काव्य को प्रचलित धार्मिक विश्वासों से बौद्ध, जैन तथा नाथ पंथ के सिद्धान्तों से प्रेरणा मिली। वीरगाथाओं में युद्ध और प्रणय का वर्णन है, क्योंकि सामन्तशाही समाज में इन्हीं दोनों का प्राधान्य था। भक्तिकाल में जनता की बेबसी भक्ति में परिणत हुई और तुलसी और सूर के काव्य में उसके भाव उद्वसित हुए। रीतिकाल में प्रायः दो सौ वर्ष तक साहित्य जन साधारण के जीवन से कुछ विलग हो गया। साहित्य का क्षेत्र संकुचित हो गया किन्तु उस सीमित दायरे में धनी मानी जमींदारों और रइसों के विलासमय जीवन का चित्रण बहुत कुछ यथार्थ रूप से हुआ। आजका विस्तृत तथा बहुमुखी जीवन गद्य और पद्य साहित्य में अनेक प्रकार से व्यक्त हो रहा है। जनता के वास्तविक जीवन से दुराव होने पर साहित्य नक़ली और अवास्तविक होकर रह जाता है तथा उसे उच्चतम श्रेय नहीं प्राप्त होता। लैटिन साहित्य ग्रीक साहित्य की समानता करने में असमर्थ रहा, विशेष रूप से इसलिए कि रोम के कवियों तथा नाटककारों ने रोम के यथार्थ जीवन को अंकित करने की जगह पर ग्रीस के जीवन को ही अपने काव्य का आधार बनाया।

अब विचारणीय प्रश्न यह है कि साहित्य और जीवन के इस निकट सम्बन्ध का क्या स्वरूप है? इस प्रश्न पर बहुत पहले से मतभेद चला आया है। प्लेटो ने काव्य की निन्दा करते हुए बताया है कि कवि उस आदमी की तरह है जो एक बड़ा दर्पण लेकर इधर उधर घुमाता तथा उसमें विविध पदार्थों को प्रतिविम्बित करता है। प्लेटो के अनुसार कवि के कार्य की कोई सार्थकता नहीं है, क्योंकि वह किसी वस्तु का निर्माण नही करता केवल उसकी छाया पकड़ता है। यह दर्पण दिखाने वाला रूपक बहुत प्रचलित हो गया है क्योंकि शेक्सपियर ने एक स्थल पर लिखा है कि नाटक का कार्य है वास्तविकता को दर्पण की भांति प्रतिविम्बित करना, किन्तु प्लेटो का विचार उसके गुरु सुकरात से भिन्न था, और उसके प्रतिमा सम्पन्न शिष्य एरिस्टाटिल ने उसका खंडन किया है। सुकरात ने एक स्थल पर लिखा है कि यदि हम मान लें कि काव्य का उद्देश्य केवल वर्णनात्मक है तब कठिनाई सामने यह आती है कि जो उद्देश्य है, वर्णनातीत भी है। हम भावों, विचारों आदि को देख नहीं सकते इसलिए हम उन्हें अंकित भी न कर सकेंगे किन्तु हम जानते हैं कि साहित्य का प्रतिपाद्य केवल स्थूल पदार्थ नहीं है वरन् सूक्ष्म विचार और अनुभूतियाँ भी हैं। सुकरात के उपरोक्त कथन से प्रतीकों की सर्थकता का संकेत हुआ। एरिस्टाटिल ने बताया है कि जब कवि अपने काव्य का निर्माण करता है तब वह पदार्थों तथा जीवन के व्यापारों की केवल नकल नहीं करता वह अपनी प्रतिभा के बल से वास्तविकता के आधार पर नवनिर्माण का कार्य करता है। जीवन के बिखरे हुए अवयवों को वह संगठित करके एकता के सूत्र में बांध देता है। वह विशिष्ट से सार्वभौम की ओर व्याष्टि से समष्टि की ओर अग्रसर होता है। इतिहास की घटनाएं सत्य हैं क्योंकि वह घटित हुई हैं किन्तु साहित्य के तथ्य उनसे भी अधिक सत्य हैं, क्योंकि संभाव्य होने के कारण वे अनेक बार घटित हो सकते हैं। इस प्रकार साहित्य में अधिक दार्शनिकता है और इतिहास से उसका महत्व कहीं अधिक है। आधुनिक

काल के अनगिनत विचारकों ने कल्पना को महत्व दिया है और बताया है कि साहित्यिक निर्माण का कार्य कल्पना के आधार पर ही सम्भव है। कल्पना कई क्रियाओं को एकत्र कर अपना कार्य करती है। निरीक्षण द्वारा पदार्थों और दृश्यों को ग्रहण करके एक नए क्रम से वह उनका एकीकरण करती तथा इस प्रकार नए रूप या मानसिक चित्र प्रस्तुत करती है। कल्पना की यह नवसृष्टि आनन्द-प्रदायिनी होती है तथा व्यक्ति के मन में इन चित्रों को दूसरों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए सहज अनुरोध होता है। सहृदय ज्ञान के साथ ही आनन्द का अनुभव भी करता है। साहित्यिक कृतियों को आज हम बहुत कुछ कल्पना के आधार पर ही समझने की चेष्टा करते हैं और उसी को ध्यान में रखते हुए हम इनका मूल्य आँकते हैं। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में योरोप में कल्पना का महत्व सभी ने स्वीकार किया, किन्तु कुछ वर्षों के बाद ही लोगों की रुचि काल्पनिकता से हट कर यथार्थ की ओर झुकी। विशेष कर फ्रांस में साहित्य में यथार्थवाद का अभ्युदय हुआ और यह आन्दोलन जोर पकड़ता गया। ज़ोला ने फोटो खींचने की नवीन कला से प्रेरणा प्राप्त की और जीवन के सच्चे चित्र अपने उपन्यासों में प्रस्तुत करने लगा। उसने कल्पना का आश्रय कम से कम लेकर यथार्थ के आग्रह को अधिक से अधिक स्वीकार किया। यथार्थवाद का यह आन्दोलन बहुत काल तक न चल सका और शताब्दी के अन्त के पूर्व ही प्रतीकवादियों ने इसका घोर विरोध किया। यथार्थवाद की पराजय हुई और आज ज़ोला का प्रभाव बहुत सीमित रूप में देखने में आता है। प्रतीकवादी कवियों तथा नाटककारों की परम्परा आज भी बहुत कुछ जीती जागती है। फ्रांस के बाहर ईट्स, टी० एस० ईलियट, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, रिल्के, ब्लोक प्रभृति यशस्वी कलाकार प्रतीकवादी परम्परा में हुए हैं। पूर्ण यथार्थवाद न तो सम्भव है और न वांछनीय ही। यदि जीवन की असली तसवीर देखने से ही मनुष्य को संतोष हो तो वास्तविक जीवन उसके सामने है; उसको ही देख कर वह तृप्त हो सकता है। साधारण यथार्थवाद में कल्पना का कुछ न कुछ पुट अवश्य रहता है। साहित्यकार अपनी कृतियों में यथार्थ को घटा बढ़ा कर व्यक्त करता तथा जीवन के वास्तविक क्रम को एक नया रूप देता है। इसलिए यह स्पष्ट है कि साहित्य चाहे यथार्थवादी हो अथवा आदर्शवादी या कल्पना प्रधान, जीवन की प्रतिच्छाया मात्र नहीं है। साहित्यकार की प्रतिभा अपना काम करती और जीवन को एक नए ढंग से अंकित करती है। यही उसकी मौलिकता है और इसीसे उसकी कृतियों में चमत्कार तथा रोचकता का आविर्भाव होता है।

भाषा का प्रश्न भी अत्यन्त महत्व पूर्ण है। बहुतों की यह धारणा है कि जनजीवन और साहित्य को ध्यान में रखते हुए साहित्य की, विशेष कर जनसाहित्य की, भाषा साधारण बोलचाल की होनी चाहिए। इस सिद्धान्त के हिमायती यहां तक कहते हैं कि ग्रामीणों और अशिक्षित नागरिकों की भाषा में ही साहित्य लिखा जाना चाहिए, तभी वह उनके जीवन को समुचित रूप से व्यक्त कर सकेगा। एक प्रकार का जनसाहित्य ऐसा होता है जो साधारण पढ़े लिखे लोगों द्वारा जनता के मनोविनोदार्थ तैय्यार किया जाता है। जैसे गाँव और शहरों की सड़कों पर गाए जाने वाले बिरहा, कजली, बारहमासे इत्यादि। इनमें साधारणतया इतना भद्दापन होता है कि उनको साहित्य की उपाधि देना उचित नहीं है किन्तु कभी २ इस प्रकार के जनसाहित्य में साहित्यिकता का समावेश हो जाता है। और उसमें एक अनूठी लाक्षणिकता और रोचकता दिखाई पड़ती है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि जब इस प्रकार कवित्व का प्रदर्शन होता

है भाषा का स्तर आपसे आप ऊंचा उठ जाता है, उसमें शक्ति के साथ अनायास सफाई आ जाती है। इस चमत्कारपूर्ण भाषा को हम जनता की भाषा नहीं कह सकते। दूसरे प्रकार का जनसाहित्य वह है जो पढ़े लिखे साहित्यिकों द्वारा अनुग्रह पूर्वक जनता को लाभ पहुंचाने के लिए लिखा जा रहा है। बड़े बड़े पंडित इन दिनों आल्हा और कजली लिखने लगे हैं, इस विश्वास से कि जनता केवल गंवारु बोली में कही जाने वाली बात ही समझ सकती है। इस बात को अटल सत्य मान कर विद्वद्जन अपनी ऊंचाई से उतर कर कभी कभी गंवारों की बोली बोलने का प्रयास करते हैं। फल यह होता है कि उस बोली में न स्वाभाविकता होती है और न गति। सहानुभूति का जो आडम्बर इस प्रयास में छिपा रहता है उससे जनता का कोई लाभ नहीं हो सकता। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक स्थल पर लिखा है "God meets mān half ways" ईश्वर अपने सिंहासन से उतर कर नीचे आते हैं, मनुष्य को ऊपर खीचने के लिए किन्तु उसके पहले यह आवश्यक है कि मनुष्य स्वयं ऊपर उठने की चेष्टा करे। जनसाहित्य की भाषा के सम्बन्ध में भी कुछ ऐसी ही बात लागू होती है। सुशिक्षित साहित्यिकों को अपनी सौन्दर्यपूर्ण आलंकारिक भाषा को छोड़ कर जनता की ओर झुकना पड़ेगा किन्तु साथ यह भी वांछनीय है कि जनता का मानसिक विकास हो, और उसकी समझने की शक्ति बढ़े। जनता की सतह पर उतर कर गंवारु बोली में ही साहित्य लिखने से यह कार्य सिद्ध न हो सकेगा।

जनसाधारण की भाषा के साहित्यिक प्रयोग के लिए अनेक देशों में समय समय पर आन्दोलन हुए, किन्तु एक सीमा के बाद वह आगे न बढ़ सके। उन्नीसवीं शताब्दी में इटली, स्पेन तथा नार्वे और स्वीडन में बोलचाल की भाषा में साहित्य निर्माण की मांग हुई और उसकी पूर्त्ति के लिए साहित्य लिखा गया, किन्तु ऐसे प्रयत्न न तो स्थायी हुए और न उनको कोई विशेष सफलता ही प्राप्त हुई। मध्य युग में दान्ते के सामने यही प्रश्न उपस्थित हुआ। योरोप की बहुत सी स्थानीय भाषाएं उस समय तक बहुत कुछ विकसित हो चुकी थीं और दान्ते ने इस मसले पर विचार किया कि उनका प्रयोग साहित्य में कहां तक और किस प्रकार सम्भव था। योरोप की विविध बोलियों के स्वभाव और उनकी विशेषताओं पर विचार करने के उपरान्त दान्ते इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि साहित्यिक प्रयोजन के लिए केवल ऐसी ही बोलचाल की भाषाएं काम में लाई जा सकती हैं, जिनमें सम्यक रूप से सफाई और परिष्कार हो चुका हो जो कान्ति और सौन्दर्य्य से समन्वित हों। इन्ही गुणों को इंगित करने के लिए दान्ते ने 'Illustrious Vernacular' अथवा कान्ति और गरिमा समन्वित जनभाषा की कल्पना प्रस्तुत की। अंग्रेजी कवि वर्ड्स्वर्थ ने इस सिद्धान्त का निरूपण किया कि कविता बोल चाल की भाषा में लिखी जाय। किन्तु जब उसने इस सिद्धान्त को कार्यान्वित करने का प्रयत्न किया तब वह असफल ही रहा। आयरलैंड में पिछले दिनों के कवि और नाटककारों ने जनता की भाषा को साहित्य में स्थान दिया। किन्तु उसको एक नया रूप और एक नई लय और गति प्रदान करने के उपरान्त ही वह ऐसा कर सके। सिंज या ईट्स के नाटकों के पात्र आयरलैंड में बोले जानेवाले शब्दों और मुहाविरों का प्रयोग करते हैं किन्तु उनकी भाषा वही नही है जो आयरलैंड के किसान अपने दैनिक जीवन में बोलते हैं। साहित्यिक भाषा को अलंकारों से सजाने के पक्षपाती आज बहुत कम मिलेंगे क्यों कि अधिक सजधज से उसमें कृत्रिमता आ जाती है और उसकी गति में अवरोध उत्पन्न होता है। आज के सुरुचिपूर्ण व्यक्ति को व्यर्थ का शृङ्गार अरुचिकर है जीवन में और साहित्य में समान

रूप से। किन्तु साथ ही साथ साहित्यिक भाव प्रकाशन के जटिल प्रश्न पर सोचने पर यह बात भुला देना कठिन मालूम पड़ता है कि साहित्यकार को अपनी कृतियों में सफलता प्राप्त करने के लिए और अपने उद्देश्य की पूर्त्ति के लिए अपने भाव प्रकाशन के माध्यम में कुछ न कुछ परिष्कार और सौन्दर्य का सहारा अवश्य लेना पड़ेगा। भाषा के लिए वह सौन्दर्य अवांछनीय हो सकता है जिसे हम Ornament कहते हैं किन्तु वह सौन्दर्य जिसे elegance कहते हैं किसी न किसी अंश तक अनिवार्य है।

मानव के वैयक्तिक और सामाजिक जीवन से साहित्य का निकटतम सम्बन्ध है। जीवन के तथ्यों का प्रकाशन तथा प्रदर्शन साहित्य में होता है, और साथ ही साथ जीवन साहित्य से निरन्तर प्रभावित भी होता रहता है। परंतु यह मान लेना कि साहित्य जीवन का कोरा अनुकरण है अथवा पग पग पर उसका अनुसरण करता है भ्रम मात्र है। साहित्य जीवन को एक नए रूप में प्रस्तुत करता है जिससे न हम को केवल आनन्द प्राप्त होता है वरन् हम जीवन की सतह से नीचे उसकी गहराई तक पहुँचने में समर्थ होते हैं। साहित्य की भाषा जनता की भाषा के निकट होते हुए भी उससे भिन्न है क्यों कि जिस गति, लय और सौन्दर्य्य का समावेश उसके लिए परमावश्यक है, वह हमें जनसाधारण की बोलचाल की भाषा में नहीं मिलती। साहित्य जीवन से मिला हुआ भी है और उससे पृथक भी।

'उलझन'

श्री नन्दकिशोर सिंह

केवल कंटक मग से गुजरा,
सुमनों को मैं क्या पहचानूं।
हूँ अन्धकार से घिरा हुआ,
जलते दीपक को क्या जानूं॥

अब तक जीवन में तो हमने,
कटुता पाई, पशुता देखी।
व्रण को आँसू से धो दोगे,
यह सत्य कथन कैसे मानूं। केवल०॥

उपहास, ग्लानि, नैराश्य, शोक—
से मुखरित नीरवता कैसी।
पर-हित अर्पित सब कुछ करना,
यह भाव कहाँ कैसे पालूं। केवल०॥

अपने पन का घेरा चहुँ दिसि,
उसके बाहर परकीय छुद्र।
मैं सोच न पाता हूँ आगे,
करमों को निज क्यों कर डालूं॥ केवल०॥

"अबे ! तेरी मौत आ गई"

श्री अमरनाथ टंडन

(अगर कभी आप बनारस आवें तथा दस, सवादस और साढ़ेदस वाली 'बस' से विश्वविद्यालय जाने के लिये गुदौलिया पर इंतजार करें तो आप सुनेंगे, अवश्य सुनेंगे ये शब्द : 'अबे तेरी मौत आ गई')

वह एक रिक्शेवाला था जिसके नेत्रों से जीवन की खुमारी नष्ट हो चुकी थी। वह अब एक जानवर-सा था ; एक मनुष्य-कंकाल जो मनुष्यों को ढोने का व्यवसाय करता है। रिक्शा उसकी जीविका का साधन है, क्रमशः आलिंगन करती मौत उसकी जिन्दगी......। दूर कहीं काम से जाना था सोंचा 'बस' से चला जाऊँगा। पैसा भी कम लगेगा और समय भी बच जायगा। मैं पास के रिक्शा स्टैंड, बस स्टापेज पर खड़ा इंतजार कर रहा था। रिक्शेवाले चिल्ला रहे थे,--"सोनारपुरा बाबूजी, सोनारपुरा–अस्सी एक सवारी, आइये बाबूजी ! अगर 'बस' से पहिले न पहुँचा दूँ तो कहियेगा। खूब तेज चलूंगा।" और मैं उन्हीं में खोया था, मेरे इस खो जाने में भी कोई विचार न था। कुछ शून्यता, भारीपन एक अनजाना स्वप्न लिये मैं खड़ा "बस" का इंतजार कर रहा था। काफी हो-हल्ला था, सब के पास अपने भाव थे, अपने विचार थे और वे उनमें उलझे हुये थे। कुछ उन उलझनों को संभाषण से सुलझा रहे थे, कुछ शांत खोये-से खड़े थे पर कुछ ऐसे भी थे जो स्वतंत्र प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे। वे अपनी रोजी, अपने से लड़ रहे थे, चाह रहे थे अधिक से सवारी प्राप्त कर लेना ताकि अधिक फेरा लगा लें।

'बस' आगई। उसकी आकृति स्पष्ट होते ही सरल-सुविधावाली जगह प्राप्त करने के लिए सब उसकी तरफ दौड़ से पड़े। रिक्शेवाले जो उसके रास्ते में थे, उधर से अपना रिक्शा मोड़ चले। इसी वक्त एक रिक्शावाला जो काफी देर से सवारी के लिए चिल्ला रहा था अपने साथी की तरफ चिल्लाया—"अबे ! तेरी मौत आ गई।"

एक क्षण के लिये मैं सब कुछ भूल गया। 'बस' भूल गया, अपने जाने का उद्देश्य भूल गया, वहाँ का वातावरण भूल गया। मन में गरज-गरज कर कह रहा था, उन शब्दों के हथौड़े की चोट मुझे सुना रही थी—"अबे। • तेरी मौत आ गई"। मुझे धक्का सा लगा मन में थोड़ी सी हिचकिचाहट हो तो उसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। मैंने खड़े हो 'बस' का इंतजार किया था, समय और पैसों की बचत होती पर मै हिचकिचाया नहीं, तुरन्त 'बस' छोड़ उसके रिक्शे पर जा बैठा। रिक्शेवाले के चेहरे पर मैंने आश्चर्य की जगह पिपासा, भूख और मृत्यु झांकती सी देखी। मैंने महसूस किया कि उसका जीवन अनियंत्रित ज्वालाओं के कारण धीरे-धीरे एक विस्फोट के लिये तैयार होता जा रहा है। उसके अंग-प्रत्यंग से कुछ विद्रोह की आवाज सुनाई पड़ी पर मैंने पुनः महसूस किया कि आँखों से जीवन-ज्योति खत्म हो चुकी है। वह सिर्फ एक तृष्णा, मृत्यु और संघर्ष का प्रतीक है।

उसका पैर पैंडिल के साथ नाच रहा था और रिक्शा भागा जा रहा था। अभी-अभी 'बस' अपने पेट में आदमी और लड़के, युवा, बुड्ढे और स्त्रियों को लिए भाग गई। उसकी दोनों सामने की आँखों से ज्वाला निकल रही थी जो सड़क पर बिछल रही थी। उसे देख पाँच शब्द पुनः उभर आए और मैं बुदबुदाया—'अबे ! तेरी मौत आ गई।'

धीरे धीरे मुझे प्रतीत होने लगा कि 'बस' नामधारी यह महायान एक शैतान है—बहुत बड़ा शैतान ! लौह-खंड से ही उसका शरीर रचा गया है, अमानुषिक शक्ति के साथ वह दौड़ता है, उसके नेत्रों से ज्वाला निकल रही है जो अपने प्रकाश में सब को जलाती, आँखों को चकाचौंध उत्पन्न कराती है। उसके चार गोल पहियों में किशोर और बालकों का खून चुहचुहा रहा है, उसके दाँतों में गरीबों तथा दरिद्रों का नीला खून चमक रहा है। जमकर उसके पेट में कंकाल अवशेष मानव का शेष जमा होता जा रहा है। उसी वक्त मेरी नजर उसके उदर पर पड़ी। देखता हूँ कि एक प्रतीक जो देखने में मानव के शरीर ढाँचे-सा लगता है, बैठा है। उसके शरीर पर मुलायम रोयों का कोट है, हाथ में हीरे की अंगूठी है, कलाई में सोने की घड़ी है, आँखों में सुनहली कमानी का चश्मा है, सिर पर हैट है, गले में टाई है—पर पेट जरूर फूला है शायद बदहज़मी का रोग भी है। सभी विलासिता के चिन्ह मात्र और कुछ नहीं। उसके आगे देखता हूँ कि वह लौह-शैतान गरीबों और श्रमिकों के अन्त में, भोजन और वस्त्र में हिस्सा बँटा लेता है तथा अपने उस हिस्से को भी लाकर उस महाप्रभू के चरण पर रख देता है। वह प्रतीक बदहज़मी की शिकायत होने पर भी उस हिस्से को निगले जा रहा है। जब उसके कानों में उन भूखे, नंगों की, जिनके बहुत जरा से हिस्से से यह लौह-शैतान बहुत बड़ा भाग नोच लाया था, चित्कार सुन पड़ती कि 'अबे ! तेरी मौत आगई' तो वह खुशी से मुस्कुरा उठता है और अपने सूखे ओठों पर अपनी मोटी जिह्वा फेरने लगता है। उसका यह लौह शैतान-नौकर समझ जाता है और किसी किशोर, बाल या किसी और के जीवन को अपने विशाल पैरों से कुचल देता है। उसके लोहू को पीकर वह महाप्रभू उन्मत्त हो उठता है और उसका यह लौह-शैतान-नौकर उन अध-भूखे लोगों के हिस्से में भी अपना हिस्सा लगाने के लिए दौड़ने लगता है।

इधर दूसरी और देखता हूँ तो यह गरीब अपने मुर्दा जीवन को जिला रखने के लिये संघर्ष करता जा रहा है। वह कह रहा है—"आइय बाबू ! अगर उस लौह शैतानवाले नौकर से जल्द ही न पहुँचा दूँ तो कहियेगा।" उसे यह ख्याल नहीं कि इस प्रकार उसका हृदय कमजोर हो टूट जाएगा। उसे याद है, सिर्फ इतना याद है, कि रिक्शे के मालिक को इतना देना है, घर पर पत्नी या छोटा बच्चा बीमार है, दवाई के लिये पैसा चाहिए और महीने के लिये राशन भी। वह सोच रहा है कि अगर चार फेरा भी लगा लूं तो हो सकता है। वह संघर्ष में डूब चुका है। उसके भीतर युद्ध हो रहा है, बाहर युद्ध हो रहा है और वह उसमें खो चुका है। उसे सिर्फ याद है—चार चक्कर अगर और हो जायें ! उसे और कुछ भी याद नहीं है, वह खो चुका है और लड़ रहा है, चिल्ला रहा है, और सोच रहा है।

इतने में यह शैतान अपने महाप्रभु का स्वार्थ लिये आता है और उसके जीवन को, उसके भोजन को, उसकी कल्पना को लेकर गायब हो जाता है। वह सोचता है कि शैतान के विशाल

पैर, विकराल दंतमाला, स्वार्थ और प्रलोभन के साथ आ रहे हैं। वह, उसका जीवन, उसका स्वार्थ सब दब कर, पिसकर नष्ट होता जा रहा है और वह चित्कार उठता है--'अबे ! तेरी मौत आ गई।'

इसी वक्त वह रिक्शेवाला मुझे झकझोर कर जगाता है--"अरे बाबू ! सो गए क्या?" दृष्टि खुलती है तो देखता हूँ कि अपने स्थान को आ गया हूँ। सामने शायद अभी अभी आकर 'बस' खड़ी हुई थी क्यों कि उसके भीतर से लोग उतर रहे थे। रिक्शेवाले की ओर देखता हूँ तो पाता हूँ कि वह दबी हुई बड़ी-बड़ी लम्बी साँस ले रहा है, उसके झाँवर माथे पर बड़ी-बड़ी पसीने की बूंदें उभर उठी हैं और वह खड़ा सोच रहा होगा तीन चक्कर और तब........। मैंने पैसे दे दिए। वह चक्कर के फेर में चला भी गया। बस भी चली गई पर मैं न तो उस वाक्य, सच्ची स्थिति का प्रतिनिधि, को ही भूल सका--'अबे ! तेरी मौत आ गई' और न इस अन्तर को। इस प्रकार के जीवन के लिये मनुष्य को क्या अधिकार है ? साधारण जीवन में इस कालरूपी शैतान और उसके महाप्रभु के शासन का क्या अधिकार है ? क्या वे तोड़कर फेंक देने योग्य नहीं ? क्या उनके प्रति विद्रोह धर्म न होगा ? सिर्फ इतना मान लेने से कि यह सब हो रहा है क्यों कि होता रहा है और ऐसी व्यवस्था है, सब प्रश्नों का हल नहीं हो सकता, न तो इस चक्कर की समस्या, यह मौत का भय। इसे नष्ट होना होगा और उसे तोड़ने के लिये हमें जरूर लड़ना होगा। इस यंत्र-शैतान तथा उसके महाप्रभु के लिये, 'तेरी मौत आ गई' के प्रति, हमें लड़ना होगा, मरना होगा, जीवन और साधारण जीवन तक.........।

वैदिक मंत्र जैसे थे वैसे ही आज भी हैं

श्री पृथ्वीनाथ द्विवेदी

(वैदिक मंत्र पूर्ववत् ही हैं। संहिताकाल में थोड़ासा परिवर्त्तन और परिवर्द्धन के लक्षण अवश्य दीख पड़ते हैं पर उसके बाद मंत्र ऐसे कठोर नियमों के शिकंजे में जकड़ दिए गए जिनके कारण किसी भी प्रकार के परिवर्त्तन की गुंजाइश ही नहीं रह गई। ये नियम क्रमशः उत्तरोत्तर कठोर होते गए और होते होते आज इस दशा को पहुंचे नजर आते हैं जिसको देख तथा वस्तुतः वैसे ही रूप क्रमशः वेद पर लिखे गए ग्रंथों में पाकर इस निष्कर्ष पर पहुंचना पड़ता है कि मंत्र जैसे रचनाकाल में थे, वैसे ही आज भी हैं।)

वैदिक संहिताएं आज प्रायः चार हजार वर्षों से बिना किञ्चित् परिवर्त्तन के ज्यों की त्यों चली आ रही हैं। यद्यपि हस्तलेख या पुस्तक प्रकाशन की चाल इस देश में नहीं थी तथापि वे केवल स्मरण द्वारा शुद्धता और यथार्थता के साथ आजतक चली आई हैं।[1] बहुतकाल से यहां धार्मिक विषयों को कंठस्थ करने की चाल चली आती थी और इसी प्रकार एक के बाद दूसरी पीढ़ी के लोगों को वे विषय प्राप्त होते थे। यह आर्यों का एक प्रधान कर्त्तव्य था जैसे कि महामात्य के वचन से मालूम होता है—'ब्राह्मणेन निष्कारणोधर्मःषडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च।' (महा० पृ० ७-८)

प्राचीनकाल में सुशिक्षित आर्यों को समग्र ऋग्वेद का ज्ञान यथोचित रूप से करना पड़ता था। सामवेद और यजुर्वेद भी जो ऋग्वेद का संस्करण मात्र है बिना किसी फेर बदल के आजतक विद्यमान है। कारण यह है कि संहिताओं के सच्चे रूप के संरक्षण का सदा प्रबल प्रयत्न होता रहा है।

जान पड़ता है ऐतरेय ब्राह्मण के प्राचीन भागों के रचना के अनन्तर ही ऋग्वेद संहिता रूप को प्राप्त हुआ है। ब्राह्मणों में स्वर तथा शब्दांश की संख्या का जो उल्लेख है उससे यही विदित होता है कि प्राचीन मूल ग्रंथ में संधि के नियम नहीं थे। प्रत्येक शब्द अथवा शब्दांश को उसी रूप में रखने की रीति थी पर यह बात संहिताकाल में बदली हुई पाई जाती है क्यों कि संहिता में संधि का स्वरूप स्पष्ट है जैसे—पहले के पाठ में "तु–अम्हि–अग्ने" मिलता है किन्तु बाद की संहिता में "त्व ह्यग्ने" ऐसा रूप पाया जाता है। पाणिनि के "परः संनिकर्षः संहिता"

[1] यह प्रश्न विवादास्पद है कि भारत में वेदकाल में लिखने की चाल थी अथवा नहीं ? प्रोफेसर विल्सन और हीरन के अनुसार भारत में वर्णमाला लिखने की रीति अत्यन्त प्राचीनकाल से थी। कलकत्ता विश्वविद्यालय के भूतपूर्व अध्यापक पं० सकलनारायण पाण्डेय ने "उतत्वः पश्यन् न ददर्श" इत्यादि (ऋ० अष्टक) के इस मंत्र में के पश्यन् शब्द के आधार पर यह सिद्ध किया है कि संहिताकाल में लिखने की प्रथा थी अन्यथा जो वाणी सुनने की वस्तु है उसे देखने के कहने का क्या तात्पर्य होगा।

को देख इस निष्कर्ष पर पहुचना पड़ता है कि निस्संदेह संहिताएं संधि के फलस्वरूप हैं। यह बात इससे भी सिद्ध है कि स्वर संवंधी प्रयोग के कारण किसी पंक्ति में भान्ताभङ्ग तथा वाक्यांश की न्यूनता भी पाई जाती है।[१] अतः वैदिककाल को दो श्रेणियों में विभक्त कर सकते हैं। एक तो यजुर्वेद और सामवेद संहिताओं के रचना का काल और दूसरा ऋग्वेद संहिता का। शतपथ ब्राह्मण कहता है कि यजुर्वेद के मूल में परिवर्त्तन करना संभव है पर ऋग्वेद संहिता के एक वाक्यांश में भी हेर फेर करना संभव नहीं। तैत्तरीय संहिता ने भी साम औ यजुट् के ऊपेक्षा ऋग्वेद संहिता के प्रति अधिक आस्था दिखलाई है[२]। संहिता के व्याकरण संबंधी रूप और नियम के विषय में अरण्यक और उपनिषदों में उल्लेख पाया जाता है। इससे यही प्रामाणित होता है कि ऋग्वेद संहिता ने शतपथ ब्राह्मण आरण्यक और उपनिषद् इन सबों के पूर्व और ऐतरेय ब्राह्मण के प्राचीन भागों के पश्चात् अपना कठोर और दुर्गम रूप धारण किया है। पुनः इसी रूप के पूर्वशिक्षा के निमित्त जैसा कि पहले कहा जा चुका है कई अन्य ग्रंथों के निर्माण की आवश्यकता हुई जिनका उल्लेख क्रमशः किया जाता है।

प्राचीन समय में, जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, संहितायें कंठस्थ की जाती रहीं और मौखिक रीति से गुरु से शिष्य को प्राप्त होती रहीं। (आज भी इस प्रकार की शिक्षाएं दी जाती है) पर जब ये लोग अपने अपने पूर्व घरों को छोड़ छोड़ देश के अन्यान्य भागों में जा बसे ऐसी हालत में मुरु शिष्य के दूर पड़ जाने के कारण उच्चारण में भेद पड़ने लगा पर तौभी मूल ग्रंथ ज्यों का त्यों ही रहा। इसी उच्चारण भेद से शाखाओं कि उत्पति हुई। पतंजलि ने अपने भास्य में ऋग्वेद के इक्कीश शाखाओं की चर्चा की है।

इसी प्रकार जब ब्राह्मण साहित्य की वृद्धि काफी हो गई तो उनको अक्षय और स्थायी रखने की चिन्ता सवार हुई जिसके परिणाम स्वरूप ग्रंथो की रचना हुई।

वेदों का समुचित रूप से पाठ, सम्यक प्रकार से उनके ज्ञान प्राप्ति तथा किसी भी प्रकार का वर्त्तमान साहित्य में न्युनाधिक न होने पावे, एतदर्थ ज्ञान की कई शाखाओं की उत्पत्ति हुई जो वेद के षडङ्गो के नाम से पुकारे जाते हैं। ये हैं :—(१) शिक्षा, (२) कल्प, (३) व्याकरण, (४) निरुक्त (५) छंद और (६) ज्योतिष।

(१) शिक्षा :—इसमें ६ अध्याय हैं, जिनमें अक्षर (स्वर-व्यंजन) उच्चास चिन्ह (उदान्त, अनुदात्त, स्वरित) मात्रा (लघु, दीर्घ आदि) संधि और उच्चारण के दोषों से वचने के उपाय हैं।

---

[१] गायत्री मंत्र जो २४ अक्षर का गायत्री छंद उसमें एक अक्षर की कमी पड़ती है उसे 'इत्यादिपूरण:' इस सूत्र के बल से 'वरेव्यं' के स्थान बरेणियं इस प्रकार करके २४ अक्षर की पूर्त्ति यह इसका उदाहरण हुआ। अदि पद से 'उव' लिया जाता है इसका उदाहरण है 'दिवं गच्छ स्वः पत' यहां 'सुवः पत' करके छंद पूर्ति किया जाता है।

[२] 'यत् वै यज्ञस्य साम्ना यजुषा क्रियते शिथिलं तद्, यद् ऋचा तद् दृढमिति।' (तै० सं० ६।५।१०।३)

(२) कल्प :—भिन्न भिन्न संहिताओं में विशेष विशेष विधियों के लिए जो सोत्र पाए जाते हैं उनका संग्रह है।

(३) व्यकारण :—षडङ्गों में व्याकरण का महत्वपूर्ण स्थान है; इसको वेदों की मुख सज्ञा प्राप्त हुई है।[१] सचमुच ही इस अंग ने वेद की रक्षा में महत्वपूर्ण हाथ बटाया है। वररूचि ने व्याकरण का प्रयोजन और प्रयोजनों के साथ वेद की रक्षा भी बताया है—"रक्षोहाग मलध्वसंदेहाः प्रयोजनम्।" पतञ्जलि ने महाभाष्य के पस्पशाह्निक में वेदों की रक्षा के लिए व्याकरण शास्त्र का अध्ययन करना चाहिए ऐसा बताया है।[२] उनका इस विषय में कहना यह है कि लोप, आगम और वर्णविकार का जाननेवाला ही समुचित रीति से वेदों की रक्षा कर सकता है। उन्होने अपने कथन के समर्थन में "स्थूलपृषतोभाग्निवारुणीमनड्वाहीमालभेत" इस वाक्य को कहकर यह बताया है कि अच्छी तरह व्याकरण न जाननेवाला व्यक्ति नहीं समझ सकता कि "स्थूलानि पृषन्ती यस्मा सा स्थूल पृषतो" इस प्रकार से समास द्वारा अर्थ आएगा अथवा 'स्थूला चासौ पृषती' इस प्रकार से अर्थ आएगा। पर सम्यक् रूपेण व्याकरण शास्त्र का जाननेवाला इस प्रकार असमंजस में पड़कर गलती नहीं कर सकता क्योंकि वह जानता है कि समास में अन्तोदान्त होने पर कर्मधारय और पूर्वपद प्रकृति स्वर होने पर बहुव्रीहि समास होता है। स्वरों का जरा भी इधर उधर होने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। कहा भी है—

'दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधति ॥' [पाणिनी शि० ५२]

(४) निरुक्त :—वैदिक शब्दोंके निघण्टु की जो व्याख्या यास्कमुनि ने की है उसे निरुक्त कहते हैं। सायणाचार्य के अनुसार जिसमें एक शब्द के कई अर्थ या पर्याय कहे गए हैं उसे निरुक्त कहते हैं।[३] काशिकावृत्ति के अनुसार निरुक्त पांच प्रकार के होते हैं—१–वर्णागम २–वर्णविपर्यय, ३–वर्ण विकार, ४–नाश (अक्षरों को छोड़ना) और ५–धातु के अर्थ को बतलाना। निरुक्त के बारह अध्याय हैं। प्रथम में व्याकरण और शब्दशास्त्र पर सूक्ष्म विवेचन है। शब्दशास्त्र पर दो मत प्रचलित थे इसका पता यास्क के निरुक्त से चलता है। पहला, सब शब्द धातुज हैं; दूसरा, अनेक सब धातुज हैं पर सब नहीं। यास्क प्रथम मत

---

[१] छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौकल्पोऽथ पठयते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोतमुच्यते।
शिक्षाघ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते"
(पा० शि० ४१–४२)

[२] रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम्।

[३] 'अर्थावबोधे निरपेक्षतया पदजातं यत्रोक्तं तन्निरुक्तम्'।
(ऋग्वेद भास्यभूमिका पृ० ५५)

के समर्थक हैं। दूसरे और तीसरे अध्याय में तीन निघण्टुओं के शब्द प्रायः व्याख्या सहित हैं। चौथे से छठें अध्याय तक चौथे निघण्टु की व्याख्या है। सातवें से बारहवें तक पांचवें निघण्टु के वैदिक देवताओं की व्याख्या है।

(५) छन्दः—वेदों के वाक्यों का वह भेद जो अक्षरों की गणना के अनुसार किया गया हैं छंद कहलाते हैं। इनके मुख्य सात भेद हैं:—१–गायत्री, २–उष्णिक्, ३–अनुष्टुप, ४–वृहती, ५–पंक्ति, ६–त्रिष्टुप और ७वां जगती।

(६) ज्योतिष :—इसके भीतर अन्तरिक्ष में स्थित ग्रहों की दूरी, और नक्षत्रों के संबंध तथा यज्ञ आदि के मुहूर्त्तों का वर्णन आया है। यह शास्त्र यज्ञ की तिथि निश्चित करने में सहायक होता है।

ऊपर वेद के षडङ्गों के बारे में थोड़ा दिग्दर्शन कराया गया है जिससे यह साफ पता चलता है कि शिक्षा, कल्प और व्याकरण के रहते वैदिक मंत्रों में जरा भी हेरफेर नहीं किया जा सकता। अब थोड़ा प्रातिशाख्य के ऊपर प्रकाश डाला जा रहा है जिसके रहते वैदिक मंत्रों में परिवर्तन करना मणि हारे सर्प के साथ खेल करना ही है।

प्रातिशाख्य—प्रातिशाख्य व्याकरण विषयक पुस्तक है जिसमें वैदिक शाखा के शब्दों मे जो स्वरसम्बंधी परिवर्तन होते ह उनके नियमों का उल्लेख है। उच्चारण, अनुप्रास आदि विषय भी इसमें वर्णित हैं। अनुक्रमणी प्रत्येक ग्रंथकार, देवता, शब्दांश संख्या और प्रति मंत्र के छंद का नाम आदि वर्णन है। इसकी रचना महर्षि कात्यायन द्वारा हुई थी।

जिसमें संहिताएं ज्यों की त्यों रहें—शब्दांश मात्र का भी उनमें हेरफेर न होने पावे एतदर्थ भी कुछ ग्रथों के निर्माण की आवश्यकता हुई फलतः पदपाठ, क्रमपाठ, जटापाठ और घनपाठ आदि पुस्तकों के प्रणयन की आवश्यकता हुई।

पादपाठ—इसे ऋग्वेद संहिता का पदच्छेदन कहना चाहिए। इसमें संहिता का प्रत्येक शब्द पृथक् पृर्थक् अपने स्वतंत्ररूप में उल्लिखित है। यदि प्रति शब्द के स्थान एक एक अङ्क मान लिया जाय तो लेख का क्रम— १, २, ३, ४, ऐसा होगा।

क्रमपाठ—यह बहुत ही प्राचीन पुस्तक है। इसमें पदपाठ के प्रत्येक शब्द को दो बार लिखने की परिपाटी है जो अङ्क द्वारा दिखाई जा रही है—१, २, २, ३, ३, ४, ४, ५, ५, आदि।

जटापाठ—इसमें क्रम के पाठ के प्रत्येक क्रम को तीन बार लिखने तथा दूसरे बार उलट कर रखने की रीति ग्रहण की गई है। १,२,२,१,१,२,२,३,३,२,२,३,३, आदि।

घनपाठ—यह जटापाठ के प्रथम दो क्रमों को रखने के अलावे तीन शब्दों को एक साथ लिखने और बीचवाले को उलट देने की कठिन विधि का व्यवहार किया गया है। जैसे—१, २, २, १, १, २, ३, ३, २, १, १, २, ३, २, ३, ३, २, २, ३, ४, ४, ३, २, २, ३ ४ इत्यादि।

ऊपर वताई हुई बातों के अलावे कुछ और ऐसी बातें दी जाती हैं जिनके द्वारा वेद मंत्रों में कोई भी परिवर्तन नहीं हो पाया है यह बात प्रामाणित होगी :—

१—सायण के ऋग्वेद भाष्य भूमिका में महर्षि जैमिनी के सूत्रों द्वारा यह बताया गया है कि मंत्र को जरा भी इधर उधर नहीं कर सकते हैं। उदाहरणार्थं 'अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुद्' (ऋग्वेद ८।४४।१६) यहां 'अग्निर्मूर्द्धा' के स्थान पर अर्थ में कोई भी परिवर्तन न रहते हुए भी 'मूर्द्धाग्नि' ऐसा नहीं कर सकते हैं।

२—मंत्र और ब्राह्मण स्वरूप वेदों में जरा भी परिवर्तन कर देने से उनकी अपौरुषेयता नष्ट हो जाएगी। साम्प्रादायिकों का विश्वास है कि वेद अपौरुषेय है। इस बात को सायणाचार्य ने ऋग्वेद भाष्य भूमिका में सविस्तार और साथ ही सप्रमाण सिद्ध किया है।

३—शिक्षा के अनुसार वेदों के वाक्य में क्या स्वरों में जरा भी इधर-उधर होने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है।[1]

उपरोक्त प्रमाणों के द्वारा यह सिद्ध होता है कि मंत्र और ब्राह्मणों भागों के तैयार हो जाने के बाद से लेकर अब तक वेद में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है वे जैसे के तैसे ही हैं। ऋग्वेद के दशवें मण्डल की रचना पीछे की है ऐसा कुछ विद्वानों की राय है। इस संबंध में उनका कहना है कि (१) प्राचीन कथाओं के स्थान पर कितनी ही नवीन कथाओं का समावेश; (२) श्रद्धा मन्यु आदि मनः कल्पित देवताओं का समावेश; (३) विश्वेदेवा आदि का वर्णन; (४) विश्वोत्पत्ति विषयक स्तोत्र और दार्शनिक विषयों का स्थान पाया जाना; (५) शब्दों के प्राचीन रूपों का क्रमशः लोप तथा पश्चात् के प्रयोगों का पाया जाना; (६) पीछे के संस्कृत में पाए जाने वाले छंदों का प्रयोग का देख पड़ना; इत्यादि बातों को देखकर मालूम होता है कि ऋग्वेद का दशवां मण्डल पीछे का जोड़ा हुआ है।

चाहे जो हो वेद की रचना समाप्त हो जाने के बाद उनमें कोई परिवर्तन और परिवर्द्धन नहीं हुआ। जिनमें कुछ परिवर्तन हुआ है वे वेद न रहकर लौकिक संस्कृत साहित्य की चीज हो गए हैं उनमें वेद इस शब्द का व्यवहार ही नहीं होता जैसे साख्यक्वतत्वकौमुदी के आरंभ में वाचस्पति मिश्र द्वारा 'अजामेकां' इस मंत्र का बदल दिया जाना। अलमति विरत्तरेण श्री गुरुचरणारविन्देषु।

—————

[1] "मंत्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा।" आदि (पा० शि० ५२)

MESSAGES RECEIVED ON THE OCCASION OF THE GOLDEN JUBILEE OF THE CENTRAL HINDU COLLEGE.

His Highness Maharaja Scindia of Gwalior, Chancellor of the Banaras Hindu University :

"Many thanks for your letter, dated the 5th November, 1952 which I received just today at Delhi. Had I received the invitation a little earlier, it would indeed have given me great pleasure to participate in the Golden Jubilee celebrations of the Central Hindu College. I am very sorry that it will not be possible for me now to run down to Banaras to attend this function. I hope you will kindly appreciate my difficulties.

I wish the function all success and the institution a still more glorious future".

RAJ BHAVAN,
गिंडीं
ता० २ नवम्बर १९५२.

श्री आचार्य जी,

अपनी पुरानी पाठशाला और विद्यालय की स्वर्ण-जयन्ती के भावी उत्सव का समाचार पाकर हृदय को बड़ा संतोष और आनन्द हुआ। आपने मुझे इस अवसर पर स्मरण किया और उसमे सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया, अेतदर्थ मैं हृदय से अनुग्रहीत हूँ। मुझे इस बात का खेद है कि यहाँ पर उन्हीं दिनों में बहुत-से अन्य आवश्यक राजकीय कार्यों में मुझे लगा रहना होगा। इस कारण मै न आ सकूंगा। क्षमा कीजियेगा। यदि आ सकता तो मुझे विशेष हर्ष होता और मुझे इसका विशेष दुख है—और रहेगा—कि मै इसमे योगदान न कर सका। मैं यही आशा करता हूँ कि यह शुभ कार्य सुख और सफलता के साथ संपन्न होगा।

इस पाठशाला और विद्यालय का मेरे कुल से कितना संबंध रहा है, यह सभी मित्रों को विदित है। साथ ही मैं स्वयं इसके प्रति कितना कृतज्ञ हूँ, उसे शब्दों मे व्यक्त करना मेरे लिये संभव नहीं है। आज मैं अपने कितने ही गुरुजनों और साथियों का सस्नेह और सादर स्मरण करता हूँ, और यही इच्छा रखता हूँ कि फिर वे दिन मेरे लिये आ सकते, जब प्रेम के वातावरण मे मैं जीवन व्यतीत करता था, और शरीर और मस्तिष्क को सुदृढ़ और सुसंस्कृत करने के प्रयत्न मं उत्साहित किया जाता था। श्रीमती एनी बीसेंट, डाक्टर रिचर्डसन, मिस्टर अरंडेल अैसे तथाकथित विदेशियों ने आकर हमारे धर्म और हमारी परंपरा को जागृत करने में कितना प्रयत्न और परिश्रम किया वह मैं जानता हूँ। हम उनेक विद्यार्थी सदा उनेक ऋणी रहेंगे। पर

साथ ही हमारे देश और समाज को भी उनके उपकार को मानना चाहिये। जो हमारे ही देशवासी गुरुजनों ने उनका साथ दिया, वे भी हमारी कृतज्ञता के पात्र हैं। उनमें से अबतो मेरे पिता के अतिरिक्त संभवतः श्री ज्ञानेन्द्रनाथ वसु ही जीवित हैं। जब स्मरण करता हूँ कि इन लोगों ने कितनी प्रतिकूल परिस्थिति में काम किया और किस तरह दिन-रात इस काम में वे लगे रहे, तो मैं स्तंभित हो जाता हूँ। आज के लोग उनके कार्य को संभवतः पर्याप्त महत्व न दें पर उन्होंने ही हमारे सच्चे स्वराज्य का शिलान्यास किया था, और हमें जागृत कर और पुराने आदर्श की तरफ अर्कषित कर, अपने पूर्व पुरुषों में गर्व करना सिखलाया तथा भावी भारत के निर्माण के लिये स्फूर्ति और साहस प्रदान किया।

सेंट्रल हिन्दू स्कूल और कालेज की स्थापना बड़े कठिन समय हुई थी। उसके आदर्श बड़े उच्च थे। सामाजिक सुधार, राजनीतिक सुधार और धार्मिक सुधार सभी की तरफ उसकी प्रवृत्ति थी और अदृष्ट रूप से उसका प्रभाव था कि हम विद्यार्थियों के ऊपर एक विशेष प्रकार की छाप पड़ती थी जिससे कि संसार में उनके व्यवहार से यह जाना जा सकता था कि वे यहाँ के पढ़े हुये हैं। मैं जब उन दिनों का विचार करता हूँ तो एक बात विशेष रूप से स्मरण आती है कि हमको यहाँ आचार और प्रचार—दोनों ही प्रकार से—शिक्षा दी जाती थी कि हम दूसरों की सहायता करने के लिए सदा तत्पर रहें, और समुचित विनय के साथ अपना आत्म-सम्मान स्थापित रखें, और पूर्ण रूप से आत्मावलंबन का सद्भाव अपने में लावें। इस सब आध्यात्मिक दीक्षा के साथ साथ अपने शरीर को बलवान रखने के लिये, अपनी समुचित रुप से रक्षा कर सकने का सामर्थ्य प्राप्त करने के लिये, हमें पूर्विय और पाश्चात्य दोनो ही प्रकार के व्यायाम की आवश्यकता और उपयोगिता सक्रिय रूप में बतलायी जाती थी। शिक्षक और विद्यार्थी का परस्पर स्नेहपूर्ण संपर्क भी रखा जाता था और इसके द्वारा जो एक दूसरे के प्रति विश्वास उत्पन्न होता था, उसमें सब का ही लाभ लगातार होता था। मैं यही आशा कर सकता हूँ कि जिन उद्देश्यों से आज ५० वर्ष से अधिक हुये, यह संस्था स्थापित की गयी थी, उनकी पूर्ति यहाँ के विद्यार्थीगण अपने जीवन के प्रकार और अपने व्यवहार की शैली में करते रहेंगे। मैं जानता हूँ कि उस समय की और आज की स्थिति में बहुत अंतर हो गया है। काल की गति में यह अनिवार्य था, तथापि मेरी यही आकांक्षा और अभिलाष है कि जिन महान व्यक्तियों ने इस विद्यालय के रूप में अपने स्वप्न को कार्यान्वित किया, उन्हें हम सदा स्मरण रखेंगे और उनेक बतलाये हुये मार्ग पर चलते रहेंगे। स्वतंत्र भारत में उन पुरानी भावनाओं की उतनी ही आवश्यकता है यदि हमें अपनी स्वतंत्रता को स्थायी और दृढ़ बनानी है, जितनी की उस समय थी, जब यह विद्यालय स्थापित किया गया था और चारों तरफ फैले हुये अंधकार में यह आशा और जीवन देनेवाली ज्योति की मूर्ति में होकर हठात् हमारे सामने आया था।

श्री प्रकाश

Please accept my heartfelt felicitations and good wishes on the occasion of Golden Jubilee.

GOVERNOR,
Orissa.

RAJ BHAVAN,
Simla,
November 10, 1952.

Dear Dr. Tripathi,

I write to thank you for your invitation to me to attend the Golden Jubilee Celebrations of the Central Hindu College, Banaras. I regret my inability to attend, but send my very best wishes for the success of the celebrations. May the college grow from strength to strength.

Yours sincerely,
C. L. TRIVEDI.

RAJ BHAVAN,
Patna.
November 11, 1952.

Dear Friend,

Your kind invitation. I am glad the Central Hindu College is celebrating its Golden Jubilee. It is one of those institutions which was the pioneer in the matter of a new type of education with Indian culture as the basis.

I wish the celebrations a grand success.

Yours sincerely,
R. R. DIWAKAR.

RAJ BHAVAN,
Nagpur.
12th November, 1952.

Dear Dr. Tripathi,

I am very glad to learn that the Central Hindu College, Banaras, is celebrating its Golden Jubilee on the 15th November, 1952. It is in the fitness of things that Dr. Rajendra Prasad, President of the Republic of India, is associated with the celebrations. Institutions like your College have only a beginning and no end. I am sure the institution will continue to serve the country in the educational sphere in a greater and fuller measure.

Yours sincerely,
B. PATTABHI SITARAMAYYA.

Your letter of 6th November reached only today. Impossible attend celebrations, but I send my best wishes for occasion inspired by our President's presence to revive enthusiasm and lend fresh lustre of vision

of all those who believe or work for the ideals high inspired Malaviyajee and Mrs. Besant. The nation has won freedom but needs more and yet more education to bring light to our masses.

GOVERNOR OF BOMBAY.

Chief Minister of Madras.

FORT ST. GEORGE,
Madras.
November 10, 1952.

On the occasion of the Golden Jubilee of the Central Hindu College, let me also join in the felicitations. Those like me who were old enough to understand and hope, even in those days, can fully realise the joy of this occasion after fifty years.

C. RAJAGOPALACHARI.

Shri Morarji Desai, Chief Minister, Bombay:

"I send my best wishes to the Central Hindu College, Banaras on the occasion of the celebration of its Golden Jubilee. May it grow from strength to strength and may it strive to impart education in accordance with the present needs of our country."

MESSAGES WERE ALSO RECEIVED FROM THE FOLLOWING :—

Sri Patanjali Shastri, Chief Justice of India ; Governor of West Bengal ; H.H. Maharaja Tukojirao Holkar of Indore; H.H. Maharajadhiraj of Patiala; M. Abul Kalam Azad ; Rajkumari Amrit Kaur ; Sardar Swaran Singh ; Sri C. C. Biswas ; Sri G. V. Mavalanker ; Sri A. G. Kher ; S. Gurumukh Nihal Singh ; Sri B. Malik ; Sri Kamala Pati Tripathi ; Sri C. B. Gupta ; Sri Ali Zaheer ; Sri Gridhari Lal ; Sri Rameshwar Agnibhoj ; Sri Badri Nath Varma ; Dr. S. S. Bhatnagar ; Sir C. V. Raman ; Dr. M. N. Saha ; Dr. K. S. Krishnan ; Prof. N. K. Sidhant ; Dr. P. Parija ; Sri S. N. Sen ; Dr. D. R. Bhattacharya ; Dr. R. P. Tripathi ; Sri Acharya Jugul Kishore ; Prof. P. N. Banerjee ; Prof. L. R. Sivasubramanian ; Dr. N. K. Sethi ; Prof. Sri Ranjan ; Sri S. D. Pande ; Rai Bahadur G. M. Modi ; Sri C. L. Goswami ; Sri C. V. Rangaswami Aiyangar ; Dr. U. C. Nag ; Dr. R. C. Mazumdar ; Dr. N. N. Godbole ; Sri P. S. Verma ; Sri R. S. Inamdar ; Sri M. B. Rane ; Dr. B. N. Banerjee ; Dr. D. A. Kulkarni ; Sri A. Adhikari ; Sri Jnanendra Nath Basu ; Sri B. G. Khaparde ; Sri Trilokekar ; Sri J. S. Taraporewala ; Sri K. P. Bhargava ; Sri P. Dutt ; Prof. Nixon ; Srimati Rani Mukerjee ; Miss Lilavati Lalbhai ; Rukmini Devi Arundale ; Sri G. P. Pande.

———